■ वर्ष-23 ■ अंक-150
■ पृष्ठ-8 ■ मूल्य-2.00

दिल्ली (राष्ट्रीय संस्करण)

■ शुक्रवार ■ 17 जुलाई 2026

आषाढ़ शुक्ल पक्ष तृतीया
विक्रम संवत्-2083

E-mail
dainiksamayjagat@gmail.com
insmjagat@gmail.com

प्रधान संपादक : अशोक त्रिपाठी

दैनिक
समय जगत

दिल्ली, भोपाल, म.प्र., उ.प्र. और अन्य राज्यों से एक साथ प्रकाशित

एक संदेश-पूरा देश

देश की राजधानी से प्रकाशित होकर विभिन्न प्रदेशों में प्रसारित

ईश्वर से अधिक मूल्यवान दुनिया में कुछ भी नहीं...

शीर्ष की ओर 'समय जगत'
Facebook
asksamayjagat
Instagram
@asksamayjagat
Twitter
@asksamayjagat
यूट्यूब पर
'खबर समय जगत'
को भी सब्सक्राइब करें
www.dainiksamayjagat.in

विश्व प्रसिद्ध भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का हुआ शुभारंभ

पुरी में सजे महाप्रभु के रथ, राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने दी बधाई

नई दिल्ली। ओडिशा के पुरी में आज से विश्व प्रसिद्ध भगवान जगन्नाथ की सालाना रथ यात्रा का पावन शुभारंभ हो गया है। इस ऐतिहासिक और पवित्र अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश और दुनिया भर के श्रद्धालुओं को हार्दिक बधाई दी है। सुरक्षा बलों के कड़े पहरे और भारी बारिश की संभावनाओं के बीच महाप्रभु जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के तीनों दिव्य रथ पुरी मंदिर के सिंहद्वार पर सजकर तैयार हैं, जहाँ आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए इस ऐतिहासिक उत्सव को भारत की अटूट आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बताया। रथ यात्रा के पवित्र अवसर पर सभी को बधाई। यह भारत की सदाबहार आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत की शानदार अभिव्यक्ति है। रथ यात्रा से जुड़ी परंपराओं ने भारत और दुनिया भर में कई पीढ़ियों को प्रेरित किया है। ये परंपराएं विनम्रता, सामूहिक भागीदारी और निस्वार्थ सेवा का जीवंत प्रतीक हैं। पीएम मोदी ने महाप्रभु से सभी की भलाई और खुशहाली की प्रार्थना करते हुए आगे कहा कि भगवान जगन्नाथ सभी को अच्छा स्वास्थ्य, खुशी और समृद्धि का आशीर्वाद दें, ताकि समाज में एकजुटता की भावना और अधिक मजबूत हो सके।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी इस शुभ अवसर पर भारत और दुनिया भर के भक्तों को बधाई देते हुए इस त्योहार के आध्यात्मिक और सामाजिक महत्व पर प्रकाश डाला। राष्ट्रपति के आधिकारिक हैंडल से साझा किए गए संदेश में कहा कि महाप्रभु की रथ यात्रा के शुभ अवसर पर, मैं देश-विदेश में श्री जगन्नाथ के सभी भक्तों को हार्दिक बधाई देती हूँ। ऐसी मान्यता है कि इस पावन जुलूस के दौरान महाप्रभु श्री जगन्नाथ चक्रराज सुदर्शन, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ स्वयं भक्तों से मिलने के लिए मंदिर से बाहर आते हैं। भक्त और ईश्वर के मिलन का यह भावपूर्ण अवसर वास्तव में अद्वितीय और अलौकिक है। पुरी में भगवान जगन्नाथ का नंदीघोष, बलभद्र का तालध्वज और सुभद्रा का दर्पदलन रथ भक्तों की प्रतीक्षा में तैयार खड़ा है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इन रथों की रस्सियों को खींचने मात्र से मोक्ष की प्राप्ति होती है, जिसे ध्यान में रखते हुए सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

सोने की झाड़ू से पहिंद कर मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने रवाना की भगवान जगन्नाथ की 149वीं रथयात्रा

अहमदाबाद। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने गुरुवार को आषाढ़ी दूज के पावन अवसर पर अहमदाबाद में भगवान जगन्नाथ जी की 149वीं रथयात्रा को प्रस्थान कराने से पूर्व मंदिर परिसर में भगवान जगन्नाथ जी और उनके रथ की पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने लगातार पांचवीं बार भगवान जगन्नाथ जी के रथ की सोने की झाड़ू से सफाई कर पहिंद विधि संपन्न की। इसके बाद मुख्यमंत्री भगवान के मुख्य रथ को नगर यात्रा के लिए मंदिर परिसर से भक्ति-भावपूर्वक बाहर लाने में सहभागी हुए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री हर्ष संघवी भी इस रस्म में भक्ति-भावपूर्वक सहभागी हुए। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने रथयात्रा के इस पर्व पर सभी नागरिकों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इसे अपना सौभाग्य माना कि उन्हें आषाढ़ी दूज के पावन

राज्य की खुशहाली और समृद्धि का मांगा आशीर्वाद

अवसर पर भगवान के दर्शन, आरती और रथयात्रा को प्रस्थान कराने का अवसर मिला। मुख्यमंत्री ने भगवान जगन्नाथ जी की 149वीं रथयात्रा के अवसर पर राज्य के सभी नागरिकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान जगन्नाथ जी आज भाई बलराम और बहन सुभद्रा जी के साथ नगर यात्रा पर निकले हैं। प्रभु आज स्वयं चलकर

श्रमिकों, गरीबों और सभी नागरिकों को आशीर्वाद और दर्शन दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने विश्वासपूर्वक कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत का संकल्प लिया है, इस संकल्प को पूरा करने के लिए गुजरात सबसे आगे रहेगा। पटेल ने कहा कि उन्होंने प्रभु के समक्ष यह प्रार्थना की है कि भगवान जगन्नाथ जी राज्य के सभी नागरिकों को निरंतर सुख और समृद्धि प्रदान करें। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि अहमदाबाद की भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा सांप्रदायिक सद्भाव का प्रतीक बन गई है। उन्होंने इस भव्य रथयात्रा को शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए दिन-रात सेवारत रहने वाले सभी सरकारी विभागों, सेवाभावी संस्थाओं और नागरिकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भगवान जगन्नाथ मंदिर के महंत दिलीपदास जी महाराज, महापौर हितेश बारोट, स्थानीय विधायक अमित शाह, अमित ठाकर, दिनेश कुशवाह, कौशिक जैन, हसमुख पटेल, अमूल भट्ट, कंचन रादड़िया, पुलिस महानिदेशक जी.एस. मलिक, मनपा आयुक्त बंछानिधि पाणी, शहर पुलिस आयुक्त अनुपम सिंह गहलोत सहित अन्य महानुभाव एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भगवान जगन्नाथ को किया नमन

अहमदाबाद। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को आषाढ़ी दूज के उपलक्ष्य में अहमदाबाद में 149वीं रथयात्रा के पावन अवसर पर अहमदाबाद के सुप्रसिद्ध जगन्नाथजी मंदिर में मंगला आरती में सहभागी होकर भक्तिभावपूर्वक दर्शन किए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री हर्ष संघवी भी सहभागी हुए। देशभर के लाखों भक्तों में भगवान जगन्नाथ के प्रति दृढ़ आस्था है। प्रतिवर्ष आषाढ़ी दूज के पावन दिवस पर भगवान जगन्नाथजी, बहन सुभद्राजी तथा भाई बलभद्रजी भक्तों को दर्शन देने के लिए स्वयं चलकर नगर यात्रा पर निकलते हैं।

ऐसे में रथयात्रा से पहले केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जगन्नाथ मंदिर में सपरिवार उपस्थित रहकर मंगला आरती तथा पूजा-अर्चना की। अहमदाबाद शहर ही नहीं, बल्कि समग्र गुजरात के लिए आस्था के प्रतीक समान रथयात्रा के पावन अवसर पर मंदिर के महंत दिलीपदासजी, संत-महंत तथा श्रद्धालु भक्तगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

भारत मंडपम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा

धार जिले के पीएम मित्र पार्क में 90 प्रतिशत भूखंड आवंटित : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

समय जगत, भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में गारमेंट सेक्टर में धार जिले का पीएम मित्रा पार्क देश का सबसे बड़ा मित्र पार्क है। इसमें 90 प्रतिशत भूखंड आवंटित हो चुके हैं। यह एक उपलब्धि है। पारंपरिक वस्त्र निर्माण और कपास उद्योग कई दशकों से भारत की पहचान है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार ने नई दिल्ली में आयोजित भारत टेक्स 2026 में टेक्सटाइल, गारमेंट और फुटवियर इंडस्ट्री में आगे बढ़ने की संभावनाओं और क्षमताओं का प्रदर्शन किया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 17 सितंबर 2025 को मध्यप्रदेश के धार को देश के पहले पीएम मित्र पार्क की सौगात दी।

गारमेंट सेक्टर के इस पार्क के भूमि-पूजन के साथ ही यहां 90 प्रतिशत भू-खंडों का आवंटन भी पूरा कर लिया गया। यह एक रिकॉर्ड है और काम के प्रति राज्य सरकार की दक्षता प्रकट करती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा में कहा कि धार जिले में पीएम मित्र पार्क के आसपास भी निवेशक अब उद्योग स्थापित करने के लिए जमीन की मांग कर रहे है। प्रदेश में उद्योगों के लिए अनुकूलता, कच्चे धागे के लिए माल की उपलब्धता, बुनियादी ढांचे के विकास को लेकर मध्यप्रदेश निवेशकों को आकर्षित कर रहा है। प्रदेश की बढ़ती निर्यात क्षमता और रोजगार सृजन की शक्ति से दुनिया परिचित हो रही है। गारमेंट सेक्टर में निवेशकों की पहल और उद्यमियों का हौसला सराहनीय है।

1592 करोड़ रुपए के मिले प्रस्ताव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टैक्सटाइल क्षेत्र में आए निवेश प्रस्तावों की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत टेक्स 2026 में विभिन्न औद्योगिक संस्थानों से 1592 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, इन प्रस्तावों के क्रियान्वयन से 15 हजार 700 लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। केंद्रीय कपड़ा मंत्री श्री गिरिराज सिंह के साथ देश के उद्योगपतियों और वैश्विक ब्रांड्स के प्रतिनिधियों के साथ सार्थक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश उन चुनिंदा राज्यों में शामिल है, जहां टेक्सटाइल एंड अपेरल सेक्टर की वैल्यू चेन उपलब्ध है।

कपास से धागा तैयार करने, गारमेंट निर्माण और मशीनरी की उपलब्धता मध्यप्रदेश को अग्रणी बनाती है। जैविक कपास के उत्पादन में भी मध्यप्रदेश नंबर वन है। राज्य में केवल कपास का उत्पादन ही नहीं, बल्कि फॉर्म टू फैशन तक इकोसिस्टम तैयार किया जा रहा है। मध्यप्रदेश से 11 हजार 750 करोड़ का टेक्सटाइल और गारमेंट सेक्टर में निर्यात हुआ है। हमारी टेक्सटाइल इंडस्ट्री अमेरिका, बांग्लादेश, जापान, जर्मनी, विएतनाम, इटली, नीदरलैंड और ऑस्ट्रेलिया सहित कई देशों में विशेष पहचान बना रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में टेक्सटाइल एवं गारमेंट के सैकड़ों उद्योग संचालित हो रहे हैं। एमएसएमई यूनिट्स की संख्या भी 43 हजार से अधिक हो चुकी है।

हाई-स्पीड रेल ने 5.3 सेकंड में हासिल की 800 किमी प्रति घंटे की रफ्तार

बीजिंग। दुनिया भर में हाई-स्पीड रेल तकनीक को लेकर प्रतिस्पर्धा लगातार तेज होती जा रही है। एक तरफ भारत अपने रेल नेटवर्क को आधुनिक बनाते हुए सेमी हाई-स्पीड और बुलेट ट्रेन परियोजनाओं को तेजी से गति दे रहा है, वहीं दूसरी तरफ चीन ने मैग्लेव तकनीक के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करने का दावा किया है। चीन के वैज्ञानिकों ने चुंबकीय तकनीक से संचालित एक हाई-स्पीड मैग्लेव ट्रेन मॉडल को महज 5.3 सेकंड में 800 किलोमीटर प्रति घंटे की अविश्वसनीय रफ्तार तक पहुंचाकर नया विश्व रिकॉर्ड बनाने का दावा किया है। यह गति भारत में प्रस्तावित बुलेट ट्रेन की संभावित रफ्तार से करीब तीन गुना अधिक है। रिपोर्ट के अनुसार, चीन के हुबेई प्रांत स्थित ईस्ट लेक लेबोरेटरी के वैज्ञानिकों ने 1110 किलोग्राम वजनी हाई-स्पीड रेल मॉडल का यह सफल परीक्षण किया है।

भारत समेत 5 देशों पर 100 प्रतिशत टैक्स लगाएगा अमेरिका

रूस से तेल खरीदने वालों के खिलाफ संसद में विधेयक हुआ प्रस्तुत

वॉशिंगटन। अमेरिका के सांसदों के एक द्विदलीय समूह ने रूस से कच्चा तेल खरीदने वाले देशों के खिलाफ एक नया प्रतिबंध बिल पेश किया है, जिसमें भारत पर भी 100 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने की धमकी दी गई है। यह बिल 5 प्रमुख देशों भारत, चीन, स्लोवाकिया, हंगरी और अजरबैजान के निर्यात पर 100 प्रतिशत तक का टैरिफ लगाने का प्रस्ताव करता है। इस कदम का मुख्य उद्देश्य रूस की ऊर्जा से होने वाली आय पर लगाम कसना और उस पर यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लिए दबाव बनाना है, जिससे वैश्विक ऊर्जा बाजार में एक नई भू-राजनीतिक उथल-पुथल की आशंका बढ़ गई है। यह नया बिल अप्रैल 2025 में सीनेट में लाए गए सेंक्शनिंग रशिया एक्ट का एक नरम संस्करण है। पुराने बिल में 500 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने का प्रस्ताव था, जिस पर अमेरिकी संसद में सहमति नहीं बन पाई थी। नए बिल में इस अधिकतम टैरिफ की सीमा को

घटाकर 100 प्रतिशत तक सीमित किया गया है, लेकिन इसका प्रभाव अभी भी काफी गंभीर हो सकता है। नए बिल के तहत खास तौर पर चीन, भारत, स्लोवाकिया, हंगरी और अजरबैजान को लक्षित किया गया है, जो वर्तमान में रूसी कच्चे तेल के सबसे बड़े खरीदारों में से हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस बिल को अपना समर्थन दिया है। रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम, जिनका हाल ही में निधन हो गया, ने इस बिल की रूपरेखा तैयार की थी, और ट्रंप ने कहा है कि यह बिल ग्राहम के सम्मान में लाया गया है। उन देशों को इस बिल के दायरे से बाहर रखा गया है जो रूस से अपनी कुल प्राकृतिक गैस की जरूरत का 15त्न से कम आयात करते हैं और इस निर्भरता को कम करने के लिए सक्रिय कदम उठा रहे हैं। भारत के लिए इस नए टैरिफ का खतरा ऐसे समय में सामने आया है जब रूसी कच्चे तेल की उसकी खरीद रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है।

वैश्विक ऊर्जा संकट

अमेरिका-इजरायल सैन्य हमलों के बाद ईरान की जवाबी कार्रवाई के कारण खाड़ी देशों से आने वाले कच्चे तेल की आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई थी। यह आपूर्ति पहले भारत के कुल तेल आयात का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा हुआ करती थी। इस संकट के बीच वैश्विक ऊर्जा बाजार को स्थिर रखने के लिए वॉशिंगटन ने खुद प्रतिबंधों में अस्थायी छूट दी थी, जो 17 जून को समाप्त हो गई। इस छूट के कारण भारतीय रिफाइनरियों को मुख्य विकल्प के तौर पर रूसी कच्चे तेल की तरफ मुड़ना पड़ा था।

अधिकारी रहें अलर्ट, किसानों की शिकायतों का तुरंत करें निराकरण: सीडीओ

जनपद में अभी भी 50 हजार कृषकों ने नहीं कराई फार्मर रजिस्ट्री फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराने पर नहीं मिलेगा योजनाओं का लाभ

समय जगत, झांसी। विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी श्री रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।

उन्होंने किसान दिवस की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सभी अधिकारी अलर्ट रहते हुए किसानों की शिकायतों और उनकी समस्याओं का तुरंत निस्तारण करें, किसान दिवस शासन स्तर पर बेहद संवेदनशील एवं अति महत्वपूर्ण है। उन्होंने उपस्थित किसानों के मध्य कहा कि किसान इस अवसर पर अधिक से अधिक खेती किसानी में आ रहीं समस्याओं को बताएं ताकि किसान दिवस की सार्थकता सिद्ध हो सके।

मुख्य विकास आदि अधिकारी ने उपस्थित विभागीय अधिकारियों से कहा कि किसान दिवस में प्राप्त किसानों द्वारा दी गई शिकायतों को समय से संबंधित विभागों को सुपुर्द कर दिया जाए ताकि समस्याओं का समय से निस्तारण किया जा सके। उन्होंने खेती किसानी के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना और समस्याओं को संवेदनशील होकर तत्काल निस्तारण किया जाना सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। इसके अतिरिक्त उन्होंने सभी विभागों को आपसी सामंजस्य बनाते हुए किसानों को अधिक से अधिक विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए खेती को कैसे लाभदायक बनाया जाय, उनके उत्पादन को कैसे बढ़ाया जाए, कैसे उन्हें उनकी उपज का बेहतर दाम दिलाया जा सके पर फोकस किए जाने के निर्देश दिए।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि जनपद में अभी भी 50 हजारों कृषक ऐसे हैं जिन्होंने अभी तक फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराई है। उन्होंने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराने वाले किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से वंचित तो होगें साथ ही उन्हें खाद एवं अन्य योजनाओं के लाभ भी वंचित रहना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री की जिम्मेदारी कृषि विभाग की है, इसलिए जल्द से जल्द जनपद के समस्त कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने बैठक में जानकारी देते हुए बताया कि तहसील झांसी में सबसे अधिक 16518 फार्मर रजिस्ट्री अवशेष हैं। उसके बाद तहसील गरौठा जिसमें 14491 फार्मर रजिस्ट्री अवशेष है, सबसे कम तहसील टहरौली में 300 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री अवशेष है। उन्होंने सभी अवशेष किसानों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार किए जाने के निर्देश दिए ।

किसान दिवस की बैठक में किसान श्री राजीव सिंह निवासी पहाड़ी बुजुर्ग विकासखंड चिरगांव ने बताया कि आकाशीय बिजली के कारण निजी नलकूप की डीपी खराब हो गई थी, जिसकी शिकायत टोल फ्री नंबर 1912 पर की शिकायत की, जानकारी लेने अवर अभियंता श्री सदगुरु शरण ने कहा कि आप अपने प्रधान से शिकायत में सील लगवा कर लाए, तभी समस्या का निस्तारण किया जाएगा। किसान की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने तत्काल संबंधित जेई विद्युत का वेतन बाधित करने और अधिशासी अभियंता को शिकायत का निस्तारण करने के निर्देश दिए।

किसान दिवस के अवसर पर विभिन्न किसान प्रतिनिधि एवं किसानों ने जनपद में हाथी नोटा सोसाइटी सहित अन्य सोसायटी में खाद वितरण में लगातार परेशान किया जा रहा है, कि शिकायत पर मुख्य विकास अधिकारी ने तत्काल समिति में उर्वरक वितरण की जांच के आदेश देते हुए पॉश मशीन के माध्यम से ही खाद्य वितरण किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला कृषि अधिकारी को निर्देश देते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जनपद की समस्त उर्वरक की दुकानों पर रेट चस्पा किया जाना सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसानों का खाद्य खरीदने में किसी भी तरह की ओवर रेटिंग ना हो।

इस अवसर पर किसान नेता श्री महेंद्र शर्मा, किसान नेता श्री कमलेश लंबरदार, श्री राजेश कुमार बिरगुंआ, श्री सुनील रिछारिया, श्री सुरेंद्र पुरातिनी सहित अन्य किसानों ने भी अपनी समस्याओं को रखा और अधिकारियों से समय से उनका निस्तारण कराए जाने की मांग की।

आयोजित किसान दिवस का संचालन उप कृषि निदेशक श्री बुद्ध देव द्विवेदी ने किया। बैठक में विषय वस्तु विशेषज्ञ श्री दीपक कुशवाहा, श्री धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, श्री लल्ला सिंह, श्री अनिल कुमार, श्री राजकुमार यादव, जिला कृषि अधिकारी सहित लघु सिंचाई, उद्यान विभाग, पशुपालन विभाग, बीमा कंपनी व अन्य विभागीय अधिकारी तथा किसान गण उपस्थित रहें।

पैरामेडिकल कॉलेज से हुआ भू-जल सप्ताह 2026 का शुभारंभ

युवाओं ने लिया जल बचाने का संकल्प सप्ताहभर चलेंगे जागरूकता अभियान

समय जगत, झांसी। जल संरक्षण को जन-आंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से जिला जनकल्याण महासमिति, झांसी एवं जे.के.टी. नेचर केयर, झांसी के तत्वावधान में भू-जल सप्ताह 2026 का शुभारंभ गुरुवार को पैरामेडिकल कॉलेज, झांसी में डा. जितेन्द्र कुमार तिवारी के संयोजन एवं निदेशक डॉ अंशुल जैन के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं उपस्थित जनों ने भू-जल संवर्धन और जल संरक्षण के लिए सामूहिक संकल्प लिया।

मुख्य अतिथि डा. जितेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा कि निरंतर गिरता भू-जल स्तर देश के लिए गंभीर चिंता का विषय है। यदि वर्षा की प्रत्येक बूंद को धरती में नहीं पहुंचाया गया, तो आने वाली पीढ़ियों को भीषण जल संकट का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि ष्जल संरक्षण केवल सरकार का दायित्व नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। जनभागीदारी से ही यह अभियान सफल होगा और प्रत्येक नागरिक को श्जल प्रहरीश् की भूमिका निभानी होगी।

उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान करते हुए कहा कि वर्षा जल संचयन, प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण तथा जल के विवेकपूर्ण उपयोग को जीवनशैली का हिस्सा बनाएं। जिन छात्र-छात्राओं एवं नागरिकों के पास जल संरक्षण से संबंधित कोई नवीन विचार हो, वे उसका मॉडल तैयार कर 21 जुलाई को आयोजित जल संचयन मॉडल प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी में प्रस्तुत करें। उत्कृष्ट मॉडलों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि भू-जल सप्ताह के दौरान डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान, जल संरक्षण शपथ, ष्एक पेड़ माँ के नामष् वृक्षारोपण अभियान, प्राकृतिक जल स्रोतों की स्वच्छता एवं संरक्षण, कपड़े के थैलों का वितरण, जल संचयन मॉडल प्रतियोगिता, जल प्रहरी सम्मान समारोह तथा अन्य जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने जल की प्रत्येक बूंद बचाने, प्राकृतिक जल स्रोतों की रक्षा करने तथा समाज में जल संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुँचाने का सामूहिक संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ. नेहा किद्दर, डॉ. क्रांति देवी, डॉ. सीमांत, श्री रवि, श्रीमती इतीशा रोज प्रसाद, श्री ईशांत सिंह, सुश्री माला आनंद, श्रीमती रुचिता यादव, श्री अक्षय गार्डनर, श्रीमती श्वेता. उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सहसंयोजक डा लवीन मसीह ने तथा आभार व्यक्त डा योगेश पांचाल ने व्यक्त किया।

आगरा उप स्टेशन अधीक्षक के साथ हुऐ दुर्व्यवहार की घोर निंदा

समय जगत, झांसी। रेलवे पेन्सनर एसोसिएशन नगरा शाखा की मासिक गोष्ठी राम बाबू त्रिपाठी की अध्यक्षता में में संपन्न हुई। सर्व प्रथम आगरा उप स्टेशन अधीक्षक के साथ हुऐ दुर्व्यवहार की घोर निंदा की गई। रेलवे सुविधा पेपर पास जारी रखने, रेलवे अस्पताल में दवाईयों आपूर्ति यथा संभव पूरी हो ताकि लोकल परचेज के लिए मरीजों की लाईन की लम्बाई कम हो, असुविधा न हो आदि बिषयों पर चर्चा की गई। जुलाई माह में पड़ने वाले कर्मचारियों का जन्म दिन मनाया गया। संचालन कैलाश नारायण मालवीय सचिव ने किया। अंत में सुभाष चंद्र श्रीवास्तव ने आभार व्यक्त किया। आई के पान्डेय, हरी शंकर शर्मा, खूबी राम प्रजापति, एन के निगम, कामता प्रसाद प्रजापति, गणेश प्रसाद, पी सी त्रिपाठी, घनश्यामदास, महेन्द्र श्रीवास्तव, अशोक जायसवाल, ए के झा, प्रेम लाल, दामोदर दास, सुरेश चन्द्र मिश्रा, मुन्ना लाल, कृष्ण कुमार, उदय भान सिंह, नाथूराम आदि उपस्थित रहे।

किसानों ने मुक्त व्यापार समझौते को वापस लेने हेतु पी.एम. को भेजा ज्ञापन

समय जगत,गुरसरांय। बुंदेलखंड किसान यूनियन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह पप्पू पुरैनिया ने प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन जिलाधिकारी झांसी को सौंप कर भारत-अमेरिका मुक्त व्यापार (फ्री ट्रेड) समझौते को तत्काल रद्द किए जाने की मांग की है ।उन्होंने ज्ञापन में लिखा कि देश बचाओ मोर्चा, भारत की ओर से हम आपका ध्यान भारत-अमेरिका मुक्त व्यापार (फ्री ट्रेड) समझौते की ओर आकर्षित करना चाहते हैं। प्रस्तावित भारत-अमेरिका ट्रेड डील देश के किसानों, खेत मजदूरों, पशुपालकों, छोटे व्यापारियों, लघु उद्योगों तथा देश की खाद्य एवं आर्थिक संप्रभुता के लिए गंभीर खतरा है। यह समझौता भारतीय कृषि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और करोड़ों लोगों की आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा। अतः यह समझौता किसानों का डेथ वारंट है। जो किसी हालत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। देश बचाओ मोर्चा इस भारत-अमेरिका ट्रेड डील का पूर्ण रूप से विरोध करता है। हमें यह ट्रेड डील किसी भी हालत में स्वीकार नहीं है। हम भारत सरकार से स्पष्ट रूप से मांग करते हैं कि भारत-अमेरिका मुक्त व्यापार (फ्री ट्रेड) समझौते को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए तथा देश के किसानों और आम जनता के हितों की रक्षा की जाए। यदि सरकार हमारी इस न्यायोचित मांग की अनदेखी करती है, तो देश बचाओ मोर्चा देशभर में लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से व्यापक जनआंदोलन चलाने के लिए बाध्य होगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी भारत सरकार की होगी। बुन्देलखण्ड राज्य का निर्माण किया जाये और बुन्देलखण्ड को सूखा घोषित कर किसानो का कर्जा माफकिया जाये। इस दौरान संजय सिंह उपस्थित रहे।

18 जुलाई तक बी0ए0 प्रथम वर्ष में इच्छुक अभ्यर्थी लें प्रवेश

समय जगत, झांसी । बुन्देलखण्ड महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.एस. के राय ने बताया कि बी0ए0 प्रथम वर्ष में प्रवेश के इच्छुक समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे अपना समर्थ पोर्टल पर पंजीकरण कराते हुए पंजीकरण प्रपत्र के साथ अपने मूल शैक्षणिक अभिलेख एवं उसकी छायाप्रति तथा 06 पासपोर्ट साईज रंगीन फोटोग्राफ के साथ महाविद्यालय में दिनांक 18 जुलाई 2026 तक प्रातः 10 बजे से 03 बजे के मध्य प्रवेश कराना सुनिश्चित करें।

पठा में सात दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ, कलश यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

समय जगत, गुरसरांय। ग्राम पठा स्थित माँ छिन्नमस्तिका पठा देवी मंदिर प्रांगण में आयोजित सात दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ आज भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा बड़े ही श्रद्धा, उत्साह और धूमधाम के साथ गाँव के प्रमुख मार्गों से होकर निकली।

यात्रा में श्रद्धालु महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भक्ति-भाव से भाग लिया। पूरे मार्ग में जयकारों और धार्मिक भजनों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। कलश यात्रा का समापन माँ छिन्नमस्तिका पठा देवी मंदिर प्रांगण स्थित यज्ञ स्थल पर हुआ, जहाँ विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महायज्ञ का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर ग्राम पठा एवं आसपास के क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त किया। समस्त ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई और आयोजन को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

मेडिकल कॉलेज में किया पौधारोपण

समय जगत, झांसी। भारत विकास परिषद मुख्य शाखा झांसी के अध्यक्ष अमित सराया की अध्यक्षता में मेडिकल कॉलेज गेट नंबर- 1 के अंदर मेडिकल कॉलेज के प्रांगण में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर शाखा के सदस्यों द्वारा शीशम, सागौन, अमरूद, गुलमोहर, इमली, फिल्टाफॉर्म, चिनार, कंदब, अर्जुन, नींबू, जामुन, आम, चमेली, तुलसी, रात की रानी के पौधों को रोपा गया वृक्षारोपण कार्यक्रम के संयोजक सुमित खरे द्वारा सफलतापूर्वक कार्यक्रम को संयोजित किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में भावना सराया, वंदना पुरवार, मधु मोदी, प्रभा यादव, सुनीता अग्रवाल, हितेश शर्मा, पवन गर्ग, आलोक अग्रवाल, नीलेश मोदी, संजय जैन, शरद गुप्ता, संजय अरोरा, अजय गर्ग, दिनेश यादव, अजय पुरवार, इत्यादि उपस्थित रहकर पौधों को रोंपा।

ववववअंत में सचिव विनय जैन द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

बुन्देलखण्ड राज्य बनाने के लिये पूर्व सांसद गंगाचरण राजपूत आज झांसी में करेंगे संवाद

समय जगत, झांसी। बुन्देलखण्ड अधिकार सेना के तत्वावधान में 17 जुलाई को लेमेन्ट्री होटल में दोपहर 2 बजे से पूर्व सांसद गंगाचरण राजपूत बुद्वि जीवियोंसे बुन्देलखण्ड राज्य बनाओ मोर्चा के संबंध में संवाद और प्रेस से वार्ता करेंगे । वे राज्य दो वोट लोग तथा राज्य नही तो वोट नही का नारा बुलंद करेंगे। वे यहां बहुत सहा अब नही सहेंगे - बुन्देलखण्ड राज्य लेकर रहेंगे की अलख जगायेगें। पूर्व सांसद ने लोगो से अधिक से अधिक संख्या में संवाद कार्यक्रम में आने का अनुरोध किया है।

पुलिस कार्यालय परिसर में नवनिर्मित रानी लक्ष्मी बाई प्रतीक्षालय का एम एल सी रामतीर्थ सिंघल ने किया लोकार्पण

समय जगत, झांसी। सदस्य विधान परिषद, उत्तर प्रदेश रामतीर्थ सिंघल, जिलाधिकारी झाँसी गौरांग राठी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झाँसी बीबीजीटीएस मूर्ति द्वारा पुलिस कार्यालय, झाँसी परिसर में नवनिर्मित ष्रानी लक्ष्मी बाई प्रतीक्षालय का विधिवत लोकार्पण किया गया।इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों द्वारा प्रतीक्षालय का अवलोकन करते हुए इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया तथा कहा गया कि इस प्रतीक्षालय के निर्माण से पुलिस कार्यालय आने वाले आमजन को बेहतर एवं सुविधाजनक प्रतीक्षा व्यवस्था उपलब्ध होगी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी द्वारा कहा गया कि जनसुविधाओं के विस्तार एवं पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों एवं आगंतुकों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराना झाँसी पुलिस की प्राथमिकताओं में शामिल है।कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधिगण, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. अरविन्द कुमार, सहायक पुलिस अधीक्षक श्रीमती अरीबा नोमान, क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामवीर सहित अन्य पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी तथा कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

नये राज्यों के गठन के लिए संसद के साथ विधान सभाओं का भी डीलिमिटेशन किया जाये: भानू सहाय

समय जगत, झांसी। बुंदेलखंड निर्माण मोर्चा के अध्यक्ष भानु सहाय के नेतृत्व में गाँधी पार्क से जुलूस के रूप में मोर्चा के योद्धा कसम राम की खाते है, बुंदेलखंड राज्य बनवायेगे। एवं बुंदेलखंड तो लेंगे लेंगे, जैसे दोगे वैसे लेंगे आदि नारे लगाते हुए कचेहरी पहुंचे जहाँ प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेंट किया गया। हम बुंदेलीयों की प्रबल मांग है कि झाँसी, सागर, बाँदा, छतरपुर, जालौन, दमोह, हमीरपुर, टीकमगढ़, महोबा, दतिया, चित्रकूट, निवाड़ी जनपदों के साथ लहार, गोहांड, करेरा, पिछोर, चंदेरी, गंज बासोदा, कटनी, चित्रकूट सभी मध्य प्रदेश की तहसीले जोड़कर अखण्ड बुंदेलखंड राज्य से कम स्वीकार नहीं किया जायेगा । सांसदीय क्षेत्रो के डीलिमिटेशन के साथ देश की समस्त विधान सभाओ का डीलिमिटेशन करवाया जाये जिससे छोटे राज्यों के गठन का मार्ग प्रशस्त हो जाये।

ज्ञापन देने वालो में मोर्चा प्रवक्ता रघुराज शर्मा, रजनीश श्रीवास्तव, प्रदीप नाथ झा, हनीफखान, प्रदीप गुर्जर, बृजेश राय, नरेश वर्मा, प्रेम सपेरा, अभिषेक तिवारी, अरूण रायकवार, विजय रायकवार, शंकर रायकवार, प्रभूदयाल कुशवाहा, कुलवंत सिंह खालसा, धनश्याम गौतम, जिला अध्यक्ष अनिल कश्यप, राजेश लोहिया, मु. शफ़ीक़, महिला मोर्चा से शाहजहां बेगम, कुंती राय, शवनम आरा खान, ममता देवी, शाईदा बेगम, राधा वर्मा, रजनी वर्मा, मुन्नी देवी आदि उपस्थित रहे।

भाजपा जिला अध्यक्ष ने की बूथों पर बैठक, टटोली नब्ज

- अनुराग गुप्ता -

समय जगत, रानीपुर। कस्बा में भाजपा जिला अध्यक्ष द्वारा बूथ अध्यक्षों के साथ बैठक की तथा बूथ अध्यक्षों को सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए निर्देशित किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप पटेल के मुख्य आतिथ्य में बस स्टैंड के पास सिद्ध पीठ गायत्री माता मंदिर प्रांगण में एक बैठक का आयोजन किया गया,

जिसमें तमाम भाजपा के पदाधिकारी एवं बूथ अध्यक्षों ने भाग लिया। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप पटेल ने बूथ अध्यक्षों को निर्देशित किया कि सभी बूथ अध्यक्ष पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सरकार के द्वारा कराए गए विकास कार्यों एवं संचालित की जा रही योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि सभी बूथ अध्यक्ष अपने-अपने बूथ को मजबूत करें। जिला अध्यक्ष द्वारा सरकार द्वारा चलाए गए तमाम योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।

भाजपा जिला अध्यक्ष तमाम कार्यकर्ताओं के साथ मुहल्ला देवरी में बूथ अध्यक्ष बलवंत सिंह तोमर के बूथ पर भी पहुंचे।

इस मौके पर पूर्व अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष मंजूर अहमद मंसूरी, रंजीत भोजवाल सुधीर जैन बाजा, राजाराम कुशवाहा, मुकेश राय, अरुण कुमार चौधरी, चंद्रप्रकाश कुशवाहा, पूर्व पार्षद अनुराग गुप्ता, भाजपा नेता रामकिशोर आचार्य, बृजलाल वर्मा, बलवंत सिंह तोमर, पार्षद लाल बहादुर नकडा, सुरेंद्र सिंह परिहार, रविकांत गुप्ता, मनोज कुशवाहा, कपिल तिवारी, आदि उपस्थित रहे।

नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान शुरू मंडला पुलिस ने दिलाई नशामुक्ति की शपथ

समय जगत, मंडला। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी के निर्देशन में बुधवार को मंडला पुलिस द्वारा नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 जन-जागरुकता अभियान का शुभारंभ पुलिस लाइन मंडला से किया गया। 15 जुलाई से 30 जुलाई तक चलने वाले इस 15 दिवसीय अभियान का उद्देश्य युवाओं एवं विद्यार्थियों सहित समाज के प्रत्येक वर्ग को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर नशामुक्त, स्वस्थ एवं सुरक्षित समाज के निर्माण में जनभागीदारी सुनिश्चित करना है। अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर कलेक्टर राहुल नामदेव घोटे, पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा, सीआरपीएफ 148 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी, एसडीएम सोनल सिदाम, एसडीओपी पीयूष मिश्रा, जिले के थाना प्रभारी, पुलिस अधिकारी-कर्मचारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी, शिक्षक, छात्र छात्राएं, मीडिया प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम में अतिथियों ने नशे के खिलाफ सामाजिक जनजागरण की आवश्यकता पर बल देते हुए युवाओं से नशे से दूर रहने और समाज को नशामुक्त बनाने का आव्हान किया। इस दौरान सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं नागरिकों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में नशामुक्ति जन-जागरूकता पोस्टरों का विमोचन किया गया तथा हस्ताक्षर अभियान आयोजित कर सभी प्रतिभागियों ने नशामुक्त मध्यप्रदेश के संकल्प का समर्थन किया। इसके बाद जिला पंचायत अध्यक्ष, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अतिथियों ने नशे को प्रतीकात्मक ÷रेड कार्ड÷ दिखाकर जन-जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाई। रैली में पुलिस अधिकारी-कर्मचारी, छात्र-छात्राएं, शिक्षक एवं जनप्रतिनिधि हाथों में रेड कार्ड और जागरूकता संदेशों वाली तख्तियां लेकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरे तथा आमजन को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया। इधर, जिले के सभी थाना एवं चौकी क्षेत्रों में भी अभियान का शुभारंभ किया गया। मोहगांव, नैनपुर, निवास, बम्हनी सहित विभिन्न क्षेत्रों में रैली, शपथ ग्रहण एवं जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को नशामुक्त समाज निर्माण का संदेश दिया गया। पुलिस विभाग के अनुसार अभियान के दौरान जिलेभर में विद्यालयों, महाविद्यालयों, ग्राम एवं नगर सुरक्षा समितियों तथा स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से रैली, संगोष्ठी, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता, मानव श्रृंखला, हस्ताक्षर अभियान, जनसंवाद एवं सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

पार्षद खुशबू अतुलकर के नेतृत्व में किये गये आंदोलन का दिखा परिणाम

प्रशासन ने समस्या के जल्द निराकरण का दिया आश्वासन

समय जगत, आमला। वार्ड क्रमांक 9 की पार्षद एवं यूथ कांग्रेस जिला महासचिव कुमारी खुशबू विजय अतुलकर के नेतृत्व में गुरुवार को जनहित की लंबित मांगों को लेकर नगर में जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रशासन द्वारा नव सूत्रीय लंबित मांगों का निराकरण नहीं किए जाने से नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने रतेड़ा रोड स्थित *मां चंद्रभागा नदी के पुल पर मुख्य सड़क जाम कर दी। इस दौरान पार्षद खुशबू अतुलकर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सड़क पर बैठकर धरना दिया और जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने शहर की टूटी सड़कों, स्वच्छता, बिजली, पानी और अन्य जनसमस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की।

तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन: प्रदर्शन के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं का प्रतिनिधिमंडल आमला तहसीलदार से मिला और ज्ञापन सौंपकर समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने की मांग रखी। इस पर तहसीलदार ने संबंधित अधिकारियों को अवगत कराकर जल्द समाधान का आश्वासन पार्षद खुशबू अतुलकर को दिया। इस दौरान मौके पर पहुंचे नगर पालिका अध्यक्ष नितिन गाडरे ने भी अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ धरना स्थल पर पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनीं और जल्द निराकरण कराने की बात कही।

आंदोलन जारी रखने की चेतावनी: पार्षद खुशबू अतुलकर ने कहा कि यदि शीघ्र मांगें पूरी नहीं हुई तो कांग्रेसजन क्रमिक भूख हड़ताल शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि शहर की जनता की आवाज को दबाया नहीं जाएगा।

प्रदर्शन में मौजूद रहे: प्रदर्शन में कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुभाष देशमुख, ब्लॉक कांग्रेस प्रभारी नीरज सोनी, नगर कांग्रेस प्रभारी साबिर शाह, नगर कांग्रेस अध्यक्ष अजय सोलंकी,विजय अतुलकर,रमेश दामले,पूर्व पार्षद रेखा कनोजिया,रेखा दिलीप बरखे,मोना पाटिल, प्रदीप कोकाटे,कमलेश मकोड़े, यशपाल ठाकुर, अनिल उइके, दीपक बेले, सोनू विजय बचले, अकरम खान, रमजान खान, शेख आबिद, रसीद खान, योगेश गोलू डांगरे, संजय सोलंकी, हरिप्रसाद, शैलेन्द्र खातरकर,सहित बड़ी संख्या में आमजन,कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

मिशा सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर में किया पौधारोपण

समय जगत, रतलाम। एक पेड़ मां नाम अभियान के अंतर्गत जिले में हरियाली बढ़ाने एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने कलेक्टर परिसर में पौधारोपण किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री रावत सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भी सामूहिक रूप से पौधे लगाए। कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने परिसर का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पौधारोपण वाले स्थल को व्यवस्थित रूप से विकसित कर आकर्षक गार्डन का स्वरूप दिया जाए। उन्होंने परिसर में नियमित साफ-सफाई बनाए रखने, पौधों के संरक्षण एवं उनके समुचित रखरखाव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही उद्यानिकी विभाग के सहयोग से पौधों की देखभाल एवं स्थल के सौंदर्यीकरण की कार्ययोजना तैयार करने को कहा। पौधारोपण अभियान के दौरान परिसर में लगभग 100 छायादार एवं पर्यावरण हितैषी पौधे लगाए गए, जिनमें बादाम, शीशम, पीपल सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे शामिल हैं।

मप्र लेखक संघ द्वारा काव्य गोष्ठी का आयोजन आज

समय जगत,मनावर । मप्र लेखक संघ मनावर इकाई की काव्य गोष्ठी शुक्रवार रात्रि आठ बजे सिंघाना रोड स्थित एक निजी होटल के हाल में आयोजित की जा रही है । जिसमें देश की प्रसिद्ध कवियित्री प्रिया खुशबू ,कन्नौद (देवास)काव्य पाठ करेंगी । शहर के साहित्यकारों द्वारा उनका सम्मान भी किया जाएगा । संयोजक राम परिंदा ने बताया कि मप्र लेखक संघ वर्ष 1970 से पंजीकृत हैं तथा प्रदेश भर 46 इकाइयां सक्रिय हैं । संघ द्वारा साहित्य की 7 विभिन्न विधाओं पर केन्द्रित प्रदेश स्तर की गोष्ठियां की जाती है । जिनमें विधा के निष्णात साहित्यकार अतिथि स्वरूप आमंत्रित होते हैं तथा लेखक संघ के सदस्य गोष्ठियों में अपनी विधा अनुसार प्रतिभागिता करते हैं । लेखक संघ के घोषित सम्मानों की संख्या 28 है, जिनमें 25 सम्मानों हेतु सदस्यों से प्रविष्ठियां आमंत्रित की जाती है । चयनित साहित्यकारों को वार्षिकोत्सव में सम्मानित किया जाता है । उक्त जानकारी साहित्यकार और व्यंग्य कवि विश्वदीप मिश्रा ने दी ।

मंडला के रेल विकास से ही जिले का सर्वांगीण विकास है संभवः विधायक नारायण सिंह पट्टा

रेल मंत्री से फोन पर हुई सकारात्मक चर्चा, लंबित परियोजनाओं व नई ट्रेनों सहित प्रमुख मांगों का दिया ज्ञापन

समय जगत, मण्डला। आदिवासी बाहुल्य मण्डला जिले के रेल विकास को नई गति देने के उद्देश्य से बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा ने नई दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को छह महत्वपूर्ण मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपे। व्यस्तता के कारण प्रत्यक्ष मुलाकात नहीं हो सकी, लेकिन विधायक के विशेष अनुरोध पर रेल मंत्री ने फोन पर विस्तृत चर्चा कर मांगों पर सकारात्मक विचार का भरोसा दिया। विधायक पट्टा ने कहा कि मण्डला जैसे पिछड़े आदिवासी अंचल के समग्र विकास के लिए रेल सुविधाओं का विस्तार अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने रेल मंत्रालय से आग्रह किया कि इन मांगों को केवल परियोजनाओं के रूप में नहीं, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक, सामाजिक और पर्यटन विकास से जुड़े विषय के रूप में देखा जाए। ज्ञापनों में प्रमुख रूप से बिलासपुर पंडरिया मण्डला जबलपुर रेल कॉरिडोर के लंबित 230 किलोमीटर मिसिंग लिंक के ट्रैफिक सर्वे को मंजूरी, पेंड्रारोड अमरकंटक डिंडौरी मण्डला घंसौर गोटेगांव रेल परियोजना के फाइनल लोकेशन सर्वे , मण्डला फोर्ट स्टेशन को पूर्ण विकसित टर्मिनल स्टेशन बनाने, स्टेशन पर पिट लाइन, वॉशिंग लाइन एवं कोचिंग डिपो जैसी सुविधाएं विकसित करने, मण्डला फोर्ट से देश के विभिन्न प्रमुख शहरों के लिए नई सुपरफास्ट ट्रेनों के संचालन, स्टेशन मास्टर प्लान में संशोधन, तथा मण्डला नैनपुर सिवनी छिंदवाड़ा आमला रेलखंड के दोहरीकरण, नैनपुर बाईपास लाइन, रेल कोच फैक्ट्री एवं डीआरएम कार्यालय की स्थापना जैसी मांगें शामिल हैं। विधायक ने बताया कि मण्डला, बिछिया, मवई, घुघरी, मोहगांव, चाबी तथा डिंडौरी क्षेत्र के अधिकांश यात्रियों को आज भी लंबी दूरी की ट्रेन पकड़ने के लिए जबलपुर जाना पड़ता है। यदि इन मांगों पर सकारात्मक निर्णय होता है तो इससे क्षेत्र में पर्यटन, व्यापार, रोजगार और औद्योगिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र रेल एक्टिविस्ट नितिन सोलंकी, अभिजीत सोनवानी सहित अन्य विशेषज्ञों द्वारा समय-समय पर दिए गए तकनीकी सुझावों और तथ्यों को भी ज्ञापनों में प्रमुखता दी गई है, जिससे प्रस्ताव अधिक व्यावहारिक और मजबूत बने हैं। प्रेस वार्ता में विधायक नारायण सिंह पट्टा ने विश्वास जताया कि रेल मंत्री ने सभी विषयों को गंभीरता से सुना है और शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा। इस दौरान पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष एडवोकेट राकेश तिवारी तथा वरिष्ठ अधिवक्ता एवं कांग्रेस नेता एडवोकेट संजय चौरसिया भी उपस्थित रहे।

31 जुलाई तक सभी पैक्स समितियों का रिवीजन करें पूर्ण :मिशा सिंह

रतलाम। कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह की अध्यक्षता में जिला सहकारी विकास समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सहकारिता, दुग्ध संघ एवं संबंधित विभागों की योजनाओं की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को समयबद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने निर्देश दिए कि जिले की शेष सभी पैक्स प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों का रिवीजन 31 जुलाई तक हर हाल में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि यह कार्य अगले 10 दिनों में गुणवत्ता के साथ पूरा होना चाहिए। सैलाना और बाजना क्षेत्र में दुग्ध सहकारी समितियों के पंजीयन की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि जिन विकासखंडों में समितियों का पंजीयन लंबित है, वहां प्राथमिकता के आधार पर नई समितियों का गठन एवं पंजीयन कराया जाए।

जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा किया गया हरिशंकरी रोपण

समय जगत, लखनऊ। प्रकृति एवं पर्यावरण के प्रति तत्परतापूर्ण दायित्व निर्वहन के तहत शाहजहांपुर जिले के जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा जिले के एक गांव में हरिशंकरी के पौधे का रोपण किया गया।

भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा का किया आयोजन, दिखा व्यापक उत्साह

पचौर। प्रोफेसर संतोष मित्तल हायर सेकेंडरी स्कूल, पचोर में भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा श्रद्धा, उत्साह एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुई। विद्यालय में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं विद्यालय प्रबंधन ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। रथ यात्रा का शुभारंभ विद्यालय के मुख्य भवन से हुआ। परंपरागत शैली में भगवान श्री जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा के सुसज्जित रथ की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय संचालक गोपाल गोयल, विनोद राठी, प्रबंधक संजय सोनी एवं प्राचार्या श्रीमती मनीता पोखरना उपस्थित रहे। पूजन के पश्चात अतिथियों, विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने श्रद्धापूर्वक रथ को खींचते हुए यात्रा प्रारंभ की। रथ यात्रा के दौरान विद्यालय संचालक, प्रबंधक एवं प्राचार्या ने भगवान जगन्नाथ की परंपरा का पालन करते हुए झाड़ू लगाकर मार्ग का प्रतीकात्मक रूप से शुद्धिकरण किया। यात्रा विद्यालय परिसर से होते हुए नवीन भवन के प्रार्थना प्रांगण में पहुँची, जहाँ इसका समापन हुआ। यात्रा के उपरांत विद्यार्थियों ने भगवान जगन्नाथ की महिमा पर आधारित मनमोहक नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा के स्वरूप में सजे विद्यार्थियों की मनोहारी झाँकी रही।

वर्षों से लंबित मांगों के समर्थन में पटवारियों का चरणबद्ध आंदोलन हुआ शुरू

समय जगत, शाजापुर। मध्य प्रदेश पटवारी संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आव्हान पर प्रदेशभर के साथ-साथ शाजापुर जिले के सभी पटवारी 15 जुलाई से 17 जुलाई तक सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। पटवारियों का कहना है कि उनकी वर्षों से लंबित न्यायोचित मांगों पर शासन द्वारा लगातार अनदेखी किए जाने के कारण अब आंदोलन का रास्ता अपनाना उनकी मजबूरी बन गया है। इस तीन दिवसीय सामूहिक अवकाश के दौरान जिले में अनेक राजस्व संबंधी कार्य प्रभावित होने की संभावना है, जिससे आम नागरिकों को अस्थायी असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। जिला पटवारी संघ शाजापुर के जिलाध्यक्ष हरिओम हनोतिया ने जानकारी देते हुए बताया कि पटवारी संवर्ग लंबे समय से कैडर रिव्यू, पदोन्नति (प्रमोशन) तथा समयमान वेतनमान जैसी महत्वपूर्ण मांगों के निराकरण की मांग कर रहा है। इन मांगों को लेकर संगठन ने कई बार शासन का ध्यान आकर्षित किया, ज्ञापन सौंपे, विभिन्न स्तरों पर चर्चा की और सकारात्मक निर्णय की अपेक्षा की, लेकिन अब तक कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आया। ऐसे में प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार आंदोलन के प्रथम चरण के रूप में तीन दिवसीय सामूहिक अवकाश का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि शाजापुर जिले के सभी पटवारी संगठन के निर्णय के अनुरूप 15, 16 और 17 जुलाई को अपने नियमित शासकीय कार्यों से दूर रहेंगे। इस दौरान राजस्व विभाग से जुड़े अनेक कार्य प्रभावित हो सकते हैं।

नशा छोड़ें, समाज जोड़ें समरसता ही विकास का मार्गः संजीव नायक

भिंड। लहार क्षेत्र के ग्राम गणेशपुरा में आयोजित नशा मुक्ति एवं सामाजिक समरसता चौपाल जनजागरण का प्रभावी मंच बनी, जहां ग्रामीणों, युवाओं एवं महिलाओं ने नशामुक्त, समरस और सद्भावपूर्ण समाज के निर्माण का सामूहिक संकल्प लिया। चौपाल को संबोधित करते हुए एडवोकेट संजीव नायक ने कहा कि नशा छोड़ें, समाज जोड़ें–समरसता ही विकास का मार्ग है। उन्होंने कहा कि नशा और जातिगत वैमनस्यता समाज के सबसे बड़े शत्रु हैं। ये दोनों बुराइयां सामाजिक एकता को कमजोर करती हैं तथा युवाओं के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं। इन चुनौतियों से मुकाबला समाज के सभी वर्गों को मिलकर करना होगा। उन्होंने कहा कि नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि उसके पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। युवाओं को नशे के विरुद्ध जागरूक होकर सकारात्मक परिवर्तन का नेतृत्व करना चाहिए। शिक्षा को जीवन का सबसे बड़ा साधन बताते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षित, जागरूक और संस्कारित समाज ही विकास की मजबूत नींव रख सकता है। संजीव नायक ने कहा, ÷पीड़ित की कोई जात नहीं होती और अपराधी की भी कोई जात नहीं होती। समाज की वास्तविक पहचान इंसानियत, भाईचारे और सामाजिक समरसता से होती है।÷ उन्होंने ग्रामीणों से जातिगत भेदभाव से ऊपर उठकर आपसी सहयोग, सद्भाव और सामाजिक एकता को मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सहायक उप निरीक्षक सेवा राम मार्को ने कहा कि नशा समाज के लिए कैंसर के समान है, जो व्यक्ति की सोच, परिवार की खुशियां और आर्थिक स्थिति को नष्ट कर देता है। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने तथा साइबर अपराधों से सतर्क रहने की सलाह दी। कार्यक्रम के अंत में एडवोकेट संजीव नायक ने उपस्थित ग्रामीणों एवं युवाओं को नशामुक्त समाज के निर्माण, सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने तथा जातिगत भेदभाव समाप्त करने का सामूहिक संकल्प दिलाया। इस अवसर पर अमर सिंह सेंगर, शेर सिंह सेंगर, शिव सिंह सेंगर, रामबहादुर सेंगर, रामऔतार सेंगर, जय बिंद्रा सेंगर, रामकुमार सिंह सेंगर, सुरेन्द्र सेंगर, सुखपाल सेंगर, वीरेन्द्र सेंगर, कल्लू सेंगर, अजय सेंगर, रामपाल सेंगर, डॉ जितेन्द्र सिंह, गोपाल सेंगर, विवेक सेंगर, कृष्णा सेंगर, अनुज सेंगर, सुमित सेंगर, राहुल सेंगर, धंधू सेंगर, सुप्रसाद सेंगर, देव सेंगर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

नवीन स्कूल भवनों के लिए राशि हुई स्वीकृत

समय जगत, अमझेरा। सरदारपुर विधानसभा में बच्चों को बेहतर शिक्षा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विधायक प्रताप ग्रेवाल के प्रयासों से ग्राम गंगातलई, कुमारूण्डी, कोठडाखुर्द, भेरूचौकी मे प्राथमिक विद्यालय के नवीन भवन निर्माण की सौगात मिली है। लंबे समय से जर्जर भवन की समस्या से जूझ रहे क्षेत्र के लिए यह बड़ी उपलब्धि है। क्षेत्र के स्कूल भवन जर्जर अवस्था में होने से विधायक प्रताप ग्रेवाल द्वारा निरंतर उच्च स्तर पर पत्राचार किया गया एवं मध्यप्रदेश विधानसभा में भी विधानसभा प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण सूचना लगाकर सरदारपुर विकासखण्ड में जर्जर विद्यालय भवन होने से नवीन भवन निर्माण की स्वीकृति की मांग की गई थी। जिसके परिणामस्वरूप सरदारपुर विकासखण्ड के प्राथमिक विद्यालय गंगातलई, कुमारूण्डी, कोठडाखुर्द, भेरूचोकी में नवीन भवन निर्माण कार्य की सौगात मिली है। जिसमे प्रत्येक नवीन भवन निर्माण की लागत 18.25 लाख रूपये है।

नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के पहले दिन मैहर पुलिस द्वारा 6 लाख से अधिक का मशरूका हुआ जब्त

समय जगत, मैहर। पुलिस मुख्यालय मध्यप्रदेश द्वारा संचालित नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत मैहर पुलिस एक ओर जहां आमजन, विद्यार्थियों एवं युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति लगातार जागरूक कर रही है, वहीं दूसरी ओर पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन गौरव राजपूत के निर्देशन में जोन स्तर पर चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन प्रहार के तहत नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त तस्करों के खिलाफ प्रभावी एवं कठोर कार्रवाई भी निरंतर की जा रही है। अभियान के प्रथम दिवस ही मैहर पुलिस ने मेडिकल नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित कफ सिरप की खेप पकड़ी है। पुलिस अधीक्षक मैहर अवधेश प्रताप सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. चंचल नागर के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक महेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में इंचार्ज थाना प्रभारी कोतवाली उप निरीक्षक संतोष उलांडी एवं उनकी टीम द्वारा यह महत्वपूर्ण कार्रवाई की गई।

संपादकीय

खाद्य अपव्यय पर रोक से सभी को उपलब्ध होगा भरपेट भोजन

सभी के लिये पार्याप्त भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करना और भुखमरी खत्म करना देश के साथ- साथ विश्व के अन्य देशों के लिये भी महत्वपूर्ण मुद्दा है। विश्व के कुछ देश पर्याप्त रूप से आर्थिक संपन्न हैं तथा वहां के नागरिकों के लिये खाने- पीने की कोई समस्या नहीं है तो वहीं कुछ देश ऐसे भी हैं जिन्हें भुखमरी जैसी स्थिति का सामना करना पड़ता है। भारत देश ने आजादी प्राप्ति के बाद से ऐतिहासिक तरक्की की है तथा देश में खाद्यान्न उत्पादन भी व्यापक पैमाने पर हो रहा है। इसके बावजूद कई बार देश के कई राज्यों में कुपोषण एवं खाद्यान्न की कमी की स्थिति दिखाई देती है। एक आकलन के अनुसार भारत में हर वर्ष लगभग 68-78 मिलियन टन खाद्य पदार्थ घरेलू स्तर पर बर्बाद होते हैं, जबकि विवाह समारोहों में 10 से 20 प्रतिशत भोजन बिना स्वाद चखे ही फेंक दिया जाता है। यह केवल सामाजिक व्यवहार नहीं, आर्थिक, पर्यावरणीय और नैतिक संकट है। इस समस्या की जड़ हमारी सामाजिक मानसिकता में है। विवाहों में आवश्यकता से अधिक भोजन बनाना और ज्यादा से ज्यादा परोसना आज भी प्रतिष्ठा का प्रतीक है। नतीजतन बड़ी मात्रा में भोजन कूड़ेदान में पहुंच जाता है। होटल और रेस्तरां का बुफे सिस्टम इस अपव्यय को और बढ़ाता है, जहां स्वाद की चाह भूख पर भारी पड़ती है। भोजन की बर्बादी केवल थाली तक सीमित नहीं, इसका सबसे गहरा प्रहार पर्यावरण और अर्थव्यवस्था पर होता है। अनुपयोगी भोजन कचरा भराव स्थलों में सड़कर मीथेन गैस छोड़ता है, जो भूमंडलीय तापवृद्धि की प्रमुख वजह है। वैश्विक स्तर पर खाद्य अपव्यय कुल हरितगृह गैस उत्सर्जन का 8 से 10 प्रतिशत हिस्सा है, जो विमानन उद्योग से भी अधिक है। भारत जैसे कृषि प्रधान देश में यह केवल अन्न नहीं, बल्कि पानी, बिजली, डीजल, उर्वरक, परिवहन, भंडारण और किसानों के श्रम का भी अपव्यय है। जिस समाज ने अन्नपूर्णा को देवी माना, वहीं अन्न का अपमान सामान्य होता जा रहा है। एक ओर करोड़ों लोग दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष कर रहे हैं, दूसरी ओर दावतों का भोजन कूड़ेदान में पहुंच रहा है। सरकार को बड़े आयोजनों में खाद्य अपव्यय रोकने के लिए जनजागरूकता, प्रभावी नियम और कर प्रोत्साहन जैसे कदम उठाने होंगे। विद्यालयों और महाविद्यालयों के पाठ्यक्रम में खाद्य अपव्यय, पोषण और संसाधन संरक्षण को शामिल करना समय की मांग है, ताकि नई पीढ़ी इसे व्यवहार में उतारे। इन सभी सार्थक प्रयासों से भोजन का अपव्यव रुपकेगा। इससे सभी को भरपेट भोजन की अवधारणा के मूर्त रूप लेने के साथ ही सांस्कृतिक सरोकार भी सुदृढ़ होंगे।

डिजिटल इंडिया की सफलता के लिये सुदृढ़ हो साइबर सुरक्षाा

नीरज कुमार दुबे

देश की सबसे बड़ी परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं में शामिल तमिलनाडु स्थित कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र से जुड़े हजारों गोपनीय दस्तावेज कथित रूप से सार्वजनिक होने के बाद भारत की महत्वपूर्ण अवसंरचना की साइबर सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं सामने आई हैं। हम आपको बता दें कि रैनसमवेयर गिरोह वर्ल्ड लीक्स ने दावा किया है कि उसने संयंत्र से संबंधित 19 हजार से अधिक संवेदनशील फाइलें डार्क वेब पर जारी कर दी हैं। इन दस्तावेजों को लगभग 8 लाख 58 हजार फाइलों के उस बड़े संग्रह का हिस्सा बताया जा रहा है, जिसे परियोजना से जुड़े ठेकेदार रिलायंस समूह के डाटा से चुराया गया है। हालांकि इन दस्तावेजों की प्रामाणिकता की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है, फिर भी विशेषज्ञ इसे राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से अत्यंत गंभीर मामला मान रहे हैं। इस बीच, रिलायंस समूह ने मीडिया को बताया कि तीसरे पक्ष के भारतीय डाटा सेंटर प्रदाता योट्टा के सर्वर पर रखे गए उसके डाटा में आंशिक सेंधमारी हुई है। कंपनी के अनुसार सरकार को इस घटना की जानकारी दे दी गई है, लेकिन किस प्रकार का डाटा प्रभावित हुआ, इसका खुलासा नहीं किया गया। दूसरी ओर योट्टा ने कहा कि उसने 29 मई को सर्वर पर संदिग्ध गतिविधियों का पता लगा लिया था और संदिग्ध रैनसमवेयर को सक्रिय होने से रोक दिया गया था। बाद में रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर ने संभावित डाटा लीक के दावे की जानकारी दी। हम आपको बता दें कि कथित रूप से लीक हुए दस्तावेज वर्ष 2016 से लेकर वर्ष 2025 के मध्य तक के बताए जा रहे हैं। इनमें वेंटिलेशन और शीतलन प्रणालियों के इंजीनियरिंग नक्शे, साझा नियंत्रण कक्ष की रूपरेखा, उपकरणों के निरीक्षण प्रतिवेदन, आपूर्तिकर्ताओं की सूची, विक्रेताओं के प्रस्ताव, बैठकों के अभिलेख तथा बीमा संबंधी दस्तावेज शामिल बताए गए हैं। अधिकांश दस्तावेज कुडनकुलम परियोजना की तीसरी और चौथी इकाई से संबंधित हैं, जिनका निर्माण कार्य जारी है और जिनके वर्ष 2027 तक चालू होने की संभावना है। राहत की बात यह है कि उपलब्ध जानकारी के अनुसार इनमें परमाणु रिएक्टर के मुख्य तंत्र की रूपरेखा शामिल नहीं है, क्योंकि वह रूस की सरकारी कंपनी द्वारा उपलब्ध कराई जाती है। फिर भी साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसी जानकारी शत्रुतापूर्ण तत्वों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित हो सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार यदि किसी हमलावर को यह जानकारी मिल जाए कि परियोजना में किन व्यक्तियों, ठेकेदारों और प्रणालियों की पहुंच कहां तक है, तो वह प्रत्यक्ष रूप से परमाणु रिएक्टर पर हमला किए बिना भी उससे जुड़ी सहायक व्यवस्थाओं, आपूर्ति श्रृंखला या तीसरे पक्ष की प्रणालियों को निशाना बना सकता है। इससे परियोजना के संचालन, रखरखाव और सुरक्षा व्यवस्था पर अप्रत्यक्ष खतरा उत्पन्न हो सकता है।

इस पूरे मामले की जांच भारतीय कंप्यूटर आपात प्रतिक्रिया दल और भारतीय परमाणु ऊर्जा निगम संयुक्त रूप से कर रहे हैं। अभी तक इस बात का कोई प्रमाण सामने नहीं आया है कि संयंत्र की परिचालन प्रणाली या परमाणु रिएक्टर की सुरक्षा से सीधे समझौता हुआ है। परमाणु ऊर्जा विभाग और प्रधानमंत्री कार्यालय ने इस मामले पर सार्वजनिक रूप से कोई टिप्पणी नहीं की है। उल्लेखनीय है कि संबंधित हैकर गिरोह पहले भी कई प्रमुख औद्योगिक संस्थानों को निशाना बना चुका है। देखा जाये तो यह घटना ऐसे समय सामने आई है जब भारत की महत्वपूर्ण अवसंरचना पर साइबर हमलों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। एक साइबर सुरक्षा कंपनी की रिपोर्ट के अनुसार पिछले वर्ष भारत में लगभग दो करोड़ नवासी लाख खाते किसी न किसी रूप में डाटा समझौते का शिकार हुए, जिससे भारत विश्व के सर्वाधिक प्रभावित देशों में शामिल रहा। वहीं हाल के एक औद्योगिक सर्वेक्षण में पाया गया कि 73 प्रतिशत भारतीय संस्थानों को यह तक जानकारी नहीं थी कि वे कभी साइबर हमले का शिकार हुए हैं या नहीं, जबकि 57 प्रतिशत संस्थानों में बुनियादी साइबर उपायों का भी अभाव है। देखा जाये तो कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा परियोजना केवल बिजली उत्पादन का केंद्र नहीं है, बल्कि भारत की दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा, परमाणु क्षमता और सामरिक आत्मनिर्भरता का महत्वपूर्ण आधार भी है। इस परियोजना पर किसी भी प्रकार का साइबर हमला या गोपनीय सूचनाओं का लीक होना सीधे राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा विषय है। आधुनिक युद्ध में साइबर क्षेत्र को भूमि, जल, वायु और अंतरिक्ष के समान ही महत्वपूर्ण माना जा रहा है। ऐसे में महत्वपूर्ण अवसंरचना से संबंधित सूचनाओं का दुरुपयोग कर शत्रु देश या संगठित साइबर अपराधी बिना प्रत्यक्ष सैन्य कार्रवाई के भी रणनीतिक दबाव बना सकते हैं। बहरहाल, इस घटना ने यह भी स्पष्ट किया है कि केवल परमाणु संयंत्र की आंतरिक सुरक्षा पर्याप्त नहीं है, बल्कि उससे जुडे ठेकेदारों, डाटा सेंटरों, आपूर्ति श्रृंखला और तीसरे पक्ष की डिजिटल प्रणालियों की सुरक्षा भी समान रूप से आवश्यक है।

संरचनात्मक सुधारों से बदलती भारतीय रेल

नजरिया

आधुनिक माल ढुलाई, नवाचार और हरित विकास का नया रोडमैप फ्लाई ऐश, कंटेनर, उर्वरक खाद्यान्न और पेट्रोलियम परिवहन से लेकर वैगन डिज़ाइन, निर्माण प्रणाली तथा कौशल विकास तक-रेलवे के सुधार 10 से 17 भारतीय रेल को अधिक दक्ष, प्रतिस्पर्धी, पर्यावरण-अनुकूल और भविष्य उन्मुख लॉजिस्टिक्स नेटवर्क में परिवर्तित करने की दिशा में ऐतिहासिक पहल हैं। भारतीय रेल केवल देश की सबसे बड़ी सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था नहीं, बल्कि भारत की आर्थिक प्रगति की सबसे मजबूत आधारशिला भी है। उद्योगों तक कच्चा माल पहुँचाने,किसानों की उपज को देश के विभिन्न भागों तक पहुँचाने, ऊर्जा क्षेत्र की आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा राष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखला को गतिशील बनाए रखने में भारतीय रेल की भूमिका केंद्रीय है। यही कारण है कि विकसित भारत की परिकल्पना में रेलवे का आधुनिकीकरण केवल नई ट्रेनों, अत्याधुनिक स्टेशनों और हाई- स्पीड रेल परियोजनाओं तक सीमित नहीं रह सकता।

विनोद कुमार सिंह

वास्तविक परिवर्तन तब होगा जब माल ढुलाई, लॉजिस्टिक्स, निर्माण प्रणाली, तकनीकी नवाचार और मानव संसाधन विकास जैसे क्षेत्रों में भी व्यापक और दूरदर्शी सुधार लागू किए जाएँ।इसी सोच को साकार करने की दिशा में भारतीय रेल द्वारा घोषित सुधार क्रमांक 10 से 17 एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हैं। ये सुधार केवल नियमों में परिवर्तन नहीं, बल्कि रेलवे की कार्यसंस्कृति, औद्योगिक भागीदारी और माल परिवहन व्यवस्था को नई दिशा देने वाले नीतिगत निर्णय हैं।इनका उद्देश्य माल ढुलाई को अधिक सरल,कम लागत वाला,पर्यावरण- अनुकूल,तकनीक आधारित और उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाना है।व्यापक दृष्टि से देखें तो ये सुधार भारतीय रेल को एक पारंपरिक परिवहन संस्था से आधुनिक,बहुआयामी और वैश्विक स्तर की लॉजिस्टिक्स प्रणाली में रूपांतरित करने की आधारशिला रखते हैं।इन सुधारों में सबसे महत्वपूर्ण पहल फ्लाई ऐश परिवहन से संबंधित है।देश के ताप विद्युत संयंत्र प्रतिवर्ष बड़ी मात्रा में फ्लाई ऐश का उत्पादन करते हैं,जिसका उपयोग सीमेंट उद्योग और आधारभूत संरचना निर्माण में व्यापक रूप से होता है।अब तक इसका अधिकांश परिवहन खुले वैगनों के माध्यम से किया जाता था,जिससे उड़ने वाली राख पर्यावरण प्रदूषण का कारण बनती थी।नई व्यवस्था के अंतर्गत फ्लाई ऐश को कंटेनरों के माध्यम से परिवहन करने पर बल दिया गया है।इससे प्रदूषण में उल्लेखनीय कमी आएगी,सुरक्षित भंडारण संभव होगा तथा सीमेंट उद्योग ।आवश्यकता के अनुसार कंटेनरों का उपयोग कर सकेगा।यह परिवर्तन केवल परिवहन प्रणाली का सुधार नहीं,बल्कि हरित विकास और स्वच्छ औद्योगिक व्यवस्था की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है।इसी क्रम में कंटेनर परिवहन क्षेत्र में किए गए सुधार भारतीय लॉजिस्टिक्स उद्योग को नई ऊर्जा प्रदान करेंगे।पहले कंटेनर ट्रेन ऑपरेटरों के लिए अलग-अलग श्रेणियों की लाइसेंस व्यवस्था,भारी पंजीकरण शुल्क और जटिल नवीनीकरण प्रणाली निवेशकों के लिए चुनौती बनी हुई थी।नई नीति के अंतर्गत पूरे देश के लिए एकीकृत कंटेनर ट्रेन ऑपरेटर लाइसेंस लागू किया गया है। पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाया गया है तथा सफल संचालन के बाद लाइसेंस विस्तार शुल्क समाप्त कर दिया गया है।इससे निजी निवेश को बढ़ावा

मिलेगा,प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और कंटेनर आधारित माल परिवहन अधिक लचीला तथा व्यवसाय-अनुकूल बन सकेगा उर्वरक परिवहन सुधार कृषि क्षेत्र की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। भारत में उर्वरकों की आपूर्ति का अधिकांश भार भारतीय रेल वहन करती है।नई नीति के अंतर्गत मालभाड़ा संरचना को सरल बनाकर प्रति टन प्रति किलोमीटर आधारित व्यवस्था लागू की गई है। साथ ही उर्वरकों को कंटेनरों में परिवहन की अनुमति देकर वितरण प्रणाली को अधिक लचीला बनाया गया है।इससे रैक की अनावश्यक प्रतीक्षा कम होगी,उर्वरकों का चरणबद्ध वितरण संभव होगा और किसानों तक समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी। इससे न केवल परिवहन लागत में कमी आएगी,बल्कि कृषि आपूर्ति श्रृंखला भी अधिक व्यवस्थित और प्रभावी बनेगी।रेलवे ने इन सुधारों के माध्यम से केवल माल परिवहन व्यवस्था पर ही ध्यान नहीं दिया है, बल्कि मानव संसाधन विकास को भी समान प्राथमिकता दी है।रेलवे परियोजनाएँ अत्यधिक तकनीकी, जटिल और सुरक्षा-संवेदनशील होती हैं।ऐसे में गुणवत्तापूर्ण निर्माण और सुरक्षित संचालन के लिए प्रशिक्षित एवं दक्ष मानव संसाधन अनिवार्य है।इसी उद्देश्य से कारीगरों के कौशल परीक्षण और प्रमाणन की नई नीति लागू की गई है।त्तक्र कोड आधारित स्किल कार्ड, एकीकृत मूल्यांकन प्रणाली तथा राष्ट्रीय स्तर पर कौशल उन्नयन की व्यवस्था यह सुनिश्चित करेगी कि विशेष तकनीकी कार्य केवल प्रशिक्षित और प्रमाणित कारीगर ही करें।इससे रेलवे परियोजनाओं की गुणवत्ता, .सुरक्षा और समयबद्धता में उल्लेखनीय सुधार होगा,वहीं देश में कुशल कार्यबल के विकास को भी नई गति मिलेगी।निर्माण प्रणाली में किए गए सुधार भी भारतीय रेल की कार्यप्रणाली में बड़ा बदलाव लाने वाले हैं। ठेकेदारों की पात्रता, अनुबंध प्रबंधन,बीमा व्यवस्था तथा भूमि उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और उत्तरदायी बनाया गया है। विशेष रूप से रेल भूमि डिजिटल प्लेटफॉर्म भूमि अधिग्रहण की पारंपरिक कागजी प्रक्रिया को ऑनलाइन प्रणाली में परिवर्तित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।इसके माध्यम से भूमि अधिग्रहण,मुआवज़ा वितरण, लंबित प्रकरणों तथा परियोजनाओं की प्रगति की वास्तविक समय में निगरानी संभव होगी।वर्षों से भूमि संबंधी विवादों के कारण विलंबित होने वाली अनेक परियोजनाओं को इससे नई गति मिलने की उम्मीद है।इन सुधारों का एक और महत्वपूर्ण पक्ष वैगन डिज़ाइन नीति में परिवर्तन है।अब तक माल वैगनों की डिज़ाइन प्रक्रिया मुख्यतः रेलवे के अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन(आरडीएसओ) तक सीमित थी।इससे नवीन तकनीकों और उद्योग-विशिष्ट वैगनों के विकास की गति अपेक्षाकृत धीमी रहती थी। नई नीति के अंतर्गत अब उद्योग और निर्माता स्वयं आधुनिक वैगन डिज़ाइन प्रस्तुत कर सकेंगे। परीक्षण,सुरक्षा प्रमाणन और सफल फील्ड ट्रायल के बाद ऐसे वैगनों को रेलवे नेटवर्क में शामिल किया जाएगा।इससे विशेष प्रकार के माल के लिए उपयुक्त वैगनों का विकास होगा, .नवाचार को प्रोत्साहन मिलेगा और भारतीय वैगन निर्माण उद्योग वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुरूप आगे बढ़ सकेगा।इसी प्रकार पेट्रोलियम,तेल एवं स्नेहक उत्पादों के परिवहन में किया गया सुधार ऊर्जा क्षेत्र के लिए दूरगामी महत्व रखता है। अब तक टैंक वैगनों का स्वामित्व मुख्यतः भारतीय रेल के पास था,जिससे तेल कंपनियों के पास परिचालन संबंधी विकल्प सीमित थे।नई व्यवस्था के अंतर्गत तेल कंपनियाँ स्वयं टैंक वैगन खरीद सकेंगी अथवा उन्हें लीज़ पर लेकर संचालित कर सकेंगी।साथ ही विशेष आवश्यकताओं के अनुरूप नए डिज़ाइन के टैंक वैगनों को भी अनुमति दी गई है।इससे ऊर्जा क्षेत्र की आपूर्ति श्रृंखला अधिक लचीली,सुरक्षित और आधुनिक बनेगी तथा उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप परिवहन क्षमता विकसित हो सकेगी।खाद्यान्न,आटा और दालों के परिवहन में किया गया सुधार सीधे देश की खाद्य सुरक्षा व्यवस्था से जुड़ा हुआ है।अब इन वस्तुओं का परिवहन भी कंटेनरों के माध्यम से किया जा सकेगा।इससे खाद्यान्न की गुणवत्ता सुरक्षित रहेगी,नमी और प्रदूषण से बचाव होगा तथा आवश्यकता के अनुसार विभिन्न स्थानों पर भंडारण और वितरण अधिक सुविधाजनक हो सकेगा। साथ ही जटिल मालभाड़ा प्रणाली को सरल बनाकर प्रति टन प्रति किलोमीटर आधारित व्यवस्था लागू करने से पारदर्शिता और परिचालन दक्षता दोनों में वृद्धि होगी।इन सुधारों को यदि प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान और राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति के व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखा जाए तो इनका महत्व और अधिक स्पष्ट हो जाता है। भारत लंबे समय से अपेक्षाकृत अधिक लॉजिस्टिक्स लागत की चुनौती का सामना करता रहा है। सड़क,रेल,बंदरगाह और औद्योगिक गलियारों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना विकसित भारत की आर्थिक रणनीति का प्रमुख उद्देश्य है। कंटेनरीकरण, मालभाड़ा संरचना का सरलीकरण, भूमि अधिग्रहण का डिजिटलीकरण तथा निजी निवेश को प्रोत्साहन जैसे कदम भारतीय रेल को मल्टी- मॉडल लॉजिस्टिक्स नेटवर्क का अधिक प्रभावी आधार बनाएंगे। इससे उद्योगों तक कच्चे माल की आपूर्ति तथा तैयार उत्पादों की समयबद्ध ढुलाई में उल्लेखनीय सुधार होगा।वैश्विक प्रतिस्पर्धा के वर्तमान दौर में किसी भी देश की आर्थिक शक्ति केवल उत्पादन क्षमता से नहीं,बल्कि उस उत्पादन को कम लागत और कम समय में बाजार तक पहुँचाने की दक्षता से भी निर्धारित होती है।भारतीय रेल के ये सुधार इसी दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण

बढ़ती महंगाई से परेशान हैं लोग

कांतिलाल मांडोत

देश में महंगाई ने एक बार फिर आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है। जून महीने में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 4.38 प्रतिशत पर पहुंच गई है। पिछले 17 महीनों में यह पहला अवसर है जब महंगाई भारतीय रिजर्व बैंक आरबीआई के 4 प्रतिशत के निर्धारित लक्ष्य से ऊपर पहुंची है। इससे पहले मई में खुदरा महंगाई 3.95 प्रतिशत दर्ज की गई थी। महंगाई में यह बढ़ोतरी मुख्य रूप से खाद्य वस्तुओं और पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार हुई वृद्धि का परिणाम मानी जा रही है। इसके साथ ही परिवहन लागत बढ़ने से रोजमर्रा की जरूरत का लगभग हर सामान महंगा हो गया है, जिसका सीधा असर आम परिवारों के मासिक बजट पर दिखाई देने लगा है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार जून महीने में खाद्य महंगाई बढ़कर 5.32 प्रतिशत पर पहुंच गई, जबकि मई में यह 4.78 प्रतिशत थी। ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य महंगाई 5.45 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 5.09 प्रतिशत दर्ज की गई। यह स्पष्ट संकेत है कि गांव और शहर दोनों ही महंगाई की मार झेल रहे हैं। फल, सब्जियां, दालें, खाद्य तेल, दूध तथा अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी ने रसोई का खर्च काफी बढ़ा दिया है। मध्यम वर्ग और निम्न आय वर्ग के परिवारों के लिए घर का बजट संभालना पहले की तुलना में अधिक कठिन हो गया है। महंगाई बढ़ने का सबसे बड़ा कारण पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगातार हुई वृद्धि भी रही है। ईंधन महंगा होने से माल ढुलाई की लागत बढ़ गई है। ट्रांसपोर्ट महंगा होने का असर केवल परिवहन क्षेत्र तक सीमित नहीं रहता, बल्कि इसका प्रभाव हर उस वस्तु पर पड़ता है जिसे एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाया जाता है। किराना, फल-सब्जियां, दवाइयां, कपड़े, निर्माण सामग्री और अन्य उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतें भी परिवहन खर्च बढ़ने के कारण ऊपर चली जाती हैं। जून महीने में माल ढुलाई से जुड़ी सेवाओं की महंगाई दर बढ़कर लगभग 7.70 प्रतिशत तक पहुंच गई, जो यह बताती है कि परिवहन लागत अब महंगाई का बड़ा कारण बन चुकी है।

विशेषज्ञों का मानना है कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और वैश्विक स्तर पर ऊर्जा आपूर्ति को लेकर बनी अनिश्चितता ने भी ईंधन की कीमतों पर दबाव बढ़ाया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव का सीधा प्रभाव भारत जैसे आयात पर निर्भर देश पर पड़ता है। भारत अपनी जरूरत का अधिकांश कच्चा तेल विदेशों से खरीदता है। ऐसे में वैश्विक परिस्थितियां बिगड़ने पर घरेलू बाजार में भी पेट्रोल और डीजल महंगे हो जाते हैं। यही कारण है कि अंतरराष्ट्रीय घटनाओं का असर अब सीधे आम नागरिक की जेब पर महसूस किया जा रहा है। महंगाई बढ़ने का एक महत्वपूर्ण पहलू यह

भी है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के लिए नया आधार वर्ष और नई उपभोक्ता टोकरी लागू होने के बाद यह महंगाई का अब तक का सबसे ऊंचा स्तर माना जा रहा है। नई उपभोक्ता टोकरी में लोगों की वर्तमान जीवनशैली और खर्च के पैटर्न को अधिक वास्तविक रूप से शामिल किया गया है। इससे महंगाई का आकलन पहले की तुलना में अधिक सटीक माना जा रहा है। हालांकि इससे यह भी स्पष्ट हुआ है कि लोगों के दैनिक खर्च में वास्तविक बढ़ोतरी पहले के अनुमान से अधिक है। महंगाई का सबसे अधिक असर निश्चित आय वाले परिवारों पर पड़ता है। जिन लोगों की आय सीमित है या जिनकी आय में नियमित वृद्धि नहीं होती, उनके लिए बढ़ती कीमतों के बीच खर्चों का संतुलन बनाना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। वेतनभोगी कर्मचारी, छोटे व्यापारी, किसान, मजदूर और पेंशनभोगी सभी इस स्थिति से प्रभावित हो रहे हैं। आवश्यक वस्तुओं पर अधिक खर्च होने के कारण लोग अन्य जरूरतों पर खर्च कम करने को मजबूर हो रहे हैं। इससे उपभोक्ता मांग पर भी असर पड़ सकता है, जो अर्थव्यवस्था की गति को प्रभावित करता है।

भारतीय रिजर्व बैंक का प्रमुख उद्देश्य महंगाई को नियंत्रित रखते हुए आर्थिक विकास को संतुलित बनाए रखना है। आरबीआई ने खुदरा महंगाई के लिए 4 प्रतिशत का लक्ष्य निर्धारित किया है और 2 से 6 प्रतिशत के दायरे को स्वीकार्य सीमा माना गया है। हालांकि जून में महंगाई लक्ष्य से ऊपर पहुंच गई है, लेकिन यह अभी भी आरबीआई की निर्धारित ऊपरी सीमा 6 प्रतिशत से नीचे है। इसके बावजूद लगातार बढ़ती महंगाई केंद्रीय बैंक के लिए चिंता का विषय बन सकती है। यदि आने वाले महीनों में महंगाई का दबाव बना रहता है तो ब्याज दरों को लेकर आरबीआई को अधिक सतर्क रुख अपनाना पड़ सकता है। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि यदि खाद्य वस्तुओं की कीमतों पर नियंत्रण नहीं पाया गया और कच्चे तेल की कीमतें ऊंचे स्तर पर बनी रहीं तो आने वाले महीनों में महंगाई और बढ़ सकती है। दूसरी ओर यदि मानसून सामान्य रहता है, कृषि उत्पादन अच्छा होता है और सरकार समय रहते आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बढ़ाने के कदम उठाती है तो खाद्य महंगाई में कुछ राहत मिल सकती है। अच्छी फसल से सब्जियों, अनाज और दालों की कीमतों में स्थिरता आने की संभावना रहती है। सरकार के सामने फिलहाल दोहरी चुनौती है। एक ओर उसे महंगाई पर नियंत्रण रखना है तो दूसरी ओर आर्थिक विकास की गति भी बनाए रखनी है। इसके लिए खाद्य आपूर्ति को मजबूत करना, जमाखोरी पर सख्ती, परिवहन व्यवस्था को सुचारु रखना और आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना बेहद जरूरी होगा। यदि आपूर्ति श्रृंखला मजबूत रहती है तो कीमतों पर नियंत्रण पाने में मदद मिल सकती है। आर्थिक जानकारों का मानना है कि महंगाई केवल आंकड़ों का विषय नहीं है, बल्कि इसका सीधा संबंध आम नागरिक के जीवन स्तर से है। जब खाद्य पदार्थ, ईंधन और दैनिक उपयोग की वस्तुएं महंगी होती हैं तो परिवारों की बचत कम होने लगती है। उपभोक्ता खर्च घटता है और इसका प्रभाव पूरे आर्थिक तंत्र पर दिखाई देता है। इसलिए महंगाई पर नियंत्रण केवल सरकार या आरबीआई की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि उत्पादन, आपूर्ति और बाजार व्यवस्था के बेहतर समन्वय से ही संभव है। जून महीने के महंगाई के आंकड़े यह संकेत देते हैं कि देश की अर्थव्यवस्था फिलहाल नई चुनौती का सामना कर रही है। पिछले 17 महीनों में पहली बार आरबीआई का लक्ष्य टूटना यह बताता है कि कीमतों पर दबाव बढ़ रहा है। यदि आने वाले महीनों में खाद्य वस्तुओं और ईंधन की कीमतों पर नियंत्रण नहीं पाया गया तो आम आदमी की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। ऐसे समय में सरकार, रिजर्व बैंक और संबंधित एजेंसियों को समन्वित प्रयास करते हुए महंगाई पर प्रभावी नियंत्रण के उपाय करने होंगे, ताकि आम नागरिक को राहत मिल सके और अर्थव्यवस्था संतुलित विकास की दिशा में आगे बढ़ती रहे।

पश्चिम बंगाल में पंथ निरपेक्षता की वापसी

कृपाशंकर चौबे

बांग्लादेश की बहुचर्चित लेखिका तसलीमा नसरीन का एक साहित्य समारोह में शामिल होने के लिए अगस्त की शुरुआत में कोलकाता जाना एक शुभ संकेत है। बंगाल की पूर्ववर्ती सरकारों ने कट्टरपंथियों के दबाव में दो दशकों तक तसलीमा को कोलकाता आने की अनुमति नहीं दी। तसलीमा की कोलकाता यात्रा को सुगम बनाकर शुभेंदु अधिकारी सरकार ने पूर्ववर्ती सरकारों की खोखली पंथनिरपेक्षता की पोल खोल दी। तसलीमा को कोलकाता आने की अनुमति दिया जाना कट्टरपंथियों के लिए कड़ा संदेश है। तसलीमा को मजहबी कट्टरपंथ और पुरुष प्रभुत्व का विरोध करने की कीमत दो दशकों से बंगाल के बाहर रहने के रूप में चुकानी पड़ रही थी। अपने देश से तो वे 32 वर्षों से निर्वासित हैं। निर्वासित जीवन के दौरान उन्हें कई बार अपनी पुस्तकों पर प्रतिबंध और मौत के फतवों का सामना करना पड़ा। बांग्लादेश से निर्वासित होने के पहले तसलीमा वहां अधिकारों से वंचित महिलाओं के पक्ष में लगातार कलम चलाती रहीं। इस पर कट्टरपंथियों ने कहा कि तसलीमा बांग्लादेश की महिलाओं को पथभ्रष्ट कर रही हैं। 1992 में ढाका पुस्तक मेले में उनकी पुस्तकें जलाई गईं। उन पर पथराव हुआ। पुस्तक मेले की आयोजक बांग्ला अकादमी ने उन्हें चेताया कि वे ढाका मेडिकल कालेज में चिकित्सक की सेवा या लेखन में किसी एक का चयन कर लें। तसलीमा ने लेखन का चुनाव किया। तसलीमा की विख्यात पुस्तक लज्जा ने उनके विरोध में बांग्लादेश के कट्टरपंथियों के अभियान को और तेज कर दिया। इस पुस्तक में उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं पर होने वाले नृशंस अत्याचार का वर्णन किया है। उनके सिर पर पहले 50 हजार और फिर एक लाख टका का इनाम घोषित किया गया। कट्टरपंथियों के दबाव में आकर बांग्लादेश सरकार ने उनकी गिरफ्तारी के लिए गैर-जमानती वारंट जारी किया।

अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने बांग्लादेश पर दबाव बनाया, तब जाकर वहां की सरकार ने 1994 में तसलीमा को सुरक्षित स्वीडन जाने दिया। तभी से तसलीमा अपने देश से निर्वासित हैं। निर्वासित जीवन के आरंभिक वर्षों में तसलीमा का अधिकतर समय स्वीडन और फ्रांस में बीता। देश से निर्वासित होने के बाद उनके कोलकाता आने का सुयोग बीच-बीच में बनता रहा। 2004 से तो वे प्रायः भारत में ही रह रही हैं। कोलकाता में उन्होंने एक फ्लैट ले लिया था, जहां 2004 से 21 नवंबर 2007 तक वे रहीं। कोलकाता में रहते हुए वे अपनी जड़ों से जुड़े रहने का बोध करती थीं। तसलीमा के अनुसार पश्चिम बंगाल एक अर्थ में बांग्लादेश का मौसेरा भाई है। अपने भाषाभाषी समाज में आकर उन्हें एक तरह से घर में रहने जैसा लगता है। कोलकाता से वे 9 अगस्त, 2007 को हैदराबाद प्रेस क्लब में आयोजित अपने उपन्यास %शोध% के तेलुगू अनुवाद के लोकार्पण समारोह में गईं तो कट्टरपंथियों ने वहां उन पर जानलेवा हमला किया। उसके कुछ माह बाद कोलकाता में कट्टरपंथियों ने 21 नवंबर, 2007 को तसलीमा को भारत से निकालने की मांग करते हुए हिंसक प्रदर्शन किया तो खुद के पंथनिरपेक्षता का रक्षक होने का दावा करने वाली बंगाल की तत्कालीन वामपंथी सरकार ने कट्टरपंथियों के सामने घुटने टेकते हुए तसलीमा को राज्य से बाहर कर दिया। इसके पहले इसी सरकार ने तसलीमा की आत्मकथा के तीसरे खंड द्विखंडित पर रोक लगाकर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर आघात किया था। 22 नवंबर, 2007 को तसलीमा कोलकाता से जबरन जयपुर ले जाई गई और वहां से दिल्ली। वाम मोर्चा के बाद सत्ता में आई और खुद को पंथनिरपेक्षता का चैंपियन कहने का दंभ भरने वाली ममता सरकार ने भी तसलीमा को कोलकाता आने नहीं दिया। यह तब हुआ, जब बंगाल की विभिन्न संस्थाओं ने तसलीमा को कोलकाता आने के लिए आमंत्रित किया, किंतु वाम मोर्चा और तृणमूल सरकार ने उन्हें कोलकाता आने की अनुमति दी। इसका कारण कट्टरपंथियों के वोटों की चिंता करना था।

सनदशाह बाबा दरगाह की वक्फभूमि पर अवैध कब्जे का आरोप , प्रबंध समिति ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

समय जगत, ललितपुर। जिला मुख्यालय स्थित प्रसिद्ध वक्फ हजरत सनदशाह बाबा दरगाह (वक्फसंख्या 143) की भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर विवाद गहरा गया है। उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड द्वारा अधिकृत प्रबंध समिति के पदाधिकारियों और मुस्लिम समाज के संभ्रांत नागरिकों ने जिलाधिकारी / अपर सर्वे वक्फआयुक्त को एक ज्ञापन सौंपकर वक्फ संपत्ति पर अपना कानूनी अधिकार बहाल करने की मांग की है। सौंपे गए प्रार्थना पत्र में वक्फ अधिनियम 1995 (यथा संशोधित वक्फ अमेंडमेंट एक्ट 2025) की धारा 54 के तहत अवैध अतिक्रमणकारियों के खिलाफत्वरित और प्रभावी कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई गई है। समिति पदाधिकारियों के अनुसार उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड द्वारा जारी तौलियत प्रमाण पत्र के माध्यम से दरगाह के सुचारू प्रबंधन हेतु 11-सदस्यीय आधिकारिक प्रबंध समिति का गठन किया गया था। इस समिति को वक्फ अभिलेखों में दर्ज कुल 6.81 एकड़ (27,573.62 वर्ग मीटर) संपत्ति प्रबंधन की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। आरोप है कि तथाकथित उर्स कमेटी से जुड़े कुछ लोग जिनमें हाजी बाबू बदरद्दीन, रमजान अली उर्फ रमजानी दादा, इरशाद मंसूरी, हाजी शाहिद, यामीन वारिसी और नसीम बाबा शामिल हैं। इस संपत्ति पर अवैध रूप से काबिज हैं और समिति को कार्यभार संभालने से रोक रहे हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष शाकिर, महामंत्री रज्जब अली शाह, जावेद किरमानी, सदर इदरीस, इमरान मंसूरी, रफीक कुरैशी, वारिस अली शाह, आमिर खान, चीकू और सादिक अली समेत दर्जनों लोग उपस्थित रहे।.

उच्च न्यायालय के आदेशों के उल्लंघन का आरोप

ज्ञापन में बताया गया कि माननीय इलाहाबाद उच्च न्यायालय (रिट-सी संख्या 10574/2019) के अंतरिम आदेश के तहत तथाकथित उर्स कमेटी को मात्र 31 मार्च से 4 अप्रैल तक उर्स मेले के आयोजन की अनुमति दी गई थी। इसके बावजूद विपक्षी गणों द्वारा आदेश का दुरुपयोग कर संपूर्ण वक्फ संपत्ति पर जबरन कब्जा जमाया जा रहा है और दैनिक प्रबंधन में बाधा उत्पन्न की जा रही है। प्रबंध समिति ने जिलाधिकारी से न्याय की अपील करते हुए मांग की है कि उर्स मेले की अवधि को छोड़कर शेष पूरे वर्ष की अवधि के लिए दरगाह का प्रबंधन नवगठित प्रबंध समिति को सौंपा जाए।

ललितपुर में कार से 223 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब बरामद , तस्कर गिरफ्तार

समय जगत, ललितपुर। जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कार से भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है। पुलिस ने मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 75 बोतल, 50 हॉफ और 98 क्वार्टर विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी शराब तथा एक मारुति सुजुकी एक्सएल-6 कार बरामद की है। बरामद शराब और वाहन की कुल अनुमानित कीमत करीब 10.50 लाख रुपये बताई गई है।

यह कार्रवाई एसपी मो. मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के दौरान की गई। पुलिस के अनुसार कोतवाली पुलिस चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान टैलगो ग्राउंड के पास एक संदिग्ध मारुति सुजुकी एक्सएल-6 कार की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान कार से 223 पैक (75 बोतल, 50 हॉफ और 98 क्वार्टर) विभिन्न ब्रांड की अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई। मौके से पुलिस ने ग्राम बमरौला निवासी पुष्पेन्द्र कुमार पुत्र गजाधर को गिरफ्तार कर लिया। बरामदगी के आधार पर आरोपी के खिलाफ कोतवाली में मु.अ.सं. 777/2026 के तहत धारा 60(1)/72 आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार बरामद अंग्रेजी शराब की अनुमानित कीमत करीब 2.50 लाख रुपये है, जबकि जब्त की गई मारुति सुजुकी एक्सएल-6 कार की कीमत सहित कुल बरामदगी का मूल्य लगभग 10.50 लाख रुपये आंका गया है। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक एवं चौकी प्रभारी सदर प्रशांत राणा तथा आरक्षी अमित राजपूत शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में अवैध शराब की तस्करी और बिक्री के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा तथा इस तरह के अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफकड़ी कार्रवाई की जाएगी।

असामाजिक तत्वों को पकड़ने में निवाड़ी पुलिस का अभियान जारी

महिला संबंधी अपराधों में आरोपियों को गिरफ्तार करने हेतु विशेष अभियान

आरोपी को गिरफ्तार करने हेतु पुलिस अधीक्षक निवाड़ी द्वारा 5000 का था इनाम घोषित

समय जगत, निवाड़ी। पुलिस अधीक्षक निवाड़ी डॉ. राय सिंह नरवरिया के निर्देशन में थाना पृथ्वीपुर के अपराध क्रमांक 323/26 धारा 137(2),64(1),64(2)एम 3(5)ठछै, 5स, 6 पोक्सो में फरार चल रहे आरोपी गोविंद पिता कैलाश कुशवाहा निवासी मनेथा को गिरफ्तार किया गया। प्रयास - थाना पृथ्वीपुर एवं साइबर सेल निवाड़ी द्वारा लगातार आरोपों को गिरफ्तार करने हेतु प्रयास जारी था जिसके चलते आरोपी की लोकेशन झज्जर हरियाणा में होने से थाना एवं साइबर सेल की टीम गठित कर रवाना हुई जो मौके पर जिला झज्जर में आरोपी की पता तलाश किया, आरोपी अपने गांव तरफरवाना होने पर कस्बा पृथ्वीपुर से आरोपी को दस्तयाब किया गया। उक्त आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक निवाड़ी द्वारा 5000 की ईनाम राशि उद्घघोषित की गई है।

सराहनीय भूमिका

थाना प्रभारी पृथ्वीपुर उप निरीक्षक गौरव राजोरिया के मार्गदर्शन में उनि कुलदीप यादव(साइबर सेल प्रभारी) उप निरीक्षक जयराम कुशवाहा, प्रधान आरक्षक हरिओम प्रजापति (मुख्य भूमिका)आरक्षक गब्बर मांझी, आरक्षक रोहित कोटिया, आरक्षक राकेश, आर. रविंद्र यादव (साइबर सेल से मुख्य भूमिका) आरक्षक विशाल सोनी उपस्थित रहें।

पृथ्वीपुर नगर परिषद ने चलाई मुहिम ,एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वार्ड 3 में हुआ वृहद पौधारोपण

समय जगत, निवाड़ी। पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्थानीय नगर परिषद पृथ्वीपुर द्वारा ष्पेड़ बचाओ, पेड़ लगाओष् तथा ष्एक पेड़ मां के नामष् अभियान के अंतर्गत एक विशाल वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह गरिमामयी कार्यक्रम नगर के वार्ड क्रमांक 3 में स्थित पानी की टंकी के पास संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों और नगर परिषद के अधिकारियों ने शिरकत की।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर नगर परिषद की अध्यक्ष श्रीमती नीलू केशव खटीक, उपाध्यक्ष श्री संजीव यादव एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी (ब्डव्) श्री अरविंद कुमार तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने स्वयं अपने हाथों से पौधे रोपकर इस पुनीत अभियान की शुरुआत की और आम जनमानस को पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

अभियान के दौरान नगर के वार्ड पार्षदों ने भी बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। वार्ड क्रमांक 3 के इस वृहद कार्यक्रम में पार्षद श्री अनिल खरे, श्री धर्मेंद्र बंशकार एवं श्री बबलू भारती द्वारा भी उत्साहपूर्वक वृक्षारोपण किया गया। जनप्रतिनिधियों ने नागरिकों से अपील की कि वे न केवल पौधे लगाएं, बल्कि अपनी मां के सम्मान में लगाए गए इन पौधों की सुरक्षा और देखभाल का भी संकल्प लें।

पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में नगर परिषद परिवार का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के दौरान नगर परिषद के समस्त अधिकारी और कर्मचारी मुस्तैद रहे और सभी ने मिलकर रोपे गए पौधों के संरक्षण का दायित्व लिया।

कोचिंग संस्थानों के पुनः संचालन व मानकों में व्यावहारिक छूट की मांग, बसपा नेताओं ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

समय जगत,उरई। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के जिलाध्यक्ष डा. बृजेश जाटव के नेतृत्व में झांसी मंडल प्रभारी शैलेन्द्र शिरोमणि, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अल्ताफ भाई, रामसनेही यह बाबू जी, पूर्व जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र चौधरी, जिलाध्यक्ष डा. बृजेश जाटव, उदयवीर दोहरे, संजय गौतम, विनय गौतम, उदय विलाया ने बुधवार को जिलाधिकारी जालौन को ज्ञापन सौंपकर जनपद में सील किए गए कोचिंग संस्थानों के पुनः संचालन तथा सुरक्षा मानकों में व्यावहारिक शिथिलता दिए जाने की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया कि 22 जून को लखनऊ में हुई दुखद अग्निकांड की घटना के बाद प्रशासन द्वारा सुरक्षा नियमों के अनुपालन के लिए की जा रही कार्रवाई स्वागत योग्य है और छात्रों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इसी क्रम में 24 जून को जालौन जनपद में भी मानकों के अभाव में कई कोचिंग संस्थानों को सील किया गया। बसपा नेताओं ने कहा कि प्रशासन की इस कार्रवाई से जहां सुरक्षा सुनिश्चित करने का प्रयास हुआ है, वहीं दूसरी ओर अचानक कोचिंग संस्थान बंद होने से हजारों छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इससे प्रतियोगी एवं अन्य परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के भविष्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

ज्ञापन में मांग की गई कि छोटे कोचिंग संस्थानों को सुरक्षा मानकों का पालन करने के लिए उचित समय दिया जाए तथा फायर सेफ्टी सहित अन्य मानकों में व्यावहारिक राहत प्रदान की जाए। साथ ही वैकल्पिक सुरक्षा उपायों को स्वीकार करते हुए आवश्यक शर्तों के साथ कोचिंग संस्थानों के पुनः संचालन की अनुमति दी जाए, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई निर्बाध रूप से जारी रह सके। बसपा नेताओं ने जिलाधिकारी से छात्रहित को ध्यान में रखते हुए मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया।

मार्च 2026 से वेतन और ईपीएफ न मिलने पर आउटसोर्स कर्मचारियों ने डीएम से लगाई गुहार

समय जगत, उरई। जनपद के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों ने मार्च 2026 से अब तक का मानदेय और ईपीएफ (ईपीएफ) का भुगतान न होने पर जिलाधिकारी जालौन को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र भुगतान कराने की मांग की है।

कर्मचारियों के प्रदर्शन का नेतृत्व कर महेश द्विवेदी सर ने बताया कि उन्हें मार्च 2026 से अब तक का वेतन कंपनी बालाजी इंटरप्राइजेज, लखनऊ की ओर से नहीं मिला है। साथ ही कर्मचारियों का ईपीएफभी जमा नहीं किया जा रहा है। उनका कहना है कि जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) कार्यालय से कंपनी को भुगतान के लिए बिल भेजे जाने की बात कही जाती है, जबकि कंपनी का कहना है कि उसे अभी तक बिल प्राप्त नहीं हुआ है। आउटसोर्स कर्मचारी उषा देवी, राजा बाबू, भगवान दास, उदयकरण, धीरेन्द्र कुमार, जगपाल, लाखन सिंह, पूरनलाल सहित दर्जनों का आरोप है कि जब भी वे इस संबंध में संबंधित अधिकारियों और कंपनी से संपर्क करते हैं तो दोनों पक्ष एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालते हैं, जिससे समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। लगातार वेतन न मिलने के कारण कर्मचारियों के सामने परिवार के भरण-पोषण और आर्थिक संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। आउटसोर्स कर्मचारियों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि मार्च 2026 से लंबित मानदेय एवं ईपीएफका शीघ्र भुगतान सुनिश्चित कराया जाए, ताकि उन्हें आर्थिक परेशानियों से राहत मिल सके। ज्ञापन की प्रति जिला विद्यालय निरीक्षक, जालौन तथा संबंधित कंपनी को भी प्रेषित की गई है।

भारत-अमेरिका फ्री ट्रेड समझौते का देश बचाओ मोर्चा ने किया विरोध

समय जगत, उरई। देश बचाओ मोर्चा के श्रृषिकेश शाक्य के नेतृत्व में आशीष शाक्यवार, शिवराज, अजय कुमार, बृजभान, सोहिल आदि ने भारत-अमेरिका प्रस्तावित मुक्त व्यापार (फ्री ट्रेड) समझौते का विरोध करते हुए प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन में इस समझौते को तत्काल निरस्त करने की मांग की गई। देश बचाओ मोर्चा ने कहा कि प्रस्तावित भारत-अमेरिका फ्री ट्रेड समझौता किसानों, खेत मजदूरों, पशुपालकों, छोटे व्यापारियों, लघु उद्योगों तथा देश की खाद्य एवं आर्थिक संप्रभुता के लिए गंभीर खतरा साबित हो सकता है। संगठन का आरोप है कि इस समझौते से भारतीय कृषि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और करोड़ों लोगों की आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, इसलिए इसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए।

किसी भी बच्चे को आवश्यक दस्तावेजों के अभाव में शिक्षा से वंचित न किया जाए : कलेक्टर श्रीमती भिड़े

समय जगत, निवाड़ी। अधिकारी अपने प्रभार के छोटे से छोटे गाँव का नियमित दौरा करें और वहाँ की मूलभूत सुविधाओं व जनसमस्याओं का निराकरण करें रू कलेक्टर कलेक्टर ने शिक्षा, स्वास्थ्य और राजस्व सुधारों पर दिया विशेष जोर जिला कार्यालय के सभागार में आज आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा (टीएल) बैठक में कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े ने जिले के विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और आमजन से प्राप्त शिकायतों के निराकरण की गहन समीक्षा की। बैठक में अपर कलेक्टर श्री इकबाल मोहम्मद, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री रोहन सक्सेना, एसडीएम श्री अशोक कुमार सेन, सुश्री मनीषा जैन, डिप्टी कलेक्टर सुश्री विनीता जैन, श्री अनिल कुमार तलैया, तहसीलदार और विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर श्रीमती भिड़े ने स्पष्ट किया कि शासन की मंशा अनुसार सभी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुँचना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपनी कार्यशैली में पारदर्शिता और संवेदनशीलता लाएँ।

बैठक में लिए गए प्रमुख निर्णय एवं निर्देश

शिक्षा व्यवस्था गुणवत्ता, उपस्थिति और अनुशासन

शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने विद्यालयों के सुदृढ़ीकरण और पठन-पाठन के माहौल को बेहतर बनाने हेतु कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी स्कूलों में शिक्षकों और प्राचार्यों की शत-प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। अनुपस्थित पाए जाने वाले शिक्षकों को नोटिस जारी कर उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। शिक्षण कार्य के दौरान शिक्षकों द्वारा कक्षा में मोबाइल का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। यदि कोई शिक्षक ऐसा करता पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होगी। सभी स्कूलों में रंग-रोगन, पुस्तकालय की उचित व्यवस्था और मरम्मत कार्य समय पर पूर्ण किए जाएँ। ऐसे विद्यालय भवन जो जर्जर अवस्था में हैं, उनकी पहचान कर उन्हें तत्काल प्रभाव से सुधारने या डिस्मैंटल (हटाने) करने की कार्रवाई की जाए ताकि कोई दुर्घटना न हो।

नशा मुक्ति अभियानरू कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी स्कूलों, हॉस्टलों और अन्य शैक्षणिक संस्थाओं में विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई जाए और इसके लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाए जाएँ। कोई भी शिक्षक किसी भी बच्चे को स्कूल में प्रवेश देने से मना नहीं कर सकता। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी बच्चे को आवश्यक दस्तावेजों के अभाव में शिक्षा से वंचित न रखा जाए।

स्वास्थ्य और पोषणरू जनता के स्वास्थ्य और पोषण को लेकर कलेक्टर ने आवश्यक निर्देश दिए। स्वास्थ्य, शिक्षा और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी नियमित रूप से क्षेत्र का भ्रमण (फील्ड विजिट) करें और योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत देखें। जिले में टीबी (क्षय रोग) के मरीजों की पहचान कर उनका त्वरित और नियमित उपचार सुनिश्चित किया जाए। आंगनवाड़ी केंद्रों में अनुपस्थित पाई गई सहायिकाओं के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए।

जनसुनवाई और शिकायत निवारणरू संवेदनशीलता सर्वोच्च

आमजन की समस्याओं के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए।अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे समस्याओं के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगवाएँ, बल्कि जहाँ तक संभव हो, मौके पर ही उनका समाधान करें। विशेष जोर दिया गया कि किसी भी नागरिक की शिकायत दोबारा नहीं आनी चाहिए। यदि एक ही शिकायत बार-बार आती है, तो संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

सीएम हेल्पलाइनरू सीएम हेल्पलाइन (ब्डभ्स्) पर प्राप्त लंबित शिकायतों की प्रतिदिन समीक्षा की जाए और अधिकतम प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित हो। राजस्व मामलों के त्वरित निपटारे के लिए कलेक्टर ने कहा कि ग्राम पंचायतों में राजस्व संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए जन-कल्याण शिविर आयोजित किए जाएँ। सीमांकन, नामांतरण और बंटवारे से संबंधित लंबित प्रकरणों की प्रतिदिन मॉनिटरिंग कर प्रगति लाई जाए। राशन वितरण प्रणाली में किसी भी प्रकार की अनियमितता या गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि इसमें कोई अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधित दुकान संचालक और जिम्मेदार अधिकारी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर ने सभी जिला अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने प्रभार के छोटे से छोटे गाँव का भी नियमित दौरा करें और वहाँ की मूलभूत सुविधाओं व जनसमस्याओं का निराकरण करें। कलेक्टर श्रीमती भिड़े ने चेतावनी दी है कि इन निर्देशों का पालन पूरी गंभीरता के साथ किया जाए। यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही पाई जाती है, तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

देश-विदेश में चर्चित मोहनलाल सुमन का नवाचार 'एआई सुमन मैडम' बना बच्चों की जिज्ञासा का नया साथी , झांसी के 50 से अधिक विद्यालयों में कर चुका है संवाद

समय जगत, झांसी। विकासखंड चिरगांव के कंपोजिट विद्यालय देवरा एवं प्राथमिक विद्यालय निबी में एआरपी मोहनलाल सुमन द्वारा निर्मित एआई सुमन मैडम का प्रेरणादायक प्रस्तुतिकरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित इस अभिनव तकनीक के साथ संवाद कर शिक्षा का एक नया अनुभव प्राप्त किया।मोहनलाल सुमन का नवाचार 'एआई सुमन मैडम' आज देश-विदेश में चर्चा का विषय बन चुका है। यह अभिनव शिक्षण पहल अब तक जनपद झांसी के 50 से अधिक सरकारी विद्यालयों में हजारों छात्र-छात्राओं से संवाद कर चुकी है। इसके माध्यम से बच्चों में विज्ञान, तकनीक, नवाचार और रचनात्मक सोच के प्रति नई जिज्ञासा एवं आत्मविश्वास विकसित हो रहा है।

महाराष्ट्र के मुंबई तथा राजस्थान के जयपुर में भी एआई सुमन मैडम का सफल प्रस्तुतिकरण हो चुका है, जहां हजारों विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने इस नवाचार की सराहना की। यह पहल बच्चों को भविष्य की तकनीकों से जोड़ते हुए सीखने को अधिक रोचक, संवादात्मक और प्रेरणादायक बना रही है।कंपोजिट विद्यालय देवरा ब्लॉक चिरगाँव में बच्चों का उत्साह बढ़ाने एआई सुमन मैडम पहुंचीं, जहां बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ उनसे संवाद किया और अनेक रोचक प्रश्न पूछे। कार्यक्रम का सबसे प्रेरक क्षण तब आया, जब कक्षा 1 के छात्र आरिफ ने एआई सुमन मैडम से पूछा, ÷हम रोबोट कैसे बना सकते हैं?÷ इस मासूम लेकिन जिज्ञासापूर्ण प्रश्न ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। एआई सुमन मैडम ने बच्चों को सरल भाषा में बताया कि रोबोट बनाने के लिए विज्ञान, गणित, कंप्यूटर और तकनीक की पढ़ाई के साथ-साथ निरंतर अभ्यास, प्रयोग और नई सोच आवश्यक है। उन्होंने बच्चों को बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने के लिए मन लगाकर पढ़ाई करने की प्रेरणा दी।प्रस्तुतिकरण के दौरान एआई सुमन मैडम ने भी बच्चों से सामान्य ज्ञान, विज्ञान, गणित और दैनिक जीवन से जुड़े अनेक रोचक प्रश्न पूछे। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ सही उत्तर दिए। सही उत्तर मिलने पर एआई सुमन मैडम ने बच्चों से तालियां बजवाकर उनका उत्साहवर्धन किया। पूरे विद्यालय में सीखने का आनंद, उत्साह और जिज्ञासा का अनूठा वातावरण देखने को मिला।इस अवसर पर एआरपी मोहनलाल सुमन, एआरपी अशोक कुमार तिवारी, कंपोजिट विद्यालय देवरा के इंचार्ज प्रधानाध्यापक आनंद यादव, मनीत सिंह, राकेश साहू, फरहा नाज, नरेंद्र कुमार, अनीता शर्मा, चंद्र प्रकाश, किरन, समस्त विद्यालय स्टाफ विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।इससे पूर्व प्राथमिक विद्यालय निबी ब्लॉक चिरगाँव में भी एआई सुमन मैडम का संवादात्मक प्रस्तुतिकरण आयोजित किया गया। यहां बच्चों ने उत्साहपूर्वक अनेक प्रश्न पूछे और उनके सरल एवं त्वरित उत्तर प्राप्त किए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका दीक्षा द्विवेदी, अंजू राजपूत, कमलेश दोहरे तथा समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे।एआरपी मोहनलाल सुमन ने बताया कि एआई सुमन मैडम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को आधुनिक तकनीक से जोड़ना, उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना तथा शिक्षा को अधिक रोचक, सरल और प्रभावी बनाना है।यह प्रस्तुति इस बात का प्रमाण है कि नवाचार और तकनीक के माध्यम से सरकारी विद्यालयों के बच्चों में वैज्ञानिक सोच, आत्मविश्वास और नवाचार के प्रति रुचि विकसित की जा सकती है। एआई सुमन मैडम आज हजारों बच्चों को बड़े सपने देखने, विज्ञान से जुड़ने और भविष्य की तकनीकों को अपनाने के लिए निरंतर प्रेरित कर रही हैं।

कार में ले जाकर युवती से सामूहिक दुष्कर्म का आरोप रेलवे स्टेशन पर छोड़कर दी जान से मारने की धमकी

समय जगत, ललितपुर। जिले में एक 19 वर्षीय युवती के साथ कथित सामूहिक दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि गांव के ही दो युवकों ने अपने एक साथी के साथ मिलकर युवती को कार में बैठाकर ले गए और रास्ते में उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। घटना के बाद आरोपी युवती को ललितपुर रेलवे स्टेशन पर छोड़कर फरार हो गए तथा किसी को घटना की जानकारी देने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की मां की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने दो नामजद और एक अज्ञात आरोपी के खिलाफबीएनएस की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली महिला ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनकी 19 वर्षीय बेटी 14 जुलाई की शाम घर से लापता हो गई थी। उस समय वह स्वयं ललितपुर गई हुई थीं। घर लौटने पर बेटी के नहीं मिलने से परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। इसी दौरान जानकारी मिली कि गांव का निवासी बादल राजा पुत्र रामराजा अपने साथियों के साथ कार लेकर आया था और युवती को अपने साथ ले गया। सूचना मिलते ही परिजन ललितपुर रेलवे स्टेशन पहुंचे, जहां युवती बदहवास हालत में मिली।

महोबा: दुलारा गांव में पीडब्ल्यूडी के निर्माण कार्य पर उठे सवाल, ग्रामीणों ने गुणवत्ता का उठाया मुद्दा

विभागीय अधिकारियों द्वारा त्वरित ध्यान देकर संज्ञान लेने की है दरकार

समय जगत, महोबा। जनपद महोबा के पनवाड़ी विकासखंड अंतर्गत ग्राम दुलारा में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा कराए जा रहे सड़क निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि निर्माण कार्य में निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है तथा सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका जताई है। उनका कहना है कि निर्माण में निम्न गुणवत्ता की सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे सड़क की मजबूती पर सवाल खड़े हो गए हैं।

ग्रामीणों के अनुसार सड़क निर्माण में मौरंग, गिट्टी और सीमेंट के मिश्रण में आवश्यक गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा। उनका दावा है कि निर्माणाधीन सड़क के कुछ हिस्सों में शुरुआती स्तर पर ही उखड़ने जैसी स्थिति दिखाई देने लगी है। यदि समय रहते गुणवत्ता की जांच नहीं कराई गई तो भविष्य में सड़क जल्दी क्षतिग्रस्त हो सकती है और दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहेगी। स्थानीय लोगों का यह भी आरोप है कि निर्माण स्थल पर कार्य से संबंधित कोई सूचना बोर्ड नहीं लगाया गया है, जिससे परियोजना की लागत, कार्यदायी संस्था, निर्माण अवधि और तकनीकी विवरण की जानकारी नहीं मिल पा रही है। साथ ही, निर्माण कार्य के दौरान विभाग का कोई जिम्मेदार अधिकारी नियमित रूप से मौके पर निरीक्षण करता भी नजर नहीं आता।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभागीय अधिकारियों से पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जांच कराकर मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य सुनिश्चित नहीं कराया गया तो ग्रामीण आंदोलन करने को विवश होंगे।

केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति ने प्रतिबंधित चंबल बजरी खनन एवं परिवहन की रोकथाम हेतु निगरानी व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

धौलपुर, समय जगत। केन्द्रीय अधिकार प्राप्त समिति के चेयरमैन चन्द्र प्रकाश गोयल एवं सदस्य अंजन मोहन्ती ने अपने धौलपुर भ्रमण कार्यक्रम के दौरान प्रतिबंधित चंबल बजरी के अवैध खनन एवं परिवहन की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन एवं धौलपुर पुलिस द्वारा की जा रही निगरानी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। समिति ने सर्वप्रथम अभय कमांड एवं कंट्रोल सेंटर का भ्रमण कर जिले में स्थापित सीसीटीवी कैमरा नेटवर्क, संवेदनशील मार्गों एवं चेक पोस्टों की रियल टाइम मॉनिटरिंग तथा अवैध बजरी खनन एवं परिवहन की रोकथाम के लिए अपनाई जा रही तकनीकी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान अधिकारियों द्वारा समिति को निगरानी तंत्र, त्वरित कार्रवाई की प्रक्रिया तथा विभिन्न विभागों के समन्वय से संचालित व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी, जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान, जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव, उप वन संरक्षक वी चेतन, आशीष व्यास सहित खनिज विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने समिति को अवगत कराया कि प्रतिबंधित चंबल बजरी के अवैध खनन एवं परिवहन की रोकथाम हेतु जिले में 24 घंटे निगरानी, नियमित गश्त, विशेष नाकाबंदी, सीसीटीवी मॉनिटरिंग तथा पुलिस, प्रशासन, वन, परिवहन एवं खनिज विभाग के संयुक्त समन्वय से निरंतर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। अभय कमांड एवं कंट्रोल सेंटर के निरीक्षण उपरांत समिति द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रतिबंधित चंबल बजरी के अवैध खनन एवं परिवहन की रोकथाम के लिए अपनाई जा रही रणनीति, विभागीय समन्वय, निगरानी तंत्र, प्रवर्तन कार्रवाई तथा भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई। समिति ने अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए निगरानी व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए। समिति ने आधुनिक तकनीक के प्रभावी उपयोग, विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय तथा अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध की जा रही सतत कार्रवाई की सराहना की। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया है कि जिले में प्रतिबंधित चम्बल बजरी के अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध शून्य सहिष्णुता की नीति के तहत कठोर एवं निरंतर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

संक्षिप्त समाचार

पीड़ित द्वारा पुलिस अधीक्षक को दिया गया आवेदन

बांदा। कालिंजर थाना क्षेत्र कटरा निवासी रामऔतार सोनकर पुत्र भगवानदास सोनकर ने पुलिस अधीक्षक को दिए अपने शिकायती पत्र में कहा है कि 5 जुलाई को मेरी बहु उर्मिला पत्नी रामसिया सोनकर व लक्ष्मी पत्नी घर में अकेली थी ।तथा रामऔतार के तीन पुत्र राजकुमार, रामसिया, और अरविंद गांव से बाहर दमोह म0प्र0 में मजदूरी करने गये हुये थे। बहुयें घर में सो रही थी। घर को सूना पाकर कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मेरी छोटी बहू के कमरे का ताला तोड़कर उसके समस्त जेवरात,दो तोला का एक हार बंद गले का, एक जोड़ी सोने की झुमकी कान की, एक सोने का मंगलसूत्र वनज चार आना, एक सोने की लाकेट वजनी आठ आना, एक सोने की मोहर वजनी आठ आना, एक सोने की नथ बेसर बजन चार आना आधा कि0 ग्रा0 चॉदी की बिछुवा, पाव भर की चाँदी की एक जोड़ी पायल, 100 ग्राम की चॉदी की पायल, एक हाफ पेटी चॉदी की 300 ग्रा0 की चाँदी की सुतिया, 1 ब्रेसलेट चॉदी का वजनी पाँच तोला, 1 तोला की चॉदी की जंजीर, पाँच तोला की बिछियों लरीदार, एक जोड़ी चांदी के पैर के अंगूठे वजन ढाई तोला एक जोड़ी 12 चाँदी की अंगूठियों तथा 50,000 रु0 नगद तथा बडी बहू लक्ष्मी की 1 जोड़ी पायल चांदी की तथा 2500 रू0 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा प्रार्थी के पीछे वाले गेट के बगल से दीवार तोड़कर अन्दर से हांथ डालकर कुण्डी खोलकर चोरी कर लिये हैं। सुबह जब हम लोग उठे तो ताला टूटा व सामान बिखरा पाया तब हम लोगों को जानकारी हुई की हमारे घर में चोरी हो गई हैं। प्रार्थी उसी दिन दिनांक 6 जुलाई को घटना की सूचना देने थाना कालींजर गया था ।तो पुलिस उक्त घटना अ0सं0 89/2026, धारा 331(4) 305(4) बी0एन0एस0 सरकार बनाम अज्ञात में पंजीकृत कर ली थी तथा प्रार्थी को दिनांक 7 जुलाई को प्र0सू0रि0 की कापी दी थी ।जब प्रार्थी ने अपनी रिपोर्ट पढ़ी तो प्रार्थी को जानकारी हुई की प्रार्थी ने जो चोरी किये गये जेवरातों के बारे में पुलिस को बताया था वह प्र0सू0रि0 में पुलिस द्वारा अंकित नहीं किये गये। तब प्रार्थी ने थाना कालींजर के दरोगा से चोरी किये गये जेवरातों को अंकित करके उन्हें खोजकर दिलाये जोने हेतु आग्रह किया था तो दरोगा ने प्रार्थी को डांट कर भगा दिया ।

हल चलाते समय खेत में निकली 15 फीट गहरी सुरंग : बैल का पैर फंसने पर पता चला, लोग बोले खजाना भी हो सकता है

समय जगत, मनावर। धार जिले के बाकानेर से 4 किलोमीटर मारुति शोरूम वर्क शॉप के समीप ग्राम कोलीपुरा अजंदी मान स्थित एक खेत में हल चलाते समय 10 से 15 फीट गहरी रहस्यमयी सुरंग मिलने से इलाके में कौतूहल का माहौल है। बुधवार शाम 5 बजे को सामने आई इस घटना के बाद आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण सुरंग देखने पहुंच रहे हैं। किसान ने एहतियात के तौर पर लोगों को सुरंग के भीतर जाने से मना किया है। किसान टीकम देवड़ा ने बताया कि वे रोज की तरह अपने खेत में बैलों से हल चला रहे थे। इसी दौरान अचानक एक बैल का पैर जमीन धंसने से बने गड्ढे में फंस गया। ग्रामीणों की मदद से बैल को सुरक्षित बाहर निकाला गया। इसके बाद जब आसपास देखा गया तो वहां 10 से 15 फीट गहरी सुरंग जैसा गहरा गड्ढा दिखाई दीया, *सालों से कर रहे खेती, पहली बार मिला सुरंग का पता* किसान ने बताया कि वह कई वर्षों से इसी खेत में खेती कर रहे हैं और हर साल फसल भी लेते रहे हैं। पहले कभी इस तरह की कोई जानकारी नहीं मिली। अचानक जमीन के नीचे सुरंग मिलने से पूरा परिवार और ग्रामीण हैरान हैं। ग्रामीण चर्चा कर रहे थे बहुत पहले गुर्जर बस्ती रही है यहां पास में ही हो सकता सुरंग मै से बावड़ी मै जाने का रास्ते की हो सकती है। वहीं यह संभावना भी जताई जा रही है कि किसी पुराने विकास कार्य, जैसे पाइपलाइन या नहर निर्माण के दौरान यह संरचना बनी हो। उन्होंने बताया कि गांव मांडव क्षेत्र के निकट स्थित है। सुरंग मिलने की खबर फैलते ही बुधवार शाम से सुबह गुरुवार से बड़ी संख्या में ग्रामीण और किसान मौके पर पहुंचने लगे। फिलहाल सुरंग की वास्तविक प्रकृति और उसके इतिहास का पता लगाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर जांच की संभावना जताई जा रही है। हो सकता हो सुरंग के अंदर पुरानी आबादी बस्ती रही हो कुछ लोग कह रहे है गड्ढा ऐसा लग रहा है जैसे जमीन मै बड़ा बर्तन राजन खसक गया हो जिसके नसीब का होगा उसको मिलेगा खजाना भी हो सकता है। बर्तन मै कुछ भी हो सकता है, पुराने जमाने का, ऐसे चर्चा है, प्रशासन सजगता से देखे तो जांच करे और आसपास खुदाई करे तो ही मालूम पड़ सकता है।

स्वयं की आय के स्त्रोत पोर्टल, राजस्व सृजन एवं सेवा वितरण पर एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

जैतपुर (महोबा)। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत विकासखंड जैतपुर के ब्लॉक सभागार में ÷स्वयं की आय के स्रोत (ओएसआर) पोर्टल, राजस्व सृजन एवं सेवा वितरण÷ विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में विकासखंड की समस्त ग्राम पंचायतों के ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी तथा पंचायत सहायकों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण का आयोजन पंचायत रिसोर्स सेंटर, महोबा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान पंचायतों की वित्तीय आत्मनिर्भरता, राजस्व सृजन तथा सेवा वितरण व्यवस्था को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने पर विशेष जोर दिया गया। प्रशिक्षण की शुरुआत सीनियर मैनेजर प्राची गुप्ता ने की। उन्होंने भारत की शासन व्यवस्था एवं भारतीय संविधान के तहत पंचायतों को प्रदत्त अधिकारों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने केंद्र सरकार, राज्य सरकार तथा स्थानीय सरकार की त्रिस्तरीय व्यवस्था, उनके दायित्वों तथा कर निर्धारण की प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुए ÷ऑन सोर्स ऑफ रेवेन्यू (ओएसआर)÷ की अवधारणा को विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि ओएसआर ग्राम पंचायतों की वह आय है, जो स्थानीय स्तर पर विभिन्न स्रोतों से अर्जित की जाती है। इसके प्रकार, उद्देश्य एवं पंचायतों के समग्र विकास में इसकी उपयोगिता पर भी उन्होंने विस्तृत जानकारी दी। इसके उपरांत प्रशिक्षक पूजा अरजरिया ने ओएसआर पोर्टल के संचालन एवं उपयोग की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि यह पोर्टल स्वयं की आय के स्रोतों की ऑनलाइन निगरानी एवं प्रबंधन की एक पारदर्शी व्यवस्था है, जिसके माध्यम से पंजीकरण से लेकर करदाताओं के अभिलेखों का सुव्यवस्थित संधारण किया जाता है। उन्होंने ग्राम पंचायतों के लिए ओएसआर के महत्व, राजस्व पूर्वानुमान तथा वित्तीय प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर भी विस्तार से चर्चा की। प्रशिक्षण के अंतिम सत्र में प्रशिक्षक किरण ने ग्राम पंचायतों की आय बढ़ाने के संभावित स्रोतों पर प्रकाश डालते हुए कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के संचालन, विभिन्न सेवाओं से प्राप्त होने वाले शुल्क, बैंकिंग संवाददाता (बैंक मित्र) तथा पंचायत सहायकों की भूमिका एवं आपसी समन्वय के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

मुस्करा के शिवनी में घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप

मुस्करा (हमीरपुर)। मुस्करा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिवनी में 13 जुलाई की शाम करीब पांच बजे घर में घुसकर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस पर कार्रवाई में देरी का आरोप लगाया है। ग्राम सिवनी निवासी खेमराज ने बताया कि वह रिश्तेदारी गया हुआ था। आरोप है कि उसकी अनुपस्थिति में आनंद पुत्र हुकुम सिंह तथा उसकी पत्नी संध्या पत्नी आनंद राजपूत घर में घुस आए और उसकी पत्नी करिश्मा, पुत्र तथा पुत्री के साथ मारपीट कर दी। घटना की जानकारी मिलने पर वह घर पहुंचा और घायल पत्नी व बच्चों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल ले गया। खेमराज का कहना है कि घटना की तहरीर पुलिस को दे दी गई थी, लेकिन अभी तक आरोपितों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है। गुरुवार को वह पत्नी को लेकर मुस्करा कोतवाली पहुंचा, जहां पुलिस ने चिकित्सकीय परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मुस्करा भेजा। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने महिला को बेहतर इलाज के लिए उच्च केंद्र रेफर कर दिया। पीड़ित ने बताया कि वह शुक्रवार को उपचार के लिए हमीरपुर जाएगा। इस संबंध में उपनिरीक्षक राजीव साहू ने बताया कि हेड मुंशी के उपलब्ध न होने के कारण कंप्यूटर में रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी थी। उन्होंने कहा कि शाम तक मुकदमा दर्ज कर लिया जाएगा और मामले में विधिक कार्रवाई की जाएगी।

हर वर्ष 100 पेड़ लगाने का लिया गया संकल्प स्वच्छ पर्यावरण का समाज ने दिया संदेश

महोबा। हर वर्ष 100 पेड़ लगाने का संकल्प अभियान के अंतर्गत अखिल भारतीय चौरसिया महासभा महोबा के जिलाअध्यक्ष अंकित चौरसिया के नेतत्व मै वृक्षारोपण का कार्यक्रम शहर के पुलिस लाइन रोड रामनगर चौरसिया कृषि फार्म मै आयोजित किया गया। अखिल भारतीय चौरसिया महासभा के सभी पदाअधिकारियो ने जिलाअध्यक्ष अंकित चौरसिया के साथ मिलकर वक्षारोपण करते हुए संकल्प लिया की हम सभी लोग हर वर्ष जुलाई के महीने में 100पेड़ लगाने का काम करेगे और उनकी देखभाल करते हुए स्वच्छ पर्यावरण में सहयोग करेंगे अखिल भारतीय चौरसिया महासभा के जिलाअध्यक्ष अंकित चौरसिया ने कहा है की हम इस जिम्मेदारी को निभाते हुए अगले वर्ष और सुंदर तरीके से पहल करते हुए अपने पूरे चौरसिया समाज के साथ मिलकर बंजर भूमिओ को भी हरा भरा करेगे, और कहा है की हर एक व्यक्ति को अपनी जिमेदारी निभाते हुए कम से कम अपने जीवन में एक एक पेड़ लगना बेहद जरुरी है इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में अखिल भारतीय चौरसिया महासभा के जिलाअध्यक्ष अंकित चौरसिया, जिलामहासचिव अखिलेश चौरसिया, जिला मीडिया श्याम सुंदर चौरसिया, जिला सचिव जीतू चौरसिया, राजा,प्रेम ,सुनील, प्रकाश चंद , राहुल, पवन, शैलेंद्र, अनुज, कमलेश, संजय , मानसी, एवं नन्हे मुन्ने बच्चे मौजूद रहे

नहर बाईपास पुलिया के पास मिला अज्ञात युवक का शव, पत्नी ने की पहचान -बोली शराब पीने का था लती

समय जगत राठ हमीरपुर। कस्बे के मंडी नहर बाईपास स्थित पुलिया के पास युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल अवस्था में मिले व्यक्ति को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) राठ पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, 15 जुलाई को पीआरवी-112 के माध्यम से सूचना मिली थी कि मंडी नहर बाईपास स्थित पुलिया से एक व्यक्ति गिर गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे तत्काल अस्पताल भिजवाया, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी।गुरुवार को मृतक की पहचान महोबा जिले के पनवाड़ी थाना क्षेत्र के नकारा गांव निवासी नंदराम कुशवाहा (45) के रूप में हुई। पहचान उसकी पत्नी ने की। पत्नी ने पुलिस को बताया कि नंदराम राजमिस्त्री का काम करता था और शराब पीने का आदी था।पुलिस ने पत्नी की तहरीर के आधार पर पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था सामान्य है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस द्वारा घटना का पर्दाफाश करते हुए आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

समय जगत चित्रकूट। जनपद के थाना मानिकपुर अंतर्गत जंगल में हुए सामूहिक दूष्कर्म की घटना का सफल अनावरण करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है एक अभी फरार चल आपको बताते चलें उल्लेखनीय है कि दिनाँक 14.07.2026 को नाबालिक वादिनी/पीड़िता ने सूचना दिया कि दिनांक 13.07.2026 को समय करीब 12.00 बजे दिन अपने ब्याय फ्रेंड जिन्नू से बातचीत होने के बाद झरी फाटक से आगे करीब एक किलोमीटर जाने के बाद दाहिनी ओर कच्चे रास्ते से जंगल की ओर गये कुछ दूर जाने के बाद जिन्नू अपनी मोटर साइकिल खड़ी कर दिया, वहाँ से हम दोनों जंगल के अन्दर कुछ दूर चेकडैम के पास पहुंचे की 03 लोगो को वहाँ पर नहाते हुए देखा तो तुरन्त हम दोनों दूसरी ओर जाने लगे। इतने में वे तीनों लड़के हमलोगो को देख लिये और उसमें से एक आदमी दौड़कर पास आकर धमकाते हुए रोक लिया। हम लोग डर गये उनके पास असलहा भी था। वे तीनों लड़के वादिया/पीड़िता व जिन्नू को जंगल के अन्दर काफी दूर लगे गये पीड़िता के काले रंग की दुपट्टे से जिन्नू का दोनों हाथ पीछे की ओर बांध दिया और वादिनी/पीड़िता को झाड़ी के पीछे ले जाकर पुरी कपड़े उतारकर किसी को न बताने की धमकी देते हुए तीनों ने बारी बारी से जबरजस्ती बलात्कार किये। उसके बाद उन्ही में से 02 लोग जिन्नू की तलाशी लिये और उसकी जेब से मोटर साइकिल की चाभी लेकर कुछ खाने पीने की चीज लाने को कहकर चले गये। एक आदमी जिन्नू व पीड़िता को देखता रहा, तभी मौका पाकर जिन्नू वहाँ से भाग गया। जो लोग जिन्नू की मो0सा0 लेकर गये थे। वह मानिकपुर से समोसा आम पानी लेकर मो0सा0 से आ गये। जंगल में करीब 3-4 घंटे रोके रहे फिर 02 लोग मुझे जिन्नू की मोटर साइकिल पर पीछे बैठाकर मारकुण्डी होते हुए हनुमानधारा होते हुए कर्वी आये कुछ देर रामघाट पर रूकने के कर्वी पेट्रोल पम्प के पास छोड़ दिये और कहे कि किसी को मत बताना नही तो जान से मार देगें आगे मानिकपुर की गाड़ी मिलती है पकड़ कर चली जाना। मानिकपुर पहुचते पहुंचते पीड़िता को रात हो गयी। दुसरे दिन सुबह थाने पहुंचकर प्रार्थना पत्र देकर अपने साथ घटित घटना से अवगत कराया। इस सूचना के आधार पर थाना मानिकपुर में मु0अ0सं0 101/2026 धारा 70(2),127(2),351(3),304(2),131 बीएनएस व 5जी/6 पॉक्सो एक्ट बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। पीड़िता/वादिनी नाबालिक है उसने अपने बयान 183 बीएनएसएस के बयान में यह बताया कि जिन्नू भी उसके साथ संबंध बनाता रहा है। जिसके आधार पर मुकदमा उपर्युक्त में जिन्नू कोल पुत्र रघुनन्दन कोल निवासी गेदुरहा थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट उम्र करीब 18 वर्ष प्रकाश में लाया गया तथा मानिकपुर रेलवे स्टेशन की तरफ से झरी फाटक की ओर आते समय झरी फाटक से 200 मीटर पहले रोड पर समय करीब 11.05 बजे गिरफ्तार किया। सीसीटीवी कैमरे में मिले क्लू व जिन्नू के निशान देही पर अभियुक्त अखिलेश उर्फ जरैला पुत्र कल्लू प्रसाद निवासी करगई थाना कोतवाली देहात जनपद बांदा उम्र करीब 19 वर्ष को झरी रेलवे फाटक से मारकुण्डी की ओर 100 मीटर दुर रोड पर समय 11.40 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त अखिलेश उर्फ जरैला से पूछंताछ में बताया कि अखिलेश उर्फ पटेल पुत्र शिवपूजन निवासी करबई थाना कोतवाली देहात जनपद बांदा उम्र करीब 22 वर्ष 2.लल्लू उर्फ लाला पुत्र जगजीत वर्मा निवासी करबई थाना कोतवाली देहात जनपद बांदा उम्र करीब 24 वर्ष भी घटना में शामिल थे।

पांच दिवसीय विशेष अभियान के तहत धौलपुर में आयोजित हुआ मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस

धौलपुर। जिले में गुरुवार को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस (एमसीएचएनडी) का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं तथा शिशुओं एवं बच्चों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत विभिन्न स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने बताया कि जिले में 15 जुलाई से संचालित पांच दिवसीय गर्भवती महिलाओं की सघन स्वास्थ्य जांच अभियान के अंतर्गत एमसीएचएनडी दिवस पर स्वास्थ्य संस्थानों एवं सत्र स्थलों पर गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच (एएनसी), रक्तचाप, वजन, हीमोग्लोबिन, रक्त शर्करा एवं मूत्र जांच सहित आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। साथ ही हाई रिस्क प्रेग्नेंसी की पहचान कर आवश्यकतानुसार उच्च स्वास्थ्य संस्थानों के लिए रेफरल किया गया। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं को टीडी टीकाकरण, आयरन-फोलिक एसिड एवं कैल्शियम की दवाओं का वितरण किया गया तथा संतुलित एवं पौष्टिक आहार, व्यक्तिगत स्वच्छता, संस्थागत प्रसव, नवजात शिशु की देखभाल, जन्म के एक घंटे के भीतर स्तनपान प्रारंभ करने, छः माह तक केवल मातृ दुग्ध पिलाने, प्रसवोत्तर देखभाल एवं परिवार नियोजन संबंधी परामर्श भी दिया गया। अभियान की प्रभावी मॉनिटरिंग एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शिव कुमार शर्मा,उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चेतराम मीणा, एसीएमएचओ डॉ. गौरव मीणा तथा जिले के सभी खंड मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में स्वास्थ्य संस्थानों एवं एमसीएचएन सत्र स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लाभार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, आवश्यक दवाओं एवं जांचों की उपलब्धता, टीकाकरण, रिकॉर्ड संधारण तथा सेवा गुणवत्ता का मूल्यांकन किया गया।

भारतीय पत्रकार संघ एआईजे के तहसील अध्यक्ष घोषित

समय जगत, भीकनगांव । भारतीय पत्रकार संघ (एआईजे) के प्रदेश संयोजक आमिर शेख के प्रस्ताव एवं प्रदेश उपाध्यक्ष श्याम कुशवाह की अनुशंसा तथा प्रदेश अध्यक्ष राकेश साहू के निर्देश एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सेन व मप्र प्रभारी कल्याण जैन की सहमति से खरगोन जिलाध्यक्ष प्रकाश भावसार ने भारतीय पत्रकार संघ (एआईजे) के तहसील अध्यक्षों की घोषणा की है। भारतीय पत्रकार संघ (एआईजे) के जिला मीडिया प्रभारी रवींद्र परमार ने बताया भारतीय पत्रकार संघ (एआईजे) जिला खरगोन अंतर्गत तहसील अध्यक्षों की घोषणा की गई है। इनमें सचिन जोशी खरगोन नगर तहसील, योगेश कुशवाह खरगोन ग्रामीण, अजय दसौंधी गोगावां, सुरेश राठौड़ भगवानपुरा , जितेंद्र गुप्ता बिस्टान, लोकेश यादव सेगांव , नवीन बार्चे कसरावद , श्याम सोनी महेश्वर , सुमित कौशल करही , लोकेंद्र परिहार बड़वाह , सचिन जाधव बलवाड़ा, कालूराम जाट काटकूट , विवेक विद्यार्थी सनावद , दिलीप बिरला बेड़िया , सानिध्य पाराशर भीकनगांव एवं सांईसिंह सिसौदिया झिरन्या तहसील के तहसील अध्यक्ष मनोनीत किए गए है। यह नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से दो वर्ष के लिए प्रभावशील होगी। तहसील अध्यक्षों की नियुक्ति पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजीजुद्दीन शेख, वरिष्ठ पत्रकार आशुतोष पुरोहित, मामराज सैनी, तरुण सोनी, अजय तिवारी, जिला संयोजक कमलेश पटेल, यूथ विंग जिला संयोजक आकाश गुप्ता सहित समस्त जिला पदाधिकारी एवं पत्रकार साथियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

मनेन्द्रगढ़ मेडिकल कॉलेज: मंजूरी मिली, लेकिन चार साल की देरी पर उठे बड़े सवाल

आनंद शर्मा -समय जगत मनेंद्रगढ़। 14 जुलाई 2026 का दिन मनेन्द्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र और पूरे एमसीबी जिले के लिए ऐतिहासिक रहा। लंबे समय से जिस मेडिकल कॉलेज की मांग की जा रही थी, उसे आखिरकार राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एन एम सी) से शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए 50 एमबीबीएस सीटों के साथ संचालन की अनुमति मिल गई। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री एवं मनेन्द्रगढ़ विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने इसे क्षेत्र की सबसे बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि वर्षों पुराना सपना अब साकार हुआ है।लेकिन इस उपलब्धि के साथ कई ऐसे सवाल भी खड़े हो गए हैं, जिनका जवाब जनता जानना चाहती है।

चार साल तक फाइलों में क्यों अटका मेडिकल कॉलेज? : 16 जुलाई को कांग्रेस ने चिकित्सा शिक्षा विभाग के दस्तावेजों के आधार पर गंभीर सवाल उठाए। विभाग ने 10 मई 2022 को तत्कालीन कलेक्टर, जिला कोरिया को तृतीय स्मरण पत्र भेजकर प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज एवं संबद्ध अस्पताल के लिए चिन्हित भूमि का निरीक्षण प्रतिवेदन और आवश्यक जानकारी तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। इससे पहले भी 2 सितंबर 2021, 11 अक्टूबर 2021 और 16 फरवरी 2022 को लगातार पत्र भेजे जा चुके थे।

अब प्रश्न यह है कि यदि आवश्यक जानकारी समय पर भेज दी गई थी, तो मेडिकल कॉलेज की प्रक्रिया पूरी होने में चार वर्ष क्यों लग गए? और यदि जानकारी समय पर नहीं भेजी गई, तो इस लापरवाही के लिए किस अधिकारी की जवाबदेही तय की गई? क्या मुख्यमंत्री की घोषणा वर्षों तक केवल सरकारी फाइलों में ही घूमती रही?

मेडिकल कॉलेज की मंजूरी, लेकिन स्वास्थ्य व्यवस्था के पुराने घाव अभी भी ताजा : सबसे बड़ा सवाल यह भी है कि जब मेडिकल कॉलेज की प्रक्रिया वर्षों तक लंबित रही, तब इसका खामियाजा क्षेत्र की जनता ने भुगता। 10 जून 2026 को मनेन्द्रगढ़ सिविल अस्पताल में समय पर एंबुलेंस नहीं मिलने के कारण एक मरीज की मौत हो गई थी। इस घटना ने पूरे जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए थे।

स्वास्थ्य मंत्री ने एंबुलेंस प्रकरण की जांच के आदेश दिए थे। अब सवाल यह है कि उस जांच का क्या हुआ? आज तक जांच रिपोर्ट सार्वजनिक क्यों नहीं की गई? यदि जांच पूरी हो चुकी है, तो जिम्मेदार अधिकारियों पर क्या कार्रवाई की गई?

जनता यह भी जानना चाहती है कि क्या इस मामले में जिला स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी, या फिर केवल छोटे कर्मचारियों पर कार्रवाई कर फाइल बंद कर दी जाएगी?

सार संक्षिप्त

जिला महिला कांग्रेस सेवादल छिंदवाड़ा की जिला कार्यकारिणी की गई घोषित

समय जगत, छिंदवाड़ा। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री माननीय कमलनाथ पूर्व सांसद नकुल नाथ के निर्देशानुसार, कांग्रेस सेवादल मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव एवं महिला कांग्रेस सेवादल की प्रदेश अध्यक्ष संगीता काकरिया के निर्देशन में, जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे , जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष सुरेश कपाले तथा गोविंद राय की अनुशंसा उपरांत जिला महिला कांग्रेस सेवादल की जिला अध्यक्ष डॉ. शबाना यास्मीन खान द्वारा जिला, नगर एवं ब्लॉक कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जारी सूची के अनुसार डॉ. शबाना यास्मीन खान को जिला महिला कांग्रेस सेवादल की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं संगठन को मजबूत एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से विभिन्न पदों पर अनुभवी एवं समर्पित महिला कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण दायित्व प्रदान किए गए हैं। कार्यकारिणी में श्रीमती सीमा शुक्ला, श्रीमती सिंधु यादव एवं श्रीमती सलिका सरैयाम को उपाध्यक्ष, श्रीमती तुलसा प्रसाद को कोषाध्यक्ष तथा अधिवक्ता करेश्मा डेहरिया, श्रीमती शाहजहां बानो, श्रीमती सरिता खंडायत एवं अधिवक्ता कीर्ति तिवारी को महासचिव नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त डॉ. हालिमा खान को मुख्य प्रशिक्षक तथा कशिश एवं डॉ. किरण विश्वकर्मा को प्रशिक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी प्रकार सचिव पद पर श्रीमती रश्मि धुर्वे, अधिवक्ता स्मिता वर्मा, रामप्यारी उइके, श्रीमती वीणा जैन एवं श्रीमती सोनम बुनकर को नियुक्त किया गया है। संयुक्त सचिव के रूप में श्रीमती सरस्वती विश्वकर्मा, श्रीमती निशा गोहिया एवं श्रीमती मीरा भत्ते को जिम्मेदारी दी गई है। मीडिया समन्वयक के रूप में कु. हर्षिता कोचे एवं कु. कल्पना रघुवंशी, सोशल मीडिया समन्वयक के रूप में श्रीमती पूजा भावे तथा ध्वज प्रभारी के रूप में श्रीमती ममता ठाकुर को मनोनीत किया गया है। इस अवसर पर डॉ. शबाना यास्मीन खान ने बताया कि कांग्रेस सेवादल महिला संगठन जिले में पार्टी की रीति-नीति, जनहित के मुद्दों एवं महिला सशक्तिकरण को लेकर सक्रिय भूमिका निभाएगा। संगठन की नवनियुक्त टीम पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करते हुए कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेगी। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ , पूर्व सांसद नकुल नाथ , प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव , महिला प्रदेश अध्यक्ष संगीता काकरिया जी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे , कार्यवाहक जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश कपाले एवं गोविंद राय ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की अपेक्षा व्यक्त की है।

दुकानों, ढाबों और मकानों के सामने कचरा मिलने पर लगायें स्पॉट फाइन :जिलाधीश

सभी सीएमओ और सीईओ को सुबह-सुबह फील्ड भ्रमण पर रहने के निर्देश

खातेगांव। देवास कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी लंबित पत्रों के निराकरण की प्रगति तथा अंतरविभागीय समन्वय से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती विशाखा देशमुख, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अंशु जावला, एसीईओ जिला पंचायत एसएस सिंह सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे, बैठक में विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी वर्चुअली शामिल हुए। इस दौरान कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत जिले में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कार्ययोजना की समीक्षा की, साथ ही निकायवार कचरा कलेक्शन की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेकर सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में शत-प्रतिशत डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के संबंध में विकासखंडवार तैयार की गई कार्ययोजना की समीक्षा की। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता मानकों का कड़ाई से पालन हो और कचरा प्रबंधन कार्ययोजना को समय-सीमा में धरातल पर उतारा जाए। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जिला पंचायत के अधिकारियों द्वारा फ्लो-चार्ट के माध्यम से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की पूरी कार्ययोजना जानकारी दी गई। नगरीय निकायों द्वारा गीला-सूखा कचरा प्रबंधन, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट और %रिड्यूस, रीयूज, रीसायकल% (आरआरआर) सेंटर्स की वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। साथ ही शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर कचरा कलेक्शन प्रणाली निर्मित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों की तर्ज पर ग्रामीण क्षेत्रों में भी एक सुदृढ़ कचरा कलेक्शन और प्रबंधन प्रणाली निर्मित की जाए, जिन पंचायतों में कचरा वाहन उपलब्ध हैं, वहां कल से ही अनिवार्य रूप से कलेक्शन का कार्य शुरू कर दिया जाए। ग्रामीण क्षेत्र में उपलब्ध संसाधनों का सही उपयोग करने के लिए दो से तीन ग्राम पंचायतों के बीच एक कचरा गाड़ी चलाई जाये।

किस दिन गाड़ी किस पंचायत में जाएगी, इसके लिए वाहनों की पंचायतों के साथ मैपिंग कर एक निश्चित रूट और दिन तय किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि जिन पंचायतों में वर्तमान में कचरा डंप करने के लिए निर्धारित जगह नहीं है, वहां तत्काल भूमि का चिन्हांकन किया जाए। इन स्थानों का उपयोग कचरे के सेग्रीगेशन के लिए होगा। उन्होंने कहा कि गीला, सूखा प्लास्टिक और नॉन-प्लास्टिक कचरे को भी पूरी तरह पृथक करने की व्यवस्था की जाए। मॉनिटरिंग के लिए जिला पंचायत और विकासखंड स्तर पर नोडल अधिकारी बनाये जाये। ये अधिकारी सीधे तौर पर पंचायत स्तर के डेटा को मेंटेन रखने और प्रगति की निगरानी का कार्य करेंगे। उन्होंने हर पंचायत में बड़े रीयूजेबल गली बैग की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए गए है, प्रत्येक ग्राम पंचायत में कचरा कलेक्शन और सेग्रीगेशन के कार्य के लिए 2-2 व्यक्तियों को जिम्मेदारी सौंपी जाए।

गुरु पूर्णिमा पर जतीपुरा में लगेगा 14वां विशाल भंडारा

पचोर। श्री गिरिराज भक्त मंडल पचोर द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी आषाढ़ शुक्ल एकादशी से गुरु पूर्णिमा तक श्री गिरिराज जी जतीपुरा (गोवर्धन, मथुरा) में 14वें विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। पांच दिवसीय यह धार्मिक आयोजन 25 जुलाई से 29 जुलाई 2026 तक श्याम भवन के सामने आयोजित होगा। आयोजन की तैयारियां मंडल द्वारा अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। मंडल के सदस्यों ने बताया कि भंडारे में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी की व्यवस्था की जाएगी। देश के विभिन्न राज्यों से आने वाले गिरिराज भक्तों को निशुल्क भोजन प्रसादी उपलब्ध कराई जाएगी। आयोजन में पचोर एवं आसपास के क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी सेवा कार्य के लिए पहुंचेंगे। श्री गिरिराज भक्त मंडल कई वर्षों से गुरु पूर्णिमा के अवसर पर जतीपुरा में भंडारे का आयोजन करता आ रहा है। इस वर्ष 14वें आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है। मंडल के स्वयंसेवक भोजन निर्माण, प्रसादी वितरण, पेयजल, साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं में सेवा देंगे। मंडल ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से परिवार सहित गिरिराज महाराज के दर्शन करने, परिक्रमा करने एवं भंडारे में प्रसादी ग्रहण करने का आग्रह किया है। साथ ही श्रद्धालुओं से तन, मन और धन से सहयोग कर धार्मिक आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

14वें विशाल भंडारे की प्रमुख जानकारी

आयोजक- श्री गिरिराज भक्त मंडल, पचोर
स्थान- श्याम भवन के सामने, जतीपुरा (गोवर्धन), मथुरा
अवधि- 25 जुलाई से 29 जुलाई 2026
अवसर- आषाढ़ शुक्ल एकादशी से गुरु पूर्णिमा
व्यवस्था- श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क भोजन प्रसादी एवं सेवा कार्य।

समय जगत,हरदा। विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर अक्षत ऊर्जा सोलर ईपीसी, विष्णुपुरी कॉलोनी हरदा में सोलर संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आईटीआई,पॉलिटेक्निक एवं तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर रहे युवाओं तथा सोलर टेक्नीशियनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अक्षत ऊर्जा के संचालक अशोक गुर्जर ने कहा कि वर्तमान समय में केवल डिग्री नहीं,बल्कि कौशल ही रोजगार,स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता का सबसे मजबूत आधार है। सोलर एवं ग्रीन एनर्जी सेक्टर देश का सबसे तेजी से विकसित होने वाला क्षेत्र है,जहाँ आने वाले वर्षों में लाखों प्रशिक्षित तकनीशियनों की आवश्यकता होगी।उन्होंने बताया कि अक्षत ऊर्जा शीघ्र ही अक्षत ऊर्जा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर सोलर ईपीसी एंड ग्रीन एनर्जी卐 की स्थापना की दिशा में कार्य प्रारंभ कर रहा है। इस केंद्र में सोलर इंस्टॉलेशन,सोलर ईपीसी,हाइब्रिड सिस्टम,ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस, प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना, प्रधानमंत्री कुसुम योजना एवं सोलर उद्यमिता का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर निखिल मालवीय (सोलर टेक्नीशियन),दिलीप निंमारे(सोलर टेक्नीशियन)गौरव मालवीय (सोलर टेक्नीशियन) कुलदीप उईके(आईटीआई छात्र एवं सोलर टेक्नीशियन) तथा राहुल मालवीय (आईटीआई मोटर मैकेनिक) ने भी अपने अनुभव साझा किए और युवाओं से तकनीकी कौशल विकसित कर स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में करियर बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी युवाओं ने सोलर तकनीक में दक्षता प्राप्त कर हरदा को ग्रीन एनर्जी स्किल हब बनाने के अभियान में सहभागी बनने का संकल्प लिया।

26वें स्थापना दिवस पर हरियाली का संकल्प गुरु नानक संस्कार स्कूल में हुआ पौधारोपण

टीकमगढ़। गुरु नानक संस्कार सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 26वें स्थापना दिवस के अवसर पर विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती दर्शन कौर ओबेरॉय ने छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि ÷आज लगाया गया पौधा ही कल वृक्ष बनकर हमें छांव, स्वच्छ हवा और ऑक्सीजन प्रदान करेगा।÷ उन्होंने कहा कि जिस प्रकार माता-पिता अपने बच्चों की शिक्षा और भविष्य के प्रति सजग रहते हैं, उसी तरह उन्हें बच्चों को पौधारोपण और पर्यावरण संरक्षण के लिए भी प्रेरित करना चाहिए। प्रत्येक छात्र अपने घर, आंगन या किसी उपयुक्त स्थान पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी तब तक देखभाल करे, जब तक वह पूर्ण विकसित वृक्ष न बन जाए। कार्यक्रम में गुरु हरिकृष्ण सीनियर सेकेंडरी स्कूल की डायरेक्टर हरमिंदर कौर ओबेरॉय ने भी वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी विद्यार्थियों को पौधारोपण के साथ उनकी नियमित देखरेख करने का संकल्प दिलाया। इस दौरान दोनों विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने विद्यालय परिसर के साथ-साथ पुलिस लाइन परिसर में भी विभिन्न फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया और उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम में संस्था के डायरेक्टर इंद्रपाल सिंह ओबेरॉय, सत्येंद्र कुमार यादव, माजिद खान, कुंदन सिंह सहित विद्यालय का समस्त शिक्षक एवं स्टाफ उपस्थित रहा।

2 दिनों से रेवा नगर शर्मा कॉलोनी और 10 कॉलोनी रहवासियों द्वारा जारी धरना आंदोलन हुआ संपन्न

समय जगत बड़वाह । विगत 35 वर्षों से मूलभूत सुविधाओं से वंचित रेवा नगर एवं शर्मा कॉलोनी सहित 10 कॉलोनियों के रहवासियों का गत 2 दिनों से जारी धरना आंदोलन गुरुवार को समाप्त हो गया।

विधायक सचिन बिरला ने आंदोलनरत रहवासियों के बीच में बैठकर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और कहा कि रेवा नगर, शर्मा कॉलोनी सहित सभी कॉलोनियों को आज ही कस्बा पंचायत को हेंड ओवर किया जाएगा।ताकि इन कॉलोनियों में विकास के द्वार खुल सकें। विधायक ने इस संबंध में एसडीएम सत्यनारायण दर्रो और जनपद पंचायत के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा। विधायक के आश्वासन के बाद आंदोलनरत रहवासियों ने हर्षध्वनि के साथ अपना धरना आंदोलन समाप्त कर दिया।आंदोलन में कॉलोनियों की महिलाओं ने भी बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। विधायक ने धरना स्थल पर उपस्थित अधिकारियों को सड़क और नाली निर्माण तथा क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को शीघ्र बदलने एवं कचरा संग्रहण वाहन शुरू करने के निर्देश दिए। विधायक ने रहवासियों को आश्वस्त किया कि रेवा नगर, शर्मा कॉलोनी, विवेकानंद नगर, सरस्वती नगर, गौरव नगर, पटवारी कॉलोनी, उर्वशी नगर, पटेल कॉलोनी, गोपाल पार्क एवं महालक्ष्मी नगर को बड़वाह कस्बा पंचायत में शामिल किया जाएगा और केंद्र की जी राम जी योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत के माध्यम से कॉलोनियों की सभी मूलभूत सुविधाओं सड़क एवं नाली निर्माण तथा नवीन पेयजल पाइप लाइन स्थापना जैसे विकास कार्य रहवासियों की मंशानुरूप करवाए जाएंगे। विधायक ने कहा कि इन कॉलोनियों में निवासरत सभी 11 सौ परिवारों की समस्याओं का शीघ्र समाधान होगा। विधायक के आश्वासन के बाद आंदोलनरत रहवासियों ने अपना धरना आंदोलन समाप्त कर दिया। रहवासियों ने बताया कि पिछले 35 वर्षों से हम मूलभूत सुविधाओं सड़क,नाली, शुद्ध पेयजल आपूर्ति एवं कचरा संग्रहण वाहन की सुविधा से वंचित हैं।कॉलोनियों की सड़कें अत्यंत जर्जर और क्षतिग्रस्त हैं।क्षतिग्रस्त सड़कों पर दोपहिया वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। नाली निर्माण नहीं होने के कारण अपशिष्ट जल घरों के सामने बहता है।

श्री कृष्णा योगेश्वर गौशाला में पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न

कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा रोपे गये पौधे

आगर मालवा। पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली वृद्धि के उद्देश्य से बुधवार को श्री कृष्णा योगेश्वर गौशाला, पंथवारी बर्डा बरगड़ी में बृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव एवं पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी विशेष रूप से उपस्थित थे। कलेक्टर एवं एसपी द्वारा गौशाला परिसर में पौधरोपण किया गया। कलेक्टर एवं एसपी ने गौशाला परिसर में स्थित यज्ञशाला में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गौ पूजन-अर्चन किया। उन्होंने गौ माता को अपने हाथों से गुड़ खिलाया तथा गौ माता का पूजन-अर्चन कर तिलक लगाकर आरती भी उतारी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ओम मालवीय, डूंगर सिंह, श्यामसिंह परिहार, गोविंद सिंह बरखेड़ी, सुरेंद्र सिंह परिहार, भरत प्रजापत, लाल सिंह, चंद्रेश शर्मा, पारस जैन, दिपेश जैन, संत राम जी राम महाराज जी, गौशाला समिति अध्यक्ष नारायण सिंह उपाध्यक्ष, रामलाल सहित जनप्रतिनिधि, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, गौ सेवक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन एवं महिलाएं उपस्थित थी। कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव ने गौशाला में पूर्व में रोपित फलदार पौधौ का अवलोकन किया। उन्होंने समिति पदाधिकारियों और ग्रामीणों के साथ गौशाला परिसर का भ्रमण कर गौ-संरक्षण एवं स्वच्छता संबंधी कार्यों की जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि पौधारोपण के साथ पौधों का संरक्षण भी आवश्यक है। उन्होंने आमजनों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में वृक्ष लगाएं और उनकी देखभाल करें। इस अवसर पर ओम मालवीय ने अपने संबोधन में श्री कृष्णा योगेश्वर गौशाला को आदर्श गौशाला बताते हुए गौशाला में हो रहे कार्यों की सराहना की। और क्षेत्रवासियों द्वारा किए जा रहे गौशाला विकास कार्यों में सहयोग के बारे में भी विस्तार से बताया। कार्यक्रम में गौशाला समिति के पदाधिकारियों एवं स्वयं सेवकों द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया।

मुकेश उकानी साइकिल यात्रा कर बैजनाथ धाम आगर पहुंचकर किया जलाभिषेक

आगर मालवा। बुधवार को श्रीमद् पूज्य जयनारायण बाप जी श्री के गुरु भक्त बाबा बैजनाथ धाम आगर पधारे कतारगाम, गुजरात आश्रम से मुकेश उकानी ने यह संकल्प लेकर साइकिल यात्रा गंगोत्री धाम गऊमुख से यात्रा प्रारंभ की है गंगा माँ के जल से गुरु महाराज के प्रत्येक नित्यानंद आश्रम में जल अभिषक करने का संकल्प लिया है यह भी एक अग्नि परीक्षा के बराबर है इस कड़ी में आप बाबा बैजनाथ जी एवं पूज्य श्री जयनारायण छोटे बापजी श्री का जल अभिषेक किया एवं पुराने कोर्ट परिसर के दर्शन लाभ लिए। उक्त जानकारी कार्तिके उपाध्याय के द्वार दी गई।

स्व-सहायता समूह की दीदियां "नशे से दूरी है जरूरी जागरूकता अभियान" में सहभागिता निभाएं - कलेक्टर

आगर मालवा। स्व-सहायता समूह की महिलाएं जिले में संचालित नशे से दूरी है जरूरी अभियान में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाएं और नशे के दुष्परिणामों के प्रति ग्रामीण जनों को जागरूक करें, उद्यम पंजीयन की प्रक्रिया प्रशिक्षण अच्छे से प्राप्त कर प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करें, यह बात जिला कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव ने बुधवार को जिला पंचायत आगर में एनआरएलएम द्वारा आयोजित स्व-सहायता समूह की महिलाओं के उद्यम पंजीयन प्रक्रिया प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं से संवाद करते हुए कही।

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी,जिला पंचायत सीईओ बी.एस सोलंकी, एसडीएम मिलिंद ढ़ोके सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं स्व-सहायता समूह की दीदीया उपस्थित थी। कलेक्टर ने महिलाओं से चर्चा कर उनके द्वारा संचालित आर्थिक गतिविधियों की जानकारी ली और उनकी समस्याओं को भी सुना। पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी ने इस मौके पर महिलाओं को नशे से दूरी है जरूरी अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए सभी महिलाओं से आह्वान किया कि वे इस अभियान में सक्रिय रूप से जुड़े और जिले को नशा मुक्त बनाने में सहयोग करें।

इस अवसर पर कलेक्टर एवं एसपी ने जिला पंचायत कार्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया। एनआरएलएम के संजय सक्सेना ने स्व-सहायता समूह की महिलाओं को प्रदान किया जा रहे उद्यम पंजीयन प्रक्रिया प्रशिक्षण के बारे में विस्तार से अवगत कराया।

रथ पर सवार होकर निकले जगन्नाथ, 65 वर्षों से निभा रहे परंपरा

समय जगत, बेगमगंज। 65 वर्षों से चली आ रही पारंपरिक जगन्नाथ रथयात्रा ऐतिहासिक और भव्य रूप से संपन्न हुई। इस वर्ष 65वीं जगन्नाथ रथयात्रा में पहली बार प्रभु जगन्नाथ, बलभद्र और माता सुभद्रा नए विशाल और सुसज्जित रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण पर निकले। ऐतिहासिक रथ निर्माण यह नया रथ जनसहयोग और स्थानीय कारीगरों की 20 से 25 दिनों की मेहनत से तैयार किया गया था। नगर में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा बड़ी धूम धाम से निकाली गई। जिसमें भगवान जगन्नाथ के साथ सुभद्रा एवं बलदाऊ विराजमान थे। रथयात्रा नगर के माला फाटक स्थित जगदीश मंदिर से प्रारंभ हुई जो नगर के मुख्य-मुख्य मार्गों से निकाली गई। करीब 11 फीट ऊंचे सुन्दर रथ पर भगवान जगदीश स्वामी, बलदाऊ एवं सुभद्रा को बैठाकर यात्रा सुबह स्थानीय जगदीश मंदिर से प्रारंभ हुई। जिसमें अनेक श्रद्धालुओं ने अपने हाथों से रथ खींचकर रथ यात्रा का संचालन कर रहे थे। नगर के मुख्य मुख्य मार्गों से होकर दशहरा मैदान रामनगर वाले मंदिर पहुंची, जहां रात्रि विश्राम कर अगले दिन पुनः वापस जगदीश मंदिर के लिए प्रस्थान करेगी। जहां रथ यात्रा का समापन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पूरे जिले में केवल बेगमगंज में ही पिछले 65 वर्षों से सफलता पूर्वक रथयात्रा का संचालन किया जा रहा है। जिसमें हजारों की

संख्या में लोग दर्शन करने आते हैं। नगर में प्रतिवर्ष निकलने वाली भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा के दर्शन करने के लिए तहसील भर के दूर-दूर ग्रामों सुल्तानगंज, सुनवाहा, सिलवानी, गैरतगंज आदि सहित अनेक ग्रामों से हजारों की संख्या में लोग दर्शन करने के लिए नगर में पहुंचे। जहां पर भगवान जगन्नाथ के दर्शन करने के लिए कतारवद्ध तरीके से खड़े देखे गए। जैसे ही रथयात्रा प्रारम्भ हुई तो उनके रथ के आगे भीड़ उमड़ पड़ी। विधायक देवेन्द्र पटेल रथयात्रा में सुबह जगदीश मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने भगवान जगन्नाथ को सिर पर बैठाकर रथ पर सबार कराया। और विधि विधान से पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। साथ ही विधायक देवेन्द्र पटेल ने दो और रथ निर्माण की घोषणा की ताकि विश्व प्रसिद्ध जगन्नाथ पुरी की तरह अगले वर्ष से तीन रथ एक साथ निकल सकें एवं मंदिर में टीन सेड निर्माण के लिए घोषणा की। वहीं नगरपालिका अध्यक्ष संदीप लोधी ने भी बताया कि नगरपालिका की ओर मंदिर निर्माण के लिए सहयोग राशि प्रदान की गई और मंदिर की गुंबद निर्माण भी कराई जाएगी। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी एसडीएम प्रियंका भलावी, एसडीओपी सोनाली गुप्ता, तहसीलदार प्रमोद कुमार उईके, टीआई राजीव उईके सहित पुलिस प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहा।

नहीं चलेगा कोई बहाना मूंग खरीदो दाना दाना

विधायक के गृहग्राम पहुंचकर किया चक्काजाम

समय जगत, सिवनी मालवा। संयुक्त किसान मोर्चा का पूरी मूंग खरीद को लेकर विगत दिनों से तहसील कार्यालय के सामने धरना आंदोलन चल रहा हैं। इसी क्रम में तय कार्यक्रम के अनुसार बुधवार को क्षेत्रीय विधायक प्रेमशंकर वर्मा के गृहग्राम बघवाड़ा पहुंचकर किसानों ने आंदोलन प्रदर्शन किया। इस दौरान आंदोलनरत किसानों ने नर्मदापुरम-हरदा मुख्य मार्ग पर चक्का जाम किया, जो लगभग 25 मिनट तक किया गया। जिससे मुख्य मार्ग का आगमन पूरी तरह बाधित रहा। तत्पश्चात किसान क्षेत्रीय विधायक प्रेमशंकर वर्मा के निवास के सामने पहुंचे और मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के खिलाफ नारे लगाते हुए सरकार को जमकर कोसा गया। जिसमें किसानों ने कहा कि नहीं चलेगा कोई बहाना - मूंग खरीदो दाना दाना संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले आंदोलन कर रहे किसानों का कहना था कि हाल ही में हमारी गर्मी की मूंग निकल गई हैं। जो हर वर्ष प्रदेश सरकार समर्थन मूल्य पर खरीदती थी लेकिन इस बार प्रदेश सरकार ने सिर्फ उपज की 25 फीसदी मूंग ही खरीदने की बात कही हैं। जो किसानों के साथ अन्याय हैं, किसानों का कहना हैं कि किसान के खेत से निकाली गई पूरी मूंग समर्थन मूल्य पर खरीदी जाए। इसी को लेकर किसान सड़कों पर उतरकर आंदोलन कर रहे हैं। क्षेत्रीय विधायक प्रेमशंकर वर्मा के निवास के सामने किसानों ने पहुंचकर आंदोलन किया।

इस दौरान विधायक प्रेमशंकर वर्मा स्वयं ने आकर किसानों से मुलाकात कर उनकी बातों को सुना और उनसे मांग पत्र लिया। संयुक्त किसान मोर्चा से संतोष पटवारे ने विधायक से कहा कि सरकार हमारी संपूर्ण उपजी मूंग की खरीदी समर्थन मूल्य पर करें। इसके लिए आप मुख्यमंत्री से बात करें। तब विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने कहा कि आपने जो मांग रखी हैं, मेरे स्तर की नहीं हैं, सरकार की नीति की बात हैं, हम जिले के सभी विधायकों का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मिलकर संपूर्ण मूंग खरीदी की मांग पहले भी कर चुका हैं और अब फिर से चारों विधायक साथ जाकर आपका मांग पत्र मुख्यमंत्री को सौंपते हुए पुनः किसान भाइयों की संपूर्ण मूंग खरीदने की मांग को पूर्ण समर्थन करते हुए अपनी बात रखेंगे।

कांग्रेस नेताओं पर दर्ज एफआईआर की हो निष्पक्ष जांच

बढ़ते अपराधों पर तत्काल लगे अंकुश

समय जगत, इटारसी। नगर कांग्रेस कमेटी इटारसी द्वारा आज पुलिस अधीक्षक को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपकर शहर में लगातार बढ़ रही चाकूबाजी, हत्या, असामाजिक तत्वों की सक्रियता तथा कांग्रेस महासचिव राजकुमार उपाध्याय एवं अमोल उपाध्याय पर दर्ज एफआईआर की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यदि अपराधों पर समय रहते प्रभावी नियंत्रण नहीं किया गया तो आम नागरिकों का पुलिस प्रशासन पर से विश्वास कमजोर होगा। नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी ने कहा कि इटारसी, जो कभी अपनी सामाजिक समरसता और शांतिपूर्ण वातावरण के लिए पहचाना जाता था, आज लगातार बढ़ते अपराधों के कारण भय और असुरक्षा के माहौल से गुजर रहा है। आए दिन चाकूबाजी, मारपीट, गुंडागर्दी और अन्य आपराधिक घटनाएं सामने आ रही हैं। हाल ही में चाकूबाजी की घटनाओं में एक युवक की हत्या तक हो चुकी है, लेकिन इसके बावजूद अपराधियों में पुलिस का कोई भय दिखाई नहीं देता।

उन्होंने कहा कि शहर में कानून-व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक होती जा रही है। आम नागरिक, व्यापारी, विद्यार्थी और महिलाएं स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। पुलिस प्रशासन को केवल घटनाओं के बाद कार्रवाई करने के बजाय अपराधों की रोकथाम के लिए प्रभावी रणनीति बनानी चाहिए। संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित गश्त बढ़ाई जाए, असामाजिक तत्वों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जाए तथा अपराधियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कन्हैया गोस्वामी ने कहा कि कांग्रेस का उद्देश्य केवल राजनीतिक विरोध करना नहीं, बल्कि शहर के नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित कराना है। यदि अपराधों पर समय रहते अंकुश नहीं लगाया गया तो नगर कांग्रेस जनहित में व्यापक जनआंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष विजय बाबू चौधरी ने कहा कि इटारसी जैसे महत्वपूर्ण शहर में लगातार बढ़ती आपराधिक घटनाएं पुलिस व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े करती हैं। प्रशासन का दायित्व है कि प्रत्येक नागरिक को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराए। अपराधियों के विरुद्ध बिना किसी दबाव या भेदभाव के कठोर कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि आमजन का कानून पर विश्वास बना रहे।

पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष पंकज राठौर ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार के दबाव में कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं पर झूठे और राजनीतिक द्वेष से प्रेरित प्रकरण दर्ज किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस महासचिव राजकुमार उपाध्याय एवं अमोल उपाध्याय पर दर्ज एफआईआर बिना निष्पक्ष जांच के की गई है। यदि किसी भी मामले की निष्पक्ष जांच की जाए तो सत्य स्वतः सामने आ जाएगा।

उन्होंने मांग की कि पूरे प्रकरण की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने पर ही कार्रवाई की जाए तथा निर्दोष लोगों को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। ज्ञापन में पुलिस अधीक्षक से मांग की गई कि शहर में बढ़ते अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जाए, चाकूबाजी की घटनाओं में शामिल अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई हो, पुलिस गश्त बढ़ाई जाए तथा कांग्रेस नेताओं पर दर्ज प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर न्यायपूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

ज्ञापन सौंपने के दौरान युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता गुफरान अंसारी, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष विजय बाबू चौधरी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी, पूर्व नगर अध्यक्ष पंकज राठौर, राजेंद्र सिंह तोमर, अशोक जैन, पार्षद अमित कपरे, नगर कांग्रेस उपाध्यक्ष मुकेश यादव, सोनू बकोरिया, राजेंद्र गोस्वामी, शेख कादिर, पत्रकार गिरीश पटेल, पूर्व नगर अध्यक्ष मयूर जायसवाल, पूर्व नर्मदापुरम कांग्रेस अध्यक्ष राकेश शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष पुष्पराज पटेल, वरिष्ठ नेता संतोष मालवीय, पूर्व जिला अध्यक्ष सत्येंद्र फौजदार, जिला संगठन महासचिव मधुसूदन यादव, नीरज चौधरी, हरिशंकर चौधरी, अन्नू पटेल (डोलरिया), जिला अध्यक्ष वन एवं पर्यावरण प्रकोष्ठ राजेश राजपूत सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

17 एवं 18जुलाई को इटारसी में कांग्रेस का होगा कार्यक्रम

इटारसी। आगामी 17 एवं 18 जुलाई को इटारसी के एक्सप्रेस-11 होटल खेड़ा पर कांग्रेस के नर्मदापुरम और हरदा के समस्त नगर अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष के साथ ही मंडलम अध्यक्षों का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जिला कांग्रेस कमेटी नर्मदापुरम द्वारा किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण शिविर में नर्मदापुरम एवं हरदा जिले के सभी नगर, ब्लॉक एवं मंडलम अध्यक्ष शामिल होगे। इस अवसर पर जानकारी देते हुये जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे एवं सांसद और नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी के आदेश पर आगामी चुनावों और आगामी कांग्रेस की भूमिका को लेकर यह प्रशिक्षण शिविर का आयोजन अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा किया जा रहा है। इस दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में 17 जुलाई दिन शुक्रवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी महासचिव एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की सचिव एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस की सह प्रभारी सुश्री ऊषा नायडू, मध्यप्रदेश नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, एंव मध्य प्रदेश कांग्रेस के महेंद्र जोशी, मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी महामंत्री संजय कामले, ललित सेन एवं अन्य अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रशिक्षकगण प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित रहेंगे और सभी अध्यक्षों को प्रशिक्षण देंगे। वहीं महेन्द्र जोशी प्रशिक्षण प्रभारी और उनके साथ आये सभी नेताओं द्वारा दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में बारी बारी से अध्यक्षों को चुनाव जीतने के गुर सिखाएंगे। यह जानकारी जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई।

ब्लॉक अध्यक्ष के साथ ही मंडलम अध्यक्षों का प्रशिक्षण शिविर होगा आयोजित

मानसून रूठा : एक सप्ताह से नहीं बरसा पानी, सेंकड़ों गांवों में फसल पर संकट

समय जगत, सिलवानी। आषाढ़ का महीना समाप्ति की ओर है, लेकिन मानसून की बेरुखी ने सिलवानी क्षेत्र के किसानों की चिंता बढ़ा दी है। पिछले एक सप्ताह से बारिश नहीं होने के कारण सिलवानी ब्लॉक के सेंकड़ों गांवों में खेत सूखने लगे हैं। धान, मक्का और सोयाबीन की फसल पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। फसल को बचाने के लिए किसान अब कुओं, नलकूपों और अन्य निजी जल स्रोतों से सिंचाई करने को मजबूर हैं। मौसम विभाग द्वारा इस वर्ष सामान्य मानसून का अनुमान जताए जाने के बाद क्षेत्र के हजारों किसानों ने कर्ज लेकर खाद-बीज की व्यवस्था की और समय पर धान की रोपाई तथा मक्का की बुआई कर दी थी। लेकिन लगातार सात दिनों से बारिश नहीं होने के कारण खेतों की नमी पूरी तरह खत्म हो गई है, जिससे फसल प्रभावित होने लगी है।

धान की नर्सरी पर संकट, मक्का की बुआई भी प्रभावित: किसानों का कहना है कि धान की रोपाई के तुरंत बाद लगातार पानी की आवश्यकता होती है। बारिश नहीं होने से धान के पौधे पीले पड़ने लगे हैं, जबकि जिन खेतों में मक्का की बुआई हुई थी, वहां पर्याप्त नमी नहीं मिलने से बीज अंकुरित होने से पहले ही खराब होने की आशंका बढ़ गई है। रानीपुरा के किसान छीदामी साहू ने बताया कि बड़ी मुश्किल से पैसे जुटाकर धान की रोपाई कराई थी। उम्मीद थी कि समय पर बारिश होगी, लेकिन अब फसल बचाने के लिए जनरेटर और पंपसेट से सिंचाई करनी पड़ रही है। यदि दो-तीन दिन और बारिश नहीं हुई तो जल स्रोत भी जवाब देने लगेंगे और खेती की लागत निकालना भी मुश्किल हो जाएगा।

बारिश को लेकर किसानों में बढ़ी चिंता: बारिश को लेकर अब किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें पड़ गई है। क्षेत्र में धान, मक्का और सोयाबीन की फसल पानी के अभाव में सूखने लगी है। निजी सिंचाई साधन नहीं होने वाले किसान सबसे अधिक परेशान हैं। लगातार बारिश नहीं होने से खेती की लागत बढ़ रही है और उत्पादन प्रभावित होने की आशंका गहरा गई है।

कृषि विशेषज्ञों की सलाह: कृषि विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों ने किसानों को सीमित जल संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करने की सलाह दी है। उनके अनुसार पानी सीमित होने पर फव्वारा (स्प्रिंकलर) पद्धति से सिंचाई करें, जिससे कम पानी में अधिक क्षेत्र की सिंचाई हो सके। तेज धूप के समय सिंचाई करने से बचें। सुबह या शाम के समय सिंचाई करने से पानी का वाष्पीकरण कम होता है। पर्याप्त नमी आने तक खेतों में रासायनिक दवाइयों का छिड़काव न करें, क्योंकि इससे फसल को नुकसान पहुंच सकता है।

पीएम श्री स्कूल में विकास का नया अध्याय, करोड़ों की लगत से बने 5 नए कक्षों से बढ़ेंगी शिक्षा की सुविधाएं

समय जगत, सोहागपुर। विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र को एक और बड़ी सौगात मिली है। करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित पी.एम. श्री शासकीय एकीकृत कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में नवनिर्मित 5 अतिरिक्त कक्षों का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह ने छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिलें भी वितरित कीं। आइए देखते हैं हमारी यह रिपोर्ट। सोहागपुर के पी.एम. श्री शासकीय एकीकृत कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह ने नवनिर्मित 5 अतिरिक्त कक्षों का लोकार्पण किया। इसके बाद उन्होंने छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिलें वितरित कर उनका उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक, शिक्षक और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। लोकार्पण के बाद विधायक ने विद्यालय का निरीक्षण किया और विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने तथा जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। साइकिल मिलने पर विद्यार्थियों के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ दिखाई दिया। विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि नए अतिरिक्त कक्ष और निःशुल्क साइकिल योजना विद्यार्थियों की शिक्षा को नई दिशा देंगी और उन्हें अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करेंगी।

संस्था में लगातार अनुपस्थित विद्यार्थियों के अभिभावकों से किया घर जाकर संपर्क

समय जगत, सिवनी मालवा। मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आगामी वर्ष 2026- 27 की कक्षा दसवीं, 12वीं का परीक्षा परिणाम सुधारने के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोमलवाडा के शिक्षकों ने संस्था में लगातार अनुपस्थित रहने वाले छात्र-छात्राओं कि अभिभावकों से संपर्क कर छात्र-छात्राओं को स्कूल आने के लिए प्रेरित किया जा रहा हैं। वहीं अभिभावकों से उनके बच्चों के स्कूल में नहीं आने का कारण भी पूछा जा रहा हैं। इसी क्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोमलवाडा के शिक्षक मधु हुरमाडे, अतिथि शिक्षक योगेंद्र मालवीय ने विद्यालय में छात्रों की नियमित उपस्थिति बढ़ाने हेतु गांव में जाकर पालकों से संपर्क कर, बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजने के लिए प्रोत्साहित किया। जिसमें कक्षा 12वीं के 10 पालको से, कक्षा 10वीं के 08 पालकों से संपर्क किया गया। लगातार अनुपस्थित रहने वाले छात्रों को नोटिस भी जारी किए गए। छात्र-छात्राओं के अभिभावक जिसमें विपत वर्मा, सुरेश वर्मा, राजेंद्र वर्मा, भीम सिंह कुशवाह आदि से संपर्क किया गया।

आस्था, सेवा और पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ पांच दिवसीय शिवार्चनम उत्सव का हुआ समापन

सिवनी। भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव के अवसर पर आयोजित पांच दिवसीय शिवार्चनम उत्सव का भक्ति, आस्था और सेवा भाव के साथ सफलतापूर्वक समापन हुआ। उत्सव के दौरान जल संरक्षण एवं नदियों को प्रदूषण मुक्त बनाने के उद्देश्य से जनजागरुकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत जबलपुर के ग्वारीघाट एवं वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर घाटों की सफाई, मछलियों को आहार अर्पण, दीपदान तथा महाप्रसाद वितरण जैसे धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। उल्लेखनीय है कि ब्रह्मलीन शारदा एवं ज्योति पीठाधीश्वर जगदुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज की प्रेरणा से सामाजिक कार्यकर्ता एवं धर्मसेवी लक्ष्मी कश्यप द्वारा पिछले 16 वर्षों से जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव का आयोजन सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों तथा धर्मप्रेमियों के सहयोग से किया जा रहा है। वर्तमान में यह पहल द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगदुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज के आशीर्वाद एवं योगसम्राट आचार्य महेंद्र मिश्र, अध्यक्ष महर्षि पतंजलि योग ध्यान साधना संस्थान, सिवनी के मार्गदर्शन में निरंतर आगे बढ़ रही है। उत्सव के समापन अवसर पर कार्यक्रम संयोजक लक्ष्मी कश्यप को वाराणसी स्थित जगदुरु शंकराचार्य स्थापित श्री विधा मठ के प्रधान मठ प्रभारी ब्रह्मचारी आत्मानंद जी महाराज ने श्रीवस्त्र एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।

वाइब्रेटर मशीन की जगह डंडे से की जा रही कंक्रीट की कंपैक्टिंग, उपयंत्री की लापरवाही हो रही उजागर

मोहतरा में पुलिया निर्माण की गुणवत्ता पर उठे गंभीर सवाल

सुनील मिश्रा, शहडोल। जनपद पंचायत गोहपारू अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहतरा में निर्माणाधीन पुलिया का कार्य इन दिनों गुणवत्ता और निर्माण प्रक्रिया को लेकर सवालों के घेरे में है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण स्थल पर न तो प्राक्कलन बोर्ड लगाया गया है और न ही निर्माण कार्य में निर्धारित तकनीकी मानकों का पालन किया जा रहा है। इससे कार्य की पारदर्शिता और गुणवत्ता दोनों पर प्रश्नचिन्ह लग रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार पुलिया निर्माण के दौरान कंक्रीट को सघन करने के लिए जहां आधुनिक वाइब्रेटर मशीन का उपयोग किया जाना चाहिए, वहां मजदूरों द्वारा केवल डंडे के सहारे कंक्रीट को दबाया जा रहा है।

निर्माण कार्य से जुड़े जानकारों का कहना है कि इस प्रकार की प्रक्रिया से कंक्रीट के भीतर हवा के खाली स्थान बने रह सकते हैं, जिससे निर्माण की मजबूती प्रभावित होने की आशंका रहती है। यदि ऐसा है, तो भविष्य में पुलिया की गुणवत्ता और उसकी आयु पर असर पड़ सकता है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि निर्माण स्थल पर सूचना बोर्ड नहीं होने के कारण यह जानकारी सार्वजनिक नहीं है कि कार्य किस योजना के तहत कराया जा रहा है, इसकी स्वीकृत लागत कितनी है, कार्य एजेंसी कौन है तथा निर्माण की समय-सीमा क्या निर्धारित की गई है। ऐसे में आम नागरिकों के लिए निर्माण कार्य की निगरानी करना कठिन हो जाता है। मामले में यह भी सवाल उठ रहे हैं कि यदि निर्माण कार्य के दौरान तकनीकी मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है तो संबंधित उपयंत्री, पंचायत सचिव और सरपंच द्वारा नियमित निरीक्षण एवं निगरानी क्यों नहीं की जा रही। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करना संबंधित तकनीकी अधिकारियों और कार्यान्वयन एजेंसी की जिम्मेदारी मानी जाती है। ग्रामीणों ने मांग की है कि संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी निर्माणाधीन पुलिया का मौके पर निरीक्षण कराएं, निर्माण सामग्री की गुणवत्ता और तकनीकी प्रक्रिया की जांच कराएं तथा यदि किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है तो जिम्मेदार अधिकारियों एवं संबंधित एजेंसी पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही निर्माण स्थल पर तत्काल प्राक्कलन बोर्ड लगाकर कार्य से संबंधित सभी जानकारी सार्वजनिक करने की भी मांग की गई है।

स्वत्वाधिकारी, समय जगत मीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक अशोक त्रिपाठी द्वारा एवरेस्ट प्रेस ई-49/8 औखला, इंडस्ट्रीयल-एरिया प्लॉट-2 प्रींटिंग प्रेस से मुद्रित एवं बी-125 सादतपुर कालोनी दिल्ली-110094 से प्रकाशित। RNI NO. DELHIN/2005/14553, **प्रधान संपादक:** अशोक त्रिपाठी * **संपादक** अनिल श्रीवास्तव * **समाचार संपादक** सौरभ वार्ष्णेय

दिल्ली कार्यालय : एस-557, हीरा कॉम्पलेक्स 203 द्वितीय तल मुख्य मार्ग शकरपुर दिल्ली- 01142173537, 9899589700, **भोपाल कार्यालय** - 9, रायल हाउस, प्रेस काम्पलेक्स, एम.पी. नगर जोन-1, भोपाल। **फोन :** 0755-4273868, 4203479 **फैक्स :** 4094417 **ई-मेल** dainiksamayjagat.delhi@gmail.com *(समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार)

भक्ति और आस्था के रंग में रंगा शहर, भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा में उमड़ा जनसैलाब

समय जगत, रीवा। सदियों पुरानी धार्मिक परंपरा का निर्वहन करते हुए ऐतिहासिक लक्ष्मण बाग़ संस्थान स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर से भगवान श्री जगन्नाथ, बड़े भाई भगवान बलभद्र और बहन देवी सुभद्रा की भव्य रथयात्रा गुरुवार को पूरे श्रद्धा, उत्साह और धार्मिक उल्लास के साथ निकाली गई। रथयात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान के दर्शन किए और नगर को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया। पूरे मार्ग में ÷जय जगन्नाथ÷ के जयघोष, भजन-कीर्तन और श्रद्धालुओं की आस्था ने वातावरण को पूरी तरह आध्यात्मिक बना दिया। पारंपरिक रीति-रिवाजों और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान श्री जगन्नाथ, भगवान बलभद्र एवं देवी सुभद्रा को आकर्षक ढंग से सुसज्जित रथ पर विराजमान कराया गया। विशेष पूजा-अर्चना के बाद रथयात्रा का शुभारंभ लक्ष्मण बाग़ स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर से हुआ। रथ को खींचने के लिए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। मान्यता है कि भगवान के रथ को खींचने से पुण्य की प्राप्ति होती है और जीवन में सुख-समृद्धि का आगमन होता है। यही कारण रहा कि बड़ी संख्या में श्रद्धालु रथ की रस्सी पकड़ने के लिए उत्सुक दिखाई दिए। रथयात्रा सबसे पहले ऐतिहासिक रीवा क़िला पहुंची, जहां राज परिवार के सदस्यों ने भगवान श्री जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा का पारंपरिक विधि-विधान से स्वागत किया। राज परिवार द्वारा भगवान की विशेष पूजा-अर्चना एवं आरती की गई तथा प्रदेश और देश की सुख-शांति, समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की गई। यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है और आज भी पूरी श्रद्धा एवं सम्मान के साथ निभाई जाती है।

रीवा क़िले से आगे बढ़ी रथयात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। यात्रा के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने भगवान का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। कई स्थानों पर सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों द्वारा स्वागत मंच बनाए गए थे, जहां भगवान की आरती उतारी गई और प्रसाद का वितरण किया गया। श्रद्धालुओं ने अपने घरों और प्रतिष्ठानों के सामने रंगोली सजाकर एवं दीप प्रज्वलित कर भगवान का अभिनंदन किया। महिलाओं, युवाओं, बच्चों और बुजुर्गों सहित सभी आयु वर्ग के लोगों में रथयात्रा को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। पूरे मार्ग में सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन एवं पुलिस विभाग की ओर से व्यापक इंतजाम किए गए थे। जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहा, जिससे रथयात्रा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। नगर निगम एवं अन्य विभागों ने भी साफ-सफाई, पेयजल और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर सक्रिय भूमिका निभाई। भक्तिमय वातावरण के बीच नगर भ्रमण करते हुए भगवान श्री जगन्नाथ की यह भव्य रथयात्रा देर शाम मानस भवन पहुंची। यहां भगवान श्री जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा रात्रि विश्राम करेंगे। परंपरा के अनुसार अगले दिन प्रातः विशेष पूजा-अर्चना, भोग एवं धार्मिक अनुष्ठानों के उपरांत भगवान पुनः अपने मूल स्थान ऐतिहासिक लक्ष्मण बाग़ स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर के लिए प्रस्थान करेंगे।

रीवा की यह ऐतिहासिक रथयात्रा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक विरासत और सनातन परंपराओं के संरक्षण का भी महत्वपूर्ण उदाहरण है। हर वर्ष की तरह इस बार भी रथयात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की विशाल भीड़ ने यह सिद्ध कर दिया कि भगवान श्री जगन्नाथ के प्रति रीवा वासियों की आस्था आज भी उतनी ही अटूट और प्रगाढ़ है, जितनी सदियों पहले थी।

28 जुलाई से रीवा एयरपोर्ट से कोलकाता के लिए शुरू होगी एयर इंडिया की 72 सीटर उड़ान

भोपाल होते हुए मिलेगी सीधी कनेक्टिविटी, डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल ने की घोषणा

रीवा। विंध्य क्षेत्र के नागरिकों के लिए बहुप्रतीक्षित सौगात अब हकीकत बनने जा रही है। प्रदेश के उप. मुख्यमंत्री एवं रीवा विधायक राजेंद्र शुक्ल ने घोषणा की है कि 28 जुलाई 2026 से रीवा एयरपोर्ट से कोलकाता के लिए नियमित हवाई सेवा शुरू हो जाएगी। एयर इंडिया की 72 सीटर विमान रीवा से उड़ान भरकर भोपाल होते हुए कोलकाता पहुंचेगी।

लंबी यात्रा से मिलेगी मुक्ति: अब तक रीवा और आसपास के जिलों के लोगों को कोलकाता जाने के लिए सड़क या रेल मार्ग से 20-24 घंटे की कठिन यात्रा करनी पड़ती थी। वैकल्पिक रूप से जबलपुर, भोपाल या प्रयागराज जाकर फ्लाइट पकड़नी पड़ती थी। नई सेवा शुरू होने से न केवल समय की बचत होगी बल्कि यात्रा भी सुविधाजनक और आरामदायक हो जाएगी। उप. मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि विंध्य क्षेत्र की जनता की वर्षों पुरानी मांग आज पूरी हो रही है। रीवा एयरपोर्ट के संचालन के बाद क्षेत्र की हवाई कनेक्टिविटी लगातार बेहतर हो रही है। कोलकाता के लिए शुरू हो रही यह सेवा विंध्य के विकास में मील का पत्थर साबित होगी।

शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार को मिलेगा बड़ा लाभ: डिप्टी सीएम ने बताया कि नई हवाई सेवा का सबसे ज्यादा फायदा व्यापारियों, विद्यार्थियों, मरीजों और पर्यटकों को मिलेगा। कोलकाता पूर्वी भारत का बड़ा व्यापारिक केंद्र है। रीवा के व्यापारी अब कम समय में वहां जाकर कारोबार कर सकेंगे। इसी तरह मेडिकल ट्रीटमेंट और उच्च शिक्षा के लिए जाने वाले विद्यार्थियों को भी सीधी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि हवाई कनेक्टिविटी बेहतर होने से विंध्य क्षेत्र में निवेश की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। उद्योग, पर्यटन और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नई कंपनियां यहां आने के लिए आकर्षित होंगी। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे और क्षेत्र के आर्थिक विकास को गति मिलेगी।

आगे और शहरों के लिए भी योजना: राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि रीवा एयरपोर्ट से लगातार नई उड़ानें शुरू कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। कोलकाता के बाद अब मुंबई, पुणे, हैदराबाद और बेंगलुरु जैसे प्रमुख महानगरों के लिए भी नियमित विमान सेवा शुरू कराने की दिशा में काम चल रहा है। उन्होंने बताया कि रीवा, भोपाल और कोलकाता के बीच सीधा हवाई संपर्क स्थापित होने से मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल के बीच व्यापारिक एवं सांस्कृतिक संबंध भी मजबूत होंगे।

स्थानीय लोगों में खुशी की लहर: कोलकाता उड़ान की घोषणा के बाद से ही रीवा और पूरे विंध्य क्षेत्र में खुशी का माहौल है। सामाजिक और व्यापारिक संगठनों ने उपमुख्यमंत्री के प्रयासों की सराहना की है। लोगों का कहना है कि हवाई सेवा शुरू होने से रीवा की पहचान एक बड़े हवाई हब के रूप में बनेगी। गौरतलब है कि रीवा एयरपोर्ट से वर्तमान में भोपाल, जबलपुर और दिल्ली के लिए उड़ानें संचालित हो रही हैं। कोलकाता सेवा शुरू होने के बाद रीवा देश के पूर्वी क्षेत्र से भी सीधे जुड़ जाएगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने किया स्कूलों का निरीक्षण

रीवा। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और पठन-पाठन व्यवस्था को अधिक कारगर बनाने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा स्कूलों का निरीक्षण किया जा रहा है। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी की पहल पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने क्षेत्र में भ्रमण के दौरान स्कूलों का निरीक्षण किया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने रायपुर कर्चुलियान विकासखण्ड में हाईस्कूल सुरसा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्कूल में साफ-सफाई का अभाव पाया गया। विद्यार्थियों के पठन-पाठन की गुणवत्ता भी ठीक नहीं पाई गई। कई विद्यार्थी ठीक से पुस्तक पढ़ने में भी सक्षम नहीं पाए गए। निरीक्षण के दौरान मध्यान्ह भोजन योजना में भी कई कमियां पाई गईं। मध्यान्ह भोजन निर्धारित मेनू के अनुसार नहीं बनाया जा रहा था। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने मौके पर उपस्थित जिला परियोजना समन्वयक आरके तिवारी को विद्यालय की व्यवस्थाओं में सुधार कराने तथा लापरवाहों के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए। इसके बाद मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने शासकीय उमाविजोड़ौरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शौचालय में गंदगी पाए जाने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने प्राचार्य को विद्यालय परिसर तथा शौचालय की तत्काल साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने स्कूलों की व्यवस्थाओं के ठीक न पाए जाने पर संबंधित स्कूलों के प्राचार्य, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बीआरसी तथा जनशिक्षक को कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिए।

प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार ने संगठन विस्तार और जनकल्याण योजनाओं पर दिया जोर

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा का कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

समय जगत, रीवा। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार के प्रथम नगर आगमन पर रीवा में भव्य स्वागत किया गया। चोरहटा बायपास स्थित चंद्रलोक होटल से लेकर गुढ़हर मोड़, पड़रा और भाजपा कार्यालय अटल कुंज तक विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। इसके बाद भाजपा कार्यालय अटल कुंज में पिछड़ा वर्ग मोर्चा का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता एवं महापुरुषों के चित्र पर दीप प्रज्वलन और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। सम्मेलन की अध्यक्षता भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजेंद्र (राजेश) यादव ने की। कार्यक्रम में सांसद जनार्दन मिश्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राव उदय प्रताप सिंह, राम पटेल, जिला महामंत्री उमाशंकर पटेल, विवेक गौतम, जीवनलाल साकेत, पूर्व जिलाध्यक्ष रविराज विश्वकर्मा, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री सीताराम साकेत सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष शरद साहू ने किया तथा आभार प्रदर्शन जिला मंत्री रविराज विश्वकर्मा ने व्यक्त किया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार ने कहा कि देश और प्रदेश के विकास में पिछड़ा वर्ग की भूमिका हमेशा महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा पिछड़े वर्ग के सम्मान, अधिकार और कल्याण को प्राथमिकता दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश सरकार सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक उत्थान के लिए अनेक योजनाओं का प्रभावी संचालन कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल चुनावी राजनीति नहीं करती, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग के विकास को अपना दायित्व मानती है। पिछड़ा वर्ग देश के नव निर्माण की मजबूत आधारशिला है और संगठन में इसकी भूमिका लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे सरकार की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए घर-घर संपर्क करें और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। पवन पाटीदार ने कहा कि भाजपा एक ऐसे संगठन के रूप में कार्य करती है, जहां सभी मोर्चे एक माला के फूलों की तरह मिलकर पार्टी को मजबूत बनाते हैं। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारें समाज को जातियों में बांटकर तुष्टिकरण की राजनीति करती थीं, जबकि भाजपा सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र के साथ आगे बढ़ रही है।

सार-समाचार

पति के निधन के बाद स्पॉन्सरशिप योजना ने दिया राधा के परिवार को सहारा

समय जगत, विदिशा। शासन की स्पॉन्सरशिप योजना पात्र परिवारों के लिए उम्मीद की किरण बन रही है। महिला एवं बाल विकास विभाग की इस योजना का लाभ लेकर कई परिवारों की जिंदगियां बदल रही हैं। आर्थिक संकट से उबरने में इस योजना ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ऐसी ही एक कहानी है विदिशा जिले की लटेरी तहसील के ग्राम आनंदपुर की जहां निवासरत एक परिवार के बच्चों को इस योजना अंतर्गत सरकारी सहायता से उनका उज्जवल भविष्य सुनिश्चित हो रहा है, यह योजना परिवार को मजबूत संबल प्रदान कर रही है। विदिशा जिले की लटेरी तहसील के ग्राम आनंदपुर निवासी राधा (परिवर्तित) नाम के जीवन में वर्ष 2024 में दुखों का पहाड़ टूट पड़ा, जब गंभीर बीमारी के कारण उनके पति का असामयिक निधन हो गया। पति के निधन के बाद दो छोटे बच्चों के पालन-पोषण, शिक्षा एवं दैनिक आवश्यकताओं की पूरी जिम्मेदारी राधा पर आ गई। सीमित आय के कारण परिवार का जीवन-यापन अत्यंत कठिन हो गया था। ऐसी विषम परिस्थितियों में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित स्पॉन्सरशिप योजना के अंतर्गत राधा के दोनों बच्चों को प्रतिमाह 4,000 प्रति बच्चा की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई। इस सहायता से बच्चों की शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यक जरूरतों की पूर्ति सुचारु रूप से होने लगी। राधा बताती हैं कि इस योजना ने उनके परिवार को कठिन समय में आर्थिक संबल ही नहीं, बल्कि नई आशा भी दी है। आज उनके बच्चे नियमित रूप से विद्यालय जा रहे हैं और उनका भविष्य सुरक्षित एवं उज्ज्वल बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। राधा शासन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहती हैं कि स्पॉन्सरशिप योजना उनके परिवार के लिए कठिन समय में एक सच्चा सहारा सिद्ध हुई।

महाविद्यालय का कलेक्टर ने किया आकस्मिक निरीक्षण, प्राचार्य को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

समय जगत, विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने गुरूवार को विदिशा के जम्बार बागरी स्थित शासकीय आदर्श महाविद्यालय का प्रात: 11 बजे आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया तथा विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा की। महाविद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति, शिक्षण व्यवस्था, परिसर की साफ-सफाई, अनुशासन, अभिलेखों के संधारण तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस अवसर पर कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने प्राचार्य ब्रह्मदीप अलूने को महाविद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता बनाए रखने, विद्यार्थियों को बेहतर अध्ययन वातावरण उपलब्ध कराने तथा प्रशासनिक कार्यों को समयबद्ध एवं व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। परिसर में स्वच्छता, नियमित कक्षाओं का संचालन, विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा शासन के निर्देशों के अनुरूप सभी व्यवस्थाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने पर विशेष जोर दिया। साथ ही आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाते हुए निर्धारित समय-सीमा में व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश भी दिए।

सेमरिया पुलिस ने स्कूल पहुंचकर विद्यार्थियों को किया जागरुक, दिलाई नशामुक्ति की शपथ

रीवा। मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा प्रदेशभर में संचालित नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक रीवा के निर्देशन में गुरुवार को थाना सेमरिया पुलिस ने संस्कार शिक्षा निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल, सेमरिया में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना तथा उन्हें स्वस्थ, सुरक्षित और नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में एसडीओपी रूपेंद्र धुर्वे एवं थाना प्रभारी सेमरिया शिवा अग्रवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार, शिक्षा और भविष्य को बर्बाद कर देता है। युवाओं को किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहकर अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि यदि उनके आसपास कोई व्यक्ति नशे की गिरफ्त में है तो उसे समझाने का प्रयास करें तथा समाज को नशामुक्त बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं को नशामुक्त समाज के निर्माण की शपथ दिलाई। सभी विद्यार्थियों ने हाथ उठाकर संकल्प लिया कि वे स्वयं किसी भी प्रकार का नशा नहीं करेंगे, दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे तथा अपने परिवार और समाज में नशे के विरुद्ध जागरूकता फैलाने का कार्य करेंगे।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को नशे के कारण होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्परिणामों की विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही पुलिस अधिकारियों ने साइबर अपराध, सामाजिक जिम्मेदारियों और कानून का पालन करने के प्रति भी विद्यार्थियों को जागरूक किया। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और पुलिस अधिकारियों से विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछकर जानकारी प्राप्त की।

इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण, थाना सेमरिया का पुलिस स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय सहयोग देने का संकल्प लिया।

भगवान जगदीश स्वामी की निकली ऐतिहासिक रथयात्रा

विदिशा। 16 जुलाई को ग्यारसपुर तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम मानोरा धाम में भगवान जगन्नाथ की करीब 300 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक रथयात्रा पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। भगवान जगदीश स्वामी के दर्शन करने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और भगवान की रथयात्रा में शामिल होकर पुण्य लाभ कमाया।

बुधवार से ही लोगों का मानोराधाम आना शुरू हो गया था। वहीं गुरुवार को सुबह जैसे ही भगवान जगदीश स्वामी की रथ यात्रा शुरू हुई वैसे-वैसे लोगों की भीड़ बढ़ती गई और देर रात तक भगवान जगदीश स्वामी के दर्शन करने के लिए लोग अलग-अलग स्थानों से पहुंचे। आषाढ़ शुक्ल द्वितीया के अवसर पर आयोजित प्रसिद्ध जगदीश स्वामी मानोरा मेले में गुरुवार को आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। विदिशा जिला ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में शामिल इस मेले में लाखों श्रद्धालु भगवान जगदीश स्वामी के दर्शन करने मानोरा पहुंचे। मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों के अलावा अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मेले में शामिल हुए। वहीं इतनी बड़ी संख्या में आने वाले लोगों की सुरक्षा व्यवस्था के जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए और हर पल की नजर सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन के माध्यम से रखी गई। मान्यता है कि इस पावन अवसर पर भगवान जगदीश स्वामी स्वयं मानोरा धाम में रथ पर विराजमान होकर अपने भक्तों को दर्शन देते हैं और उनकी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। इसी दौरान हुई वर्षा को श्रद्धालु शुभ संकेत और भगवान का आशीर्वाद मानते हैं और रथयात्रा के दिन प्रतिवर्ष यहां बारिश होती है और लोग भी बरसते पानी में भगवान स्वामी के दर्शन करते हैं। भगवान जगदीश स्वामी मंदिर में सुबह से ही दर्शन के लिए लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। पूरे मेला परिसर में भक्ति, श्रद्धा और उल्लास का वातावरण बना रहा। जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया गया, जहां हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों द्वारा पेयजल, चिकित्सा और अन्य आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई।

मानोरा धाम में प्रतिवर्ष जगदीश स्वामी रथ यात्रा के अवसर पर मेले का आयोजन किया जाता है और इस मेले में कई प्रकार के बच्चों के मनोरंजन और झूले शामिल होते हैं। मेले में ग्रामीण संस्कृति की झलक भी देखने को मिली। विभिन्न प्रकार की दुकानों, झूलों का श्रद्धालुओं ने आनंद उठाया। वहीं प्रशासन और पुलिस द्वारा सुरक्षा एवं यातायात की व्यापक व्यवस्थाएं की गई, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

5 प्रतिशत से कम राजस्व वसूली वाले नगर परिषदों के सीएमओ को नोटिस देने के निर्देश

अपशिष्ट पदार्थ एवं कचरे का करें बेहतर निष्पादन: कमिश्नर

समय जगत, रीवा। सभी नगर निगम एवं नगर परिषद अपशिष्ट पदार्थ एवं कचरे का बेहतर निष्पादन करें। डोर टू डोर कचरा संग्रहण कर गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग कर उनका विनिष्ठीकरण कराएं। कचरा निष्पादन के लिए ठोस प्रबंधन करें। उक्त निर्देश रीवा संभाग के कमिश्नर शीलेंद्र सिंह ने गुरुवार को कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में संभाग के सभी नगर निगमों और नगरीय निकायों के कार्यों की समीक्षा बैठक में दिए। कमिश्नर ने कहा कि कचरा संग्रहण गाड़ियों मे कंपार्टमेंट लगाएं। हर 7 साल में कचरा संग्रहण गाड़ियां रिप्लेस करें। मजदूरों को उनकी शत-प्रतिशत मजदूरी की राशि का भुगतान करें। कुछ वार्डों से कान्ट्रैक्टरों द्वारा कचरा संग्रहण न करने की शिकायत पर कमिश्नर ने सख्त नाराजगी जाहिर करते हुए निर्देश दिए की कान्ट्रैक्टर हर वार्ड में कचरा संग्रहण गाड़ियों के माध्यम से डोर टू डोर कचरा संग्रहण कराना सुनिश्चित करें। कान्ट्रैक्टर या एजेंसी द्वारा कचरा संग्रहण कार्य को गंभीरता से संचालित नहीं किए जाने पर संबंधित कान्ट्रैक्टर एवं एजेंसी के विरुद्ध नोटिस देकर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने आगामी अक्टूबर माह तक सतना में डंपिंग यार्ड बनाने के निर्देश दिए और कहा कि ठोस अपशिष्ट का बेहतर प्रबंधन कराएं। कमिश्नर ने शहर के हर वार्ड में एक समिति बनाने के निर्देश दिए और कहा कि समिति में जनप्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से शामिल करें। समिति की बैठक में जनप्रतिनिधि अनिवार्य रूप से शामिल हों। कचरा संग्रहण एवं प्रबंधन के लिए आमजनता से सुझाव आमंत्रित करें। कमिश्नर ने कचरा संग्रहण के मुकाबले कम संख्या में

कचरा विनिष्ठीकरण की स्थिति पर असंतोष व्यक्त किया और कहा कि डोर टू डोर जितना भी कचरा संग्रहण हो रहा है उसका प्राथमिकता से विनिष्ठीकरण करें। उन्होंने सभी लोगों में स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता को बढ़ावा देने के निर्देश दिए और कहा कि जनप्रतिनिधि एवं सफाईकर्मी लोगों की बीच जाकर सूखे और गीले कचरे के संबंध में जागरूकता बढ़ाएं। सरकारी कार्यालय एवं स्कूलों में भी जाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें। इस दौरान उन्होंने अमृत 2.0 जलप्रदाय योजना, वाटर बॉडी रेज्यूनिवेशन, प्रधानमंत्री शहरी आवास 2.0 योजना, संबल 2.0 में लंबित पंजीयन, सत्यापन तथा अनुग्रह सहायता के लिए प्राप्त एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। कमिश्नर ने बैठक में मुख्यमंत्री अधोसंरचना के चतुर्थ चरण की योजना तथा स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत एसबीएम 2.0 लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 एवं रैमकी द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अमृत हरित महाभियान के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। कमिश्नर ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की समीक्षा की तथा सीएम हेल्पलाइन के प्रकरण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की 100 दिवस से अधिक की शिकायतें प्राथमिकता से निराकृत करें। कमिश्नर ने सभी नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिए की वह अपने-अपने क्षेत्र मे जर्जर सार्वजनिक भवनों को चिन्हित करते हुए उनके डिस्मेंटल करने की कार्यवाही करें। कमिश्नर ने नगर परिषदो में राजस्व वसूली की स्थिति की समीक्षा की और निर्देश दिए की जिन नगर परिषद में पांच प्रतिशत से कम राजस्व संग्रहण हुआ है उन सभी नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को नोटिस जारी करें। उन्होंने सभी नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह संपत्ति कर एवं जल कर में टैक्स प्राथमिकता से वसूल करें। टैक्सधारियो को टैक्स देने के लिए प्रेरित करें। टैक्स कलेक्शन का दायरा बढ़ाते हुए सभी नगर परिषद राजस्व के नए स्रोत भी बनाएं।

छोटे- छोटे पुरवाओं में पहुंचे अरुणादित्य ने की कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील

समय जगत, दतिया। गुरुवार को दतिया राज परिवार के महाराजा अरुणादित्य देव सुदूर बसई क्षेत्र के गांवों पुरवों में पहुंचे। जहां उन्होने मतदाताओं से चर्चा कर कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह के लिए समर्थन मांगते हुए 30 जुलाई को मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण प्रदेश का किसान, महिलाएं, युवा, छोटे व्यापारी और मजदूर वर्ग परेशान हैं। किसानों को कृषि उपज का सही दाम नहीं मिल रहा है, जिले में खाद की किल्लत है, बेरोजगारी परेशान हैं और भाजपाई सरकार भ्रष्टाचार को संरक्षण दे रही है जिसके कारण कांग्रेस को जनता की लडाई सड़क से संसद तक लडना पड रही

सिद्धेश्वर आश्रम भदोंना पहाड़ पर जिला प्रधानाचार्यों की बैठक की गई आयोजित

समय जगत, दतिया। विद्याभारती मध्यभारत प्रांत द्वारा मार्गदर्शित ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला दतिया द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मन्दिर विद्यालयों के प्रधानाचार्यों की एक दिवसीय जिला प्रधानाचार्य बैठक सिद्धेश्वर आश्रम भदोंना पहाड़ पर सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समित के जिलाध्यक्ष प्रमोद पुजारी ने की। बैठक को सम्बोधित करते हुए सह प्रांत प्रमुख रामदयाल लहरपुरे ने कहा कि हम सभी विद्या भारती के समर्पित कार्यकर्ता हैं और पूर्ण समर्पण भाव से भैया बहनों को संस्कार युक्त शिक्षा, कौशल विकास, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, शिशु वाटिका, तकनीकी आदि की शिक्षा देने का सकारात्मक प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने प्रवेश अभियान, संस्कृति ज्ञान परीक्षा, गुणवत्ता युक्त शिक्षा पर विस्तार से चर्चा की।

न्यायालय नायब तहसीलदार बैरागढ चीचली वृत कोलार भोपाल म.प्र.

प्रकरण क्रं.RS/444/0760/10731/26

इश्तहार

आवेदक अनंत कुमार त्रिपाठी आ./पत्नि लोकमणी त्रिपाठी निवासी ग्राम बैरागढ चीचली द्वारा ग्राम बैरागढ चीचली स्थित खसरा नंबर 11/1, 110/1 क्षेत्रफल 0.460 हे. का विक्रयपत्र/फौती/वसीयतनामा के आधार पर नामांरतण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव आवेदक के उपरोक्त आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक 28/07/2025 के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
तहसील कोलार जिला भोपाल

न्यायालय नायब तहसीलदार बैरागढ चीचली वृत कोलार भोपाल म.प्र.

प्रकरण क्रं.RS/444/0760/10730/26

इश्तहार

आवेदक अनंत कुमार त्रिपाठी आ./पत्नि लोकमणी त्रिपाठी निवासी ग्राम बैरागढ चीचली द्वारा ग्राम बैरागढ चीचली स्थित खसरा नंबर 110/1 क्षेत्रफल 7.62 हे. का विक्रयपत्र/फौती/वसीयतनामा के आधार पर नामांरतण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव आवेदक के उपरोक्त आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक 28/07/2025 के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
तहसील कोलार जिला भोपाल

जाहिर सूचना

तीन मंजिला मकान नंबर- 25, कुल एरिया- 1625 वर्गफिट अर्थात 151 वर्गमीटर जो भैरोंपुर, वार्ड नंबर-85, तहसील-कोलार, जिला-भोपाल (म.प्र.) के संबंध में जाहिर सूचना

मेरे द्वारा मेरे पक्षकार की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरे पक्षकार द्वारा श्री भाग्य चन्द्र चौहान आत्मज श्री छोटेलाल चौहान आयु वयस्क निवासी- एनबी 102, न्यू बहार, सहारा स्टेट, बंगरसिया, भोपाल, मध्यप्रदेश के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य का तीन मंजिला मकान नंबर-25, कुल एरिया-1625 वर्गफिट अर्थात 151 वर्गमीटर जो खसरा नंबर-38, 37/3/1/2 एवं 41, 42/2/1/2 एवं 68 का अंश भाग होकर, ग्राम- भैरोंपुर, वार्ड नंबर-85, तहसील-कोलार, जिला-भोपाल (म.प्र.) को बयाना / टोकन राशि देकर क्रय करने का अनुबंध निष्पादित कर लिया है सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति, फर्म, सोसायटी या बैंक संस्था, सरकारी, गैर सरकारी, कार्यालय को कोई आपत्ति हो या कहीं दान, बंधक, गिरवी, विक्रय, विक्रय अनुबंध, इत्यादि हो तो या उक्त भूमि के संबंध में कोई भी पूर्व संव्यवहार हो या किसी का कोई हित भूमि में समाहित या आपत्ति हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में कार्यालीन समय में संपर्क कर लिखित आपत्ति में दस्तावेज प्रस्तुत करें अन्यथा निश्चित अवधि पश्चात कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मेरे पक्षकार उक्त संव्यवहार पूर्ण कर भूमि के विक्रय पत्र का पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र रहेंगे सूचित हो।

भवदीय
पंकज श्रीवास्तव अधिवक्ता
कार्यालय ऑफिस नंबर-बी-7, पटेल मार्केट मिसरोद भोपाल मो. 8878310080, 9826992948

उप चुनाव से पूर्व पुलिस ने कसा शिकंजा, अवैध शराब व बदमाशों पर हुई कार्रवाई

समय जगत, दतिया। इन दिनों दतिया में उपचुनाव की आदर्श आचार संहिता लागू है ऐसे में पुलिस ने अवैध शराब माफियाओं व बदमाशों पर शिकंजा कसना प्रारंभ कर किया है उसी क्रम में सिविल लाइन थाना पुलिस ने ग्राम झड़िया के कंजर डेरा पर छापामार कार्रवाई करते हुए जमीन में छुपाकर रखी 3300 लीटर कच्ची शराब, 5 हजार लीटर लहान को निकालकर नष्ट किया। पुलिस ने शासकीय भूमि से 3 लाख 30 हजार कीमत की 17 ड्रम में भरी कच्ची शराब जप्त कर नष्ट किया वहीं 2 लाख 50 हजार कीमत का महुआ, गुड़ और लहान को मौके पर किया नष्ट। यह कार्यवाई दतिया एसडीओपी आकांक्षा जैन के नेतृत्व में सिविल लाइन थाना प्रभारी वैभव गुप्ता व उनकी पुलिस टीम ने की। वहीं दूसरी ओर बख्सी हनुमान मंदिर के पास वारदात करने की नियत से घूम रहे कट्टाधारी बदमाश छोटू बाल्मीकि को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 315 बोर का कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया।

कार्यालय नगर पालिका परिषद मण्डीदीप,जिला–रायसेन म0प्र0

क्र./2374/राजस्व न.पा./2026 मंडीदीप दिनांक–14.07.2026

//हकअन्तरण आपत्ति सूचना//

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि म0प्र0 नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत नगर पालिका के संपत्ति कर खाते में हकअन्तरण की कार्यवाही की जाना है अतः जिन व्यक्तियों को निम्नलिखित वार्ड क्र. ..... के समक्ष लिखित व्यक्तियों व भवन भूखण्ड के हकअन्तरण में कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति नगर पालिका मण्डीदीप के कार्यालय में लिखित प्रमाण प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा तथा संबंधित व्यक्तियों के नाम से हकअन्तरण की कार्यवाही की जावेगी। सुदामा

क्र	नस्ती क्र0	भवन भूमि/प्लाट/वार्ड का विवरण	विक्रेता का नाम	क्रेता का नाम	क्षेत्रफल	नामांतरण काआधार
1	12017	भूखण्ड क्रमांक–05, कपिल मार्केट,वार्ड क्रमांक–23, मण्डीदीप	श्री केदार मीना पिता श्री फूलसिंह मीना	श्रीमति गिरजा पत्नि श्री ज्ञान सिंह	75.27 वर्गमीटर	रजिस्ट्री
2	11694	भूखण्ड क्रमांक–66, गौरी ग्रींस कॉलोनी,वार्ड क्रमांक–23, मण्डीदीप	मेसर्स कल्पधाम बिल्डर्स	1.श्री आशीष राय पिता श्री मदन लाल राय,	75.60 वर्गमीटर	रजिस्ट्री
3	6095	वार्ड क्रमांक–05, विवेक जाग्रति रोड पुराना 06 मण्डीदीप	स्वः श्री प्रभुदयाल साहू पिता श्री काशी राम साहू	1.श्रीमति शांति साहू पत्नि स्वः श्री संतोष साहू, 2.श्री रवि साहू पिता स्वः श्री प्रभुदयाल साहू, 3.मनीषा साहू पिता स्वः श्री प्रभुदयाल साहू, 4.श्री अंतिम साहू पिता स्वः श्री प्रभुदयाल साहू,	1300 वर्गफिट	मृत्यु प्रमाण पत्र शपत पत्र
4	11930	मकान क्रमांक–252/12, इन्द्रा नगर वार्ड क्रमांक–12, मण्डीदीप	श्री रफीक अहमद पिता श्री शफीक अहमद	1.श्रीमति नाहिद खान पत्नि श्री रफीक अहमद 2.श्री रफीक अहमद पिता श्री शफीक अहमद	1123.59 वर्गफिट	सहस्वामित्व
5	12018	मकान क्रमांक–58 शांति नगर वार्ड क्रमांक–23 मण्डीदीप	श्री अशोक कुमार गुप्ता पिता श्री केदार गुप्ता	श्रीमति गुडडी बाई पति श्री बलराम	650 वर्गफिट	रजिस्ट्री
6	12019	मकान क्रमांक–58 शांति नगर वार्ड क्रमांक–23 मण्डीदीप	श्री अशोक कुमार गुप्ता पिता श्री केदार गुप्ता	श्री शिवकांत पटेल पिता श्री बलराम पटेल	650 वर्गफिट	रजिस्ट्री
7	12020	मकान क्रमांक–303 सुन्दरम विहार कालोनी दाहोद रोड वार्ड क्रमांक–23, मण्डीदीप	आर. के. बिल्डकान	श्रीमति भूरी बाई पति श्री लीला किशन	800 वर्गफिट	रजिस्ट्री
8	12021	भूखण्ड क्रमांक–100 शीतल मेगा सिटी फेस 01 वार्ड क्रमांक–23, मण्डीदीप	मैसर्स पुष्पदंत बिल्डर्स प्रा. लि.	श्रीमति इसरावती देवी पत्नि श्री राम चंद्र यादव	55.75 वर्गमीटर	रजिस्ट्री
9	12022	भूखण्ड क्रमांक–99, कार्नर शीतल मेगा सिटी फेस 01 वार्ड क्रमांक–23, मण्डीदीप	मैसर्स पुष्पदंत बिल्डर्स प्रा. लि.	श्रीमति इसरावती देवी पत्नि श्री राम चंद्र यादव	55.84 वर्गफिट	रजिस्ट्री
10	12023	भूखण्ड क्रमांक–101 कार्नर शीतल मेगा सिटी फेस 01 वार्ड क्रमांक–23, मण्डीदीप	मैसर्स पुष्पदंत बिल्डर्स प्रा. लि.	श्री कृष्ण कुमार यादव पिता श्री बलिन्द्र यादव	55.75 वर्गफिट	रजिस्ट्री
11	12024	भूखण्ड क्रमांक–391, मधुवन हिल्स वार्ड क्रमांक–24 मण्डीदीप	श्री कामता प्रसाद पिता श्री कासी राम	श्री बुधराव दरवाई पिता श्री भीमराव जी दरबाई	1061 वर्गफिट	रजिस्ट्री
12	12025	भूखण्ड क्रमांक–349 शीतल सिटी वार्ड क्रमांक–24 मण्डीदीप	श्री संजय चान्दना पिता श्री श्याम सुन्दर चान्दना	श्री रविंदर पिता श्री रमेश साहू श्रीमति पूजा साहू पत्नि श्री रविन्दर	560 वर्गफिट	रजिस्ट्री
13	12026	भूखण्ड क्रमांक–39 मधुवन फेंस 1 ए वार्ड क्रमांक–1, मण्डीदीप	मैसर्स मधुवन एसोसिऐटस	1.श्रीमति प्रियंका धुमाल पत्नि श्री मनोज कुमार धुमाल 2.श्री मनोज कुमार धुमाल पिता श्री दिलीप	50.28 वर्गमीटर	रजिस्ट्री
14	12027	भूखण्ड क्रमांक–83 मधुवन फेंस 1 ए वार्ड क्रमांक–1, मण्डीदीप	मैसर्स मधुवन एसोसिऐटस	1.श्रीमति आरती पाटकार पत्नि श्री नितिन कान्त 2.श्री नितिन कान्त पाटकार पिता श्री चंद्रकान्त पाटकार	50.28 वर्गमीटर	रजिस्ट्री
15	12028	भूखण्ड क्रमांक–123 अनंत गोपीपुरम वार्ड क्रमांक–25 मण्डीदीप	मैसर्स आगन्तुक कालोनीनाईजर एण्ड डेवलपर्स	श्री कमलेश कुमार श्रीवास्तव पिता श्री जगन्नाथ प्रसाद श्रीवास्तव	525 वर्गमीटर	रजिस्ट्री
16	12029	भूखण्ड क्रमांक–161 मधुवन फेंस वार्ड क्रमांक–24, मण्डीदीप	1.श्री रामदयाल मीना 2.श्री जीतमल मीना 3.श्री राजेन्द्र मीना 4.श्रीमति इन्द्रा बाई 5. चन्दा बाई पुत्र एंव पुत्रीगण स्व. श्री रामप्रसाद 6. श्रीमति नत्थी बाई पत्नि स्व. श्री संजय मीनृ	1.श्री बलजीत सिंह जैसल पिता श्री अजीत सिंह जैसल 2.श्रीमति ममता सिंह पत्नि श्री बलजीत सिंह जैसल	1575 वर्गफिट	रजिस्ट्री
17	11693	भूखण्ड क्रमांक–136, शीतल मेगा सिटी फेस–1,वार्ड क्रमांक–23, मण्डीदीप	1.श्री मुक्तेश जैन पिता श्री मुन्नालाल जैन 2.श्रीमति पल्लवी जैन पत्नि श्री मुक्तेश जैन	श्री अभिषेक राय, अशीष राय पिता श्री मदनलाल राय	1100 वर्गफिट	रजिस्ट्री
18	11830	भूखण्ड़ क्रमांक–81, ऐश्वर्या कॉलोनी,वार्ड क्रमांक–24, मण्डीदीप	श्री ज्योति कुमार सिंह पिता श्री आर. बी.सिंह	.श्रीमति राधा बाई पत्नि स्व. श्री नारायण सिंह	41.82 वर्गमीटर	रजिस्ट्री एंव मृत्यु प्रमाण पत्र
19	12030		मैसर्स श्री पारस नाथ बिल्डर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड	1. श्री हरजीत सिंह पिता स्व. श्री अमर सिंह 2. श्री गुरूचरण पिता श्री हरजीत सिंह	480 वर्गफिट	रजिस्ट्री
20	12031	भूखण्ड क्रमांक–55 कार्नर एंव 74 कार्नरी कृष्णा इन्क्लेव अर्द्वनिर्मित फ्लेट कमांक ए – 07 वार्ड क्रमांक–01, मण्डीदीप	मैसर्स एस. जी. बिल्डकॉन	1.श्री दिलीप कुमार तायवाडे पिता श्री जासनलाल तायवाडे 2.श्रीमति आरती तायवाडे पत्नि श्री दिलीप कुमार तायवाडे	550 वर्गफिट	रजिस्ट्री
21	12032	भूखण्ड क्रमांक–106, शीतल मेगा सिटी फेस 05 वार्ड क्रमांक–23, मण्डीदीप	मैसर्स पुष्पदंत बिल्डर्स प्रा. लि.	श्रीमति सुनीता पाण्डेय पत्नि श्री उमेश पाण्डेय	66.91 वर्गफिट	रजिस्ट्री
22	12033	भूखण्ड क्रमांक–13 कार्नर, शीतल रिगालिया सिटी फेस वार्ड क्रमांक–23, मण्डीदीप	मैसर्स पुष्पदंत बिल्डर्स प्रा. लि.	1.श्री कन्हैया हारोडे पिता श्री सीताराम हारोडे 2.श्रीमति स्मिता हारोडे पत्नि श्रीमति कन्हैया हारोडे	1000 वर्गफिट	रजिस्ट्री
23	12034	गज्जू पिपलिया वार्ड कमांक 24 मण्डीदीप	श्री मिथलेश कुमार मारन पिता श्री अर्जुन सिंह मारन	श्री शिवराज सिंह पिता श्री राजमल मीना	750 वर्गफिट	रजिस्ट्री
24	12035	भूखण्ड कमांक 23 सैक्टर बी स्क्वायर कालोनी वार्ड 24 मण्डीदीप	1.श्रीमांते तेजा बाई पांत्नि स्व. श्री रामस्वरूप पाठक 2.श्रीमति लक्ष्मी उपाध्याय पत्नि श्री सत्यनारायण पुत्री स्व. श्री रामस्वरूप पाठक 3.श्रीमति चंदा तिवारी श्री राकेश कुमार तिवारी पुत्री स्व. श्री रामस्वरूप पाठक	श्री मिथलेश कुमार पाठक पिता स्व. श्री रामस्वरूप पाठक	787.50 वर्गफिट	राजस्ट्री
25	12036	भूखण्ड कमांक बी 01 सैक्टर बी सौम्या वेदांता कालोनी वार्ड 24 मण्डीदीप	मैसर्स फोरच्यून सौम्या हाउसिंग	1.श्रीमति किरण कुमारी पत्नि श्री श्याम किशोर प्रसाद 2.श्री श्याम किशोर प्रसाद पिता श्री काशी साव	840 वर्गफिट	रजिस्ट्री

प्रियंका राजेन्द्र अग्रवाल,
अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद मण्डीदीप

म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल

आम सूचना

अयोध्या नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल भवन क्रमांक एल.आई.जी. 775 जी-सेक्टर मण्डल द्वारा श्री मुकेश कुमार भूषण आत्मज श्री देवराव भूषण के नाम पर हस्तान्तरण आदेश क्र. 8052-8058 दिनांक 02/05/2022 को हस्तान्तरित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 06/03/2022 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। केता/विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्रीमती नेहा शर्मा पत्नी श्री विवेक प्रोहित के नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 18/06/2026 को क्रेता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति श्रीमती नेहा शर्मा पत्नी श्री विवेक प्रोहित के नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है।

उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण सहकारी एवं अधोसंचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2 भोपाल

न्यायालय तहसीलदार, नजूल शहर वृत्त, भोपाल (म.प्र.)

प्रकरण क्रमांक-0190/अ-6/26-27
भोपाल, दिनांक 10/07/2026

// सार्वजनिक इश्तेहार //

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रभावती कोले पत्नी स्व. दिनकर कोले निवासी म.नं. 119 ए ओल्ड अशोका गार्डन भोपाल द्वारना एक किता एक मंजिला मकान जो खसरा क्रमांक 838, 839, 861, 865/1/2 का अंशभाग होकर कुल क्षेत्रफल 900 वर्गफिट स्थित अशोका गार्डन भोपाल का नामांतरण किये जाने हेतु म.प्र. भू-राजस्व संहिता-1959 की धार। 109,110 के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत किया है।

उक्त भूमि नामान्तरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर विज्ञप्ति/इश्तेहार प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर किसी प्रकार का कोई विचार नहीं किया जावेगा।

उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय के पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 10/07/26 को जारी किया गया।

तहसीलदार
नजूल शहर वृत्त, भोपाल

न्यायालय तहसीलदार, नजूल शहर वृत्त, भोपाल (म.प्र.)

प्रकरण क्रमांक- 0164/अ-6/26-27
भोपाल, दिनॉक 16/07/2026

// सार्वजनिक इश्तेहार //

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सुरेन्द्र जैन आत्मज श्री शांति प्रसाद जैन निवासी प्लाट क्रमांक 212 ए न्यू अशोका गार्डन भोपाल द्वारा एक किता दो मंजिला मकान जिसका भूखण्ड क्रमांक 132 जिसका खसरा क्रमांक 831/1/1 का अंशभाग होकर कुल क्षेत्रफल 1260 वर्गफिट स्थित गुरूनानकपुरा रायसेन रोड भोपाल का नामांतरण किये जाने हेतु म.प्र. भू-राजस्व संहिता-1959 की धारा 109,110 के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत किया है।

उक्त भूमि नामान्तरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर विज्ञप्ति/इश्तेहार प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर किसी प्रकार का कोई विचार नहीं किया जावेगा।

उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय के पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक. 16-07-26 को जारी किया गया।

तहसीलदार
नजूल शहर वृत्त, भोपाल

कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग खण्डवा

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हाऊसिंग बोर्ड कालोनी ओंकार नगर बड़वाह में भूखण्ड क्रमांक EWS-33 मंडल द्वारा श्री आयुष वर्मा पिता श्री गेंदालाल वर्मा के नाम से आबंटित है। उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 07/04/2022 को पंजीकृत है। श्री आयुष वर्मा से उक्त संपत्ति श्रीमती दिप्ती शर्मा पति श्री पंकज शर्मा ने क्रय कर विक्रय विलेख का पंजीयन दिनांक 31/03/2024 को अपने पक्ष में करा लिया है।

क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन शपथ पत्र/संयुक्त शपथ पत्र/विक्रय विलेख की छायाप्रति एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्रीमती दिप्ती शर्मा पति श्री पंकज शर्मा के नाम हस्तांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त संपत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है।

उक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/संस्था/वित्तिय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नही कि जावेगी एवं मंडल नियमानुसार कार्यवाही करने को स्वतंत्र रहेगा।

संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. विकास मंडल संभाग खण्डवा

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं, कि मेरे पुत्र का नाम सायदान खान पिता नबाब खान (SAYDAN KHAN S/O NABAB KHAN) निवासी डांगरवाडा, डांगरवाडा, नटेरन, जिला विदिशा, मध्य प्रदेश हैं। परंतु मेरे पुत्र के आधार कार्ड में त्रुटिवश नाम सादाब पुत्र नबाब खां (SADAB S/O NABAB KHA) अंकित हो गया हैं, जो की गलत है मेरे पुत्र का वास्तविक सही नाम उसके शैक्षणिक दस्तावेज में भी दर्ज होने से प्रमाणित है। जिसे मैं मेरे पुत्र के आधार कार्ड/ शासकीय/ अशासकीय दस्तावेजों में दर्ज कराना चाहता हूँ। सायदान खान पिता नबाब खान (SAYDAN KHAN S/O NABAB KHAN) व सादाब पुत्र नबाब खां (SADAB S/O NABAB KHA) यह दोनों एक हि व्यक्ति है।

प्रकाशन उपरांत मेरे पुत्र का नाम सायदान खान पिता नबाब खान (SAYDAN KHAN S/O NABAB KHAN) के नाम से जाना, पहचाना व पढ़ा जावें।

पुराना नाम
सादाब पुत्र नबाब खां
(SADAB S/O NABAB KHA)
नया नाम
सायदान खान पिता नबाब खान
(SAYDAN KHAN S/O NABAB KHAN)

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं, कि मेरी पुत्री का नाम आफरीन बी पिता इसरार खां (AFRIN BEE D/O ISRAR KHA) निवासी वार्ड नं. 16, हदाहीपुर, बैगमगंज, जिला रायसेन मध्य प्रदेश हैं। परंतु मेरी पुत्री के आधार कार्ड में त्रुटिवश नाम राहीन पुत्री इसरार खा (RAHIN D/O ISRAR KHAN) अंकित हो गया हैं, जो की गलत है मेरी पुत्री का वास्तविक सही नाम उसके शैक्षणिक दस्तावेज में भी दर्ज होने से प्रमाणित है। जिसे मैं मेरी पुत्री के आधार कार्ड/ शासकीय/ अशासकीय दस्तावेजों में दर्ज कराना चाहता हूँ। आफरीन बी पिता इसरार खां (AFRIN BEE D/O ISRAR KHA) व राहीन पुत्री इसरार खा (RAHIN D/O ISRAR KHAN) यह दोनों एक हि व्यक्ति है।

प्रकाशन उपरांत मेरी पुत्री का नाम आफरीन बी पिता इसरार खां (AFRIN BEE D/O ISRAR KHA) के नाम से जाना, पहचाना व पढ़ा जावें।

पुराना नाम
राहीन पुत्री इसरार खा
(RAHIN D/O ISRAR KHAN)
नया नाम
आफरीन बी पिता इसरार खां
(AFRIN BEE D/O ISRAR KHA)

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं, कि मेरी पुत्री का नाम महक ठाकुर पिता कन्हैया (MAHEK THAKUR D/O KANHAIYA) निवासी एच नं. 77, विदिशा रोड, ग्राम बालमपुर, बालमपुर, जिला भोपाल मध्य प्रदेश हैं। परंतु मेरी पुत्री के आधार कार्ड में त्रुटिवश नाम ललता पुत्री कन्हैयालाल (LALTA D/O KANHAIYALAL) अंकित हो गया हैं, जो की गलत है मेरी पुत्री का वास्तविक सही नाम उसके जन्म प्रमाण पत्र में भी दर्ज होने से प्रमाणित है। जिसे मैं मेरी पुत्री के आधार कार्ड/ शासकीय/ अशासकीय दस्तावेजों में दर्ज कराना चाहता हूँ। महक ठाकुर पिता कन्हैया (MAHEK THAKUR D/O KANHAIYA) व ललता पुत्री कन्हैयालाल (LALTA D/O KANHAIYALAL) यह दोनों एक हि व्यक्ति है।

प्रकाशन उपरांत मेरी पुत्री का नाम महक ठाकुर पिता कन्हैया (MAHEK THAKUR D/O KANHAIYA) के नाम से जाना, पहचाना व पढ़ा जावें।

पुराना नाम
ललता पुत्री कन्हैयालाल
(LALTA D/O KANHAIYALAL)
नया नाम
महक ठाकुर पिता कन्हैया
(MAHEK THAKUR D/O KANHAIYA)

न्यायालय तहसीलदार, वृत्त-3, तहसील-हुजूर, जिला भोपाल,

प्रकरण क्रमांक-....1521/अ-6/2026-27
मौजा- बरखेड़ा सालम
तहसील हुजूर, भोपाल

उद्घोषणा पत्र

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हमीद खान पुत्र कैदीर खान व अन्य निवासी 1947 हिना टेंट हाउस के पास डेयरी फार्म खानूगांव हुजूर भोपाल, म.प्र. भू. राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम बरखेड़ा सालम प0ह0नं0 56 स्थित भूमि खसरा क्र 287, 405, 406, कुल रकबा में से 1014 वर्गफिट भूमि जो राजस्व अभिलेखों में स्व0 मसूदा बी पत्नी हमीद खान के नाम से भूमि दर्ज है नहीं अभिलेखों में विक्रेता मैसर्स क्रियोटिककालोनाईजर एंड डेवलपर्स द्वारा मैने जिंग डायरेक्टर से0 नवेदहसन पिता फिरोज हसन पता बड़खेड़ा सालम के नाम से भूमि दर्ज है। जिस आधार पर फौतिनामांतरण किये जाने का अनुरोध किया है। आवेदक द्वारा आवेदन के साथ राजस्व अभिलेखों की नकल, मृतक खातेदार का मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य सुसंगत दस्तावेज प्रस्तुत किये है।

2- उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। प्रकरण में आगामी कार्यवाही हेतु दिनांक 23.07.2026 नियत है।

उक्त उद्घोषणा मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 14.07.2026 को जारी किया गया।

तहसीलदार
तहसील-हुजूर भोपाल

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार वृत-2, तहसील हुजूर जिला भोपाल

प्रकरण क्रमांक 2087/अ-6/2026-27
दिनांक 14/07/2026
ग्राम चोपडा कला प0ह0नं0 30

ईश्तहार

सर्वसाधारण विज्ञासारित लेख है कि आवेदक श्री रोहित कुर्मी आ0 मोहन सिंह निवासी ए-43 छोटा रोड शिव शक्ति नगर भोपाल म0प्र0 ने म.प्र.भू-संहिता की धारा 109, 110 के तहत आवेदन प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दस्तावेज क्रमांक एमपी0597120189151245 1 दिनांक 18.07.2018 के आधार पर क्रय की गई भूमि स्थित ग्राम चोपडा कला, प0ह0नं0 30 तहसील हुजूर स्थित भूमि का खसरा क्रमांक 300/3/1/2/1 में से अंश भाग रकबा 450 वर्गफिट भूमि का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम पर किए जाने का अनुरोध किया है। आवेदक ने आवेदन पत्र के साथ रजिस्टर्ड विक्रय पत्र की छायाप्रति एवं अन्य सुसंगत दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। प्रकरण में आगामी कार्यवाही हेतु दिनांक 30/07/2026 नियत है।

उक्त उद्घोषणा मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 14/07/2026 को जारी किया गया है।

नायब तहसीलदार
तहसील हुजूर भोपाल

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार वृत-2, तहसील हुजूर जिला भोपाल

प्रकरण क्रमांक 9914/अ-6/2025-26
दिनांक 14/07/2026
ग्राम पिपलिया जाहिरपीर प0ह0नं0 35

ईश्तहार

सर्वसाधारण आवेदक श्री सरफराज अहमद आ0 इश्तियाक अहमद निवासी 68 बी-सेक्टर हजर निजामुददीन कॉलोनी नरेला शंकरी भोपाल म0प्

बरही के जाजागढ़-बिचपुरा का है मामला

दो पार्टनर की आपसी कलह का प्रशासन ने किया पटाक्षेप

समय जगत, कटनी। बरही के जाजागढ़ में संचालित के पी अवस्थी के साथ तिलक ग्रोवर के क्रेशर प्लांट में प्रशासन ने ताला जड़ दिया है। यह कार्रवाई शासकीय जमीन और सार्वजनिक रास्ता बाधित करने पर हुई है। केपी अवस्थी और तिलक ग्रोवर कभी जिगरी यार ही नहीं व्यापारिक पार्टनर भी थे, लेकिन व्यापार में राजनीतिक प्रतिद्वंदिता इस कदर हावी हुई कि जमीन के छोटे टुकड़े में आधिपत्य को लेकर दोनों एक-दूसरे के जानी दुश्मन हो गए, जिसका हश्र सामने है और दोनों को व्यापारिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। गत दिवस प्रशासन की संयुक्त टीम ने क्रशर प्लांटों में ताला जड़ने कार्रवाई को अंजाम दिया। इस दौरान बरही के तहसीलदार आदित्य द्विवेदी, सहायक खनिज अधिकारी पवन कुशवाहा, खनिज इंस्पेक्टर कमलकांत परस्ते, टीआई अरविंद चौबे आदि मौजूद रहे।

यह है पूरा मामला: प्राप्त जानकारी के अनुसार सीज किए गए क्रेशरों में एक तिलक राज ग्रोवर का है और दूसरा केपी अवस्थी का बताया जा रहा है। आरोप है कि शासकीय जमीन में संबंधितों को 'सब्सिडी पर आवंटित थी। नियमों के मुताबिक सब्सिडी पर्पज के तहत मिली सार्वजनिक उपयोग की जमीन पर क्रेशर का संचालन नहीं किया जा सकता था। आम रास्ते, सार्वजनिक निस्तार की भूमि में प्लांट का संचालन होने का हवाला देकर कलेटर के निर्देश पर यह कार्यवाई की गई है।

मीडिया ट्रायल से भी पड़ा असर : के पी अवस्थी से 7 करोड़ की पेनाल्टी वसूलने का मुद्दा गरमाया। व्यापारिक प्रतिद्वंदिता और राजनीति कस मिला-जुला मिश्रण का मुद्दा इस कदर उछला की दोनों क्रशर संचालक एक-दूसरे का नुकसान करने के लिए पिछले एक पखवाड़े से जमकर मीडिया ट्रायल कराया, ताकि प्रशासन पर दबाव बनाया जा सके, जिसका खामियाजा दोनों यार को भुगतना पड़ रहा है।

इनका कहना है

कलेक्टर के सख्त निर्देशों के पालन में यह कार्रवाई की गई है। नियमों का उल्लंघन कर शासकीय और सार्वजनिक उपयोग की जमीन पर क्रेशर का संचालन किया जा रहा था, जिसे सीज कर दिया गया है।

– आदित्य द्विवेदी, तहसीलदार बरही

महाविद्यालय द्वारा 'नशे से दूरी है जरूरी को लेकर आयोजित की गई जागरुकता रैली

समय जगत, पन्ना। श्री राम शिक्षा प्रसार एवं ग्रामीण विकास समाजोत्थान समिति पन्ना द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने और समाज में नशा मुक्ति के प्रति चेतना जगाने के उद्देश्य से 15 जुलाई को स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं और महाविद्यालय स्टाफ द्वारा नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत एक भव्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार, 15 जुलाई से 30 जुलाई तक चलने वाले इस राज्यव्यापी अभियान में महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रैली का शुभारंभ महाविद्यालय परिसर से प्राचार्य डॉ सौरभ अग्रवाल द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। रैली में शामिल छात्र-छात्राओं के हाथों में नशा विरोधी संदेशों वाली तख्तियां, बैनर और पोस्टर थे, जिन पर नशे से दूरी है जरूरी जिंदगी को हां, नशे को ना जैसे प्रभावशाली नारे लिखे हुए थे। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पूरे मार्ग में गगनभेदी नारों के साथ स्थानीय नागरिकों और विशेषकर युवाओं को नशे की लत से दूर रहने की अपील की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य ने विद्यार्थियों और उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि, नशा न केवल एक व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचाता है, बल्कि पूरे परिवार और उसके सुनहरे भविष्य को बर्बाद कर देता है। हमारे देश की असली ताकत यहां के युवा हैं, और युवाओं का मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ होना राष्ट्र निर्माण के लिए बेहद जरूरी है। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राध्यापकों, स्टाफ सदस्यों और सभी छात्र-छात्राओं को जीवनभर नशे से दूर रहने तथा दूसरों को भी इसके प्रति जागरुक करने की सामूहिक शपथ दिलाई गई। इस सराहनीय सामाजिक पहल की स्थानीय प्रशासन और प्रबुद्ध नागरिकों द्वारा जमकर प्रशंसा की जा रही है।

संक्षिप्त समाचार

पंडित पाठक को 'भागवत भूषण' की मानद पदवी से किया गया अलंकृत



समय जगत, पन्ना। राजधानी भोपाल में आयोजित दो दिवसीय 'कालीदास राष्ट्रीय महर्षि ज्योतिष विज्ञान सम्मेलन' के दौरान सुप्रसिद्ध विद्वान व्याकरणाचार्य पंडित रामदुलारे पाठक को 'भागवत भूषण' की मानद पदवी से सम्मानित किया गया। 11-12 जुलाई 2026 को आयोजित इस भव्य समारोह में देश भर के संत महात्माओं, महामंडलेश्वरों और विद्वानों की गरिमामयी उपस्थिति रही।यह आयोजन ज्योतिष महर्षि पं. अयोध्या प्रसाद गौतम एवं पंचांगकार पं. सूर्यकांत चतुर्वेदी की पुण्य स्मृति में किया गया था। सम्मेलन के दौरान ज्योतिष और आध्यात्मिक क्षेत्र में पाठक जी के अतुलनीय योगदान को रेखांकित करते हुए उन्हें इस प्रतिष्ठित अलंकरण से नवाजा गया।

संयुक्त तत्वावधान में हुआ आयोजनः इस सम्मेलन का सफल आयोजन ज्योतिष मठ संस्थान (भोपाल) और कालिदास संस्कृत अकादमी (उज्जैन) के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में महर्षि विश्व शांति आंदोलन-भारत, आधुनिक ज्योतिष कार्यालय जबलपुर और मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद का भी विशेष सहयोग रहा।

कीचड़ उठाने की बात पर विवाद एवं मारपीट मामले में पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

समय जगत, श्योपुर। बड़ौदा थाना क्षेत्र के ग्राम फिलोजपुरा गांव में कीचड़ उठाने की बात को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान एक व्यक्ति के साथ कथित रूप से गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस के अनुसार ग्राम फिलोजपुरा निवासी बाबूलाल पुत्र बालाराम बैरवा (50) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 14 जुलाई को सुबह करीब 10 बजे अपने खेत पर मौजूद थे। इसी दौरान गांव के गिर्राज बैरवा से कीचड़ उठाने की बात को लेकर विवाद हो गया। फरियादी का आरोप है कि आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। बड़ौदा थाना पुलिस ने फरियाद पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

कूनो अभ्यारण्य में मछली का शिकार करने वाले आरोपियों को न्यायाधीश ने सुनाई सजा

समय जगत, श्योपुर। कूनो अभ्यारण्य की संरक्षित वन भूमि में अवैध रूप से प्रवेश कर मछली का शिकार करने के करीब पांच वर्ष पुराने मामले में विजयपुर न्यायालय ने दो आरोपियों को दोषी ठहराते हुए प्रत्येक को तीन माह के सश्रम कारावास तथा दो-दो हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। शासन की ओर से प्रकरण की पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी पूजा गुप्ता ने की। अभियोजन के अनुसार, 7 नवंबर 2019 को वन विभाग को सूचना मिली थी कि कुछ लोग कूनो अभ्यारण्य में मछली का शिकार कर रहे हैं। सूचना पर वन विभाग की टीम ने बीट सेताखेड़ा पूर्व के कक्ष क्रमांक पी-113 स्थित वरेण्डघाट क्षेत्र में पहुंचकर घेराबंदी की। वहां एक व्यक्ति कूनो नदी में ट्यूब और डोर-कांटे की सहायता से मछली पकड़ता मिला, जबकि दूसरा व्यक्ति नदी किनारे बैठा था। दोनों को मौके पर पकड़ लिया गया।पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम हरपाल आदिवासी एवं गनपत आदिवासी, निवासी टिकटोली, थाना सेसईपुरा, जिला श्योपुर बताए। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से करीब दो किलोग्राम मृत मछली, दो डोर-कांटे, एक ट्यूब और कंबल जब्त किए गए। जांच में पाया गया कि दोनों आरोपी बिना वैध अनुमति के संरक्षित वन क्षेत्र में प्रवेश कर वन्यजीव संरक्षण अधिनियम का उल्लंघन करते हुए मछलियों का शिकार कर रहे थे। वन परिक्षेत्राधिकारी पालपुर पश्चिम द्वारा अपराध दर्ज कर विवेचना के बाद न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया गया। मामले की सुनवाई के उपरांत न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, विजयपुर ने प्रकरण क्रमांक 306/2021 में दोनों आरोपियों को वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम, 1972 की धारा 27 सहपठित धारा 51 के तहत दोषी करार देते हुए प्रत्येक को तीन माह के सश्रम कारावास एवं 2,000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

दस्तक अभियान को लेकर जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

समय जगत, श्योपुर। कलेक्टर शीला दाहिमा की अध्यक्षता में गत दिवस कलेक्ट्रेट में दस्तक अभियान को लेकर जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग एवं शिक्षा विभाग के जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कलेक्टर शीला दाहिमा ने बच्चों को कुपोषण, एनीमिया और मौसमी बीमारियों से सुरक्षित रखने वाले दस्तक अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आयोजित जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में निर्देश दिये कि शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चों में बाल्यकाल की बीमारियों की पहचान, तीव्र कुपोषण प्रबंधन और त्वरित उपचार के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ काम करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि अभियान के दौरान साफ़ सफाई एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जायें। जिले के प्रत्येक पात्र परिवार और अंतिम छोर पर रहने वाले बच्चे तक स्वास्थ्य दल की दस्तक अनिवार्य रूप से होनी चाहिए।

हमले का सनसनीखेज वीडियो हुआ वायरल

निहत्थे गुप्ता बंधुओं पर टूट पड़े थे नकाबपोश बदमाश, पीड़ित पर भी एफआईआर से उठे सवाल

समय जगत, कटनी। शहर के प्रतिष्ठित व्यवसाई और उद्योगपति मुकेश कुमार गुप्ता (सेठ) व उनके भाई पर विश्राम बाबा क्षेत्र में हुए जानलेवा हमले के मामले में एक नया और बेहद सनसनीखेज मोड़ आ गया है। सोशल मीडिया पर वारदात के समय का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसने कटनी पुलिस की कार्यप्रणाली और सत्ता पक्ष के दबाव को पूरी तरह बेनकाब कर दिया है। वायरल वीडियो और मीडिया के दावों के अनुसार, दिनदहाड़े हुए इस खूनी संघर्ष के पीछे सीधे तौर पर भाजपा नेताओं की अगुवाई और उनके पाले हुए गुंडों का हाथ होना सामने आ रहा है।

वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि जब उद्योगपति मुकेश गुप्ता और उनके भाई राहुल गुप्ता अपनी जमीन पर अवैध कब्जे और जेसीबी से बाउंड्रीवाल तोड़े जाने की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे थे तो वे पूरी तरह निहत्थे थे, उनके साथ केवल उनका वाहन चालक था, जो इस पूरे घटनाक्रम को अपने मोबाइल कैमरे में रिकॉर्ड कर रहा था। वीडियो के शुरुआती अंशों में स्पष्ट है कि दोनों व्यवसाई भाई चारों तरफ से नकाबपोश और हथियारों से लैस बदमाशों से घिरे हुए थे, जैसे ही मुकेश गुप्ता ने मौके पर मौजूद वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश शुक्ला से बात करनी शुरू की, वैसे ही एक बदमाश ने चालक पर झपट्टा मारकर उसका मोबाइल छीन लिया और रिकॉर्डिंग बंद कर दी। इसके ठीक बाद हथियारों से लैस बदमाशों की भीड़ निहत्थे गुप्ता बंधुओं और उनके चालक पर टूट पड़ी।

रिवॉल्वर तानने का खौफनाक मंजर, मिसफायर से बची जानः घटना के दौरान आसपास मौजूद लोगों द्वारा बनाए गए अन्य वीडियो में कारनामे का खौफनाक मंजर साफ नजर आ रहा है. लाठी-डंडों से बेरहमी से की जा रही मारपीट के बीच एक बदमाश ने व्यवसाई राहुल गुप्ता पर सीधे पिस्तौल तान दी थी, गनीमत रही कि उस वक्त ट्रिगर दबाने पर कारतूस मिसफायर हो गया अन्यथा कटनी शहर में एक बड़ी हत्या हो जाती।

जहां एक तरफ वीडियो साक्ष्यों में स्पष्ट दिख रहा है कि गुप्ता बंधु पूरी तरह निहत्थे थे और उन पर हमला किया गया, वहीं दूसरी तरफ माधवनगर पुलिस ने राजनैतिक रसूख और सत्ता के भारी दबाव में आकर खुद पीड़ित भाइयों पर ही क्रॉस केस दर्ज कर दिया है। इस एकतरफा और दबावपूर्ण कार्रवाई से शहर के व्यापारियों और आम नागरिकों में भारी आक्रोश है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि जब वीडियो में साफ है कि गुप्ता बंधुओं ने कोई मारपीट नहीं की और न ही उनके पास कोई हथियार थे, तो आखिर पुलिस ने नेताओं को खुश करने के लिए पीड़ितों को ही आरोपी क्यों बना दिया? जिस गुप्ता परिवार ने कटनी शहर को मॉल, हॉस्पिटल, पेट्रोल पंप, होटल और फैक्ट्रियां जैसी तमाम व्यावसायिक सुविधाएं देकर मध्य प्रदेश सरकार की तिजोरी भरने में करोड़ों का टैक्स दिया, आज वही रसूखदार परिवार पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समीप खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। इस घटना के बाद से पूरे कटनी जिले में यह चर्चा आम हो गई है कि जब शहर के इतने बड़े और प्रतिष्ठित उद्योगपति ही सुरक्षित नहीं हैं, तो आम नागरिकों और छोटे व्यापारियों की सुरक्षा की गारंटी कौन लेगा? आम जनता में यह संदेश जा रहा है कि कटनी में अब कानून का नहीं। भले ही पुलिस ने भाजपा के स्थानीय नेताओं सहित कुछ आरोपियों को दबोच लिया है, लेकिन वीडियो सामने आने के बाद मुख्य साजिशकार भाजपा नेताओं की अब तक न हुई गिरफ्तारी ने कई सवाल खड़े कर दिये हैं।

स्कूली बच्चों की पुकार पर श्री यादव का त्वरित निर्णय

सुनपुरा स्कूल मार्ग का निर्माण होगा शुरू

समय जगत, दमोह। आयोजित जनसुनवाई में सुनपुरा के 7 स्कूल बच्चों की पुकार रंग लाई। इन स्कूली बच्चों ने कलेक्टर प्रताप नारायण यादव से कहा कि हमारे स्कूल तक पहुंचने में कीचड़ हो रहा है, हमारा ऑटो भी नहीं पहुंच पाता है। कलेक्टर ने इन बच्चों की बात अपने पास बुलाकर सुनी और तत्काल ही सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे से कहा कि कल से ही यहां काम करवाएं ताकि बच्चे सुगमता से स्कूल पहुंच सकें। उन्होंने तत्काल ही इन बच्चों से कहा चिंता ना करें आप पढ़े और सड़क का काम करवाया जाएगा। कलेक्टर ने इन स्कूली बच्चों को बिस्किट के पैकेट भी दिए और कहा जाए अपनी पढ़ाई करें। इन बच्चों ने बाहर निकलकर खुशी-खुशी कलेक्टर से हुई चर्चा की बात की। इन बच्चों के चेहरे की मुस्कान बता रही थी कि अब उन्हें कीचड़ मार्ग से मुक्ति मिल जाएगी। कक्षा चार के हर्ष तिवारी ने कहा कि अब स्कूल जाने में कीचढ़ की दिक्कत से मुक्ति मिलेगी। कलेक्टर ने कहा सड़क बन जाएगी। इसी प्रकार नैंसी तिवारी ने कहा कि कलेक्टर ने कहा है सड़क बन जाएगी सभी बच्चे बाहर खुश नजर आए। इसी प्रकार एक बुजुर्ग दिव्यांग श्री गुप्ता अपनी ट्राइ साइकिल से उठ नहीं पा रहे थे। कलेक्टर उनके पास पहुंचे उनकी बातें सुन संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने दोपहर 2 बजे के बाद भी जनसुनवाई में पहुंचे करीब 30 लोगों के आवेदन लिए उनकी बातें सुनी और तुरंत निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

एनएसयूआई द्वारा विरोध प्रदर्शन कर कालेज प्रशासन के खिलाफ की गई नारेबाजी

जन सुनवाई में अव्यवस्था से जुड़ा हुआ है मामला

समय जगत, श्योपुर। कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई के दौरान पीजी कॉलेज के प्राचार्य का कथित तौर पर नींद की झपकी लेते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला तूल पकड़ने लगा है। इसी क्रम में बुधवार को एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने शासकीय पीजी कॉलेज परिसर में विरोध स्वरूप पोस्टर चिपकाकर प्राचार्य की कार्यशैली पर सवाल उठाए और कॉलेज प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। कॉलेज परिसर में लगाए गए पोस्टरों पर नींद से जागने और जिम्मेदारी निभाने जैसे संदेश लिखे गए थे। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह विरोध किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि उस कार्यशैली के खिलाफ है, जिससे कॉलेज की शैक्षणिक और प्रशासनिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है। उनका आरोप है कि लंबे समय से छात्रों की समस्याओं का समय पर निराकरण नहीं हो रहा है, जिससे विद्यार्थियों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। एनएसयूआई ने कहा कि जनसुनवाई जैसे महत्वपूर्ण मंच पर जिम्मेदार अधिकारी का कथित रूप से झपकी लेते दिखाई देना गंभीर विषय है। इससे छात्रों और आम नागरिकों के बीच गलत संदेश जाता है। संगठन ने मांग की कि कॉलेज की व्यवस्थाओं में सुधार किया जाए और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समय रहते छात्रों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया और जिम्मेदारी तय नहीं हुई, तो छात्रहित में आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। उन्होंने कहा, ÷छात्र जाग चुका है, अब हर लापरवाही का जवाब मांगा जाएगा। विरोध प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई के नदीम पठान, ललित मीणा, धीरज मीणा और दीपक मीणा सहित अन्य छात्र कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पेड़ पर फंदे से लटका मिला युवक का शव, मर्ग कायम

श्योपुर। बड़ौदा थाना क्षेत्र में एक 24 वर्षीय युवक का शव खेत की मेड़ पर बबूल के पेड़ से फंदे पर लटका मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार वार्ड क्रमांक-5 बड़ौदा निवासी रामलाल पुत्र अमरलाल ने सूचना दी ।

दमोह जिले के समस्त पटवारी हैं सामूहिक अवकाश पर

अपनी विविध मांगों को लेकर कर रहे हैं आंदोलन

समय जगत, दमोह। मध्यप्रदेश शासन द्वारा समस्त विभागों के कर्मचारियों को कई वर्षों बाद पदोन्नति किया जा रहा है परन्तु पटवारी वर्ग को प्रदेश में कोई भी पदोन्नति का लाभ नहीं दिया जा रहा है जबकि भू-प्रबंधन एवं संसाधन विभाग के ही अन्य कर्मचारियों को पदोन्नति किया जा रहा है। शासन के ऐसे सौतेले एवं भेदभाव पूर्ण व्यवहार के प्रति प्रदेश में पटवारियों ने खुलकर मोर्चा खोल दिया है। जिसमें मध्यप्रदेश पटवारी संघ भोपाल प्रांतीय कार्यकारिणी के आव्हान पर दिनांक 8 जुलाई को पूरे प्रदेश में एक साथ समस्त जिलों सहित दमोह जिला में भी मुख्यमंत्री के नाम से जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कैडल रिव्यू लागू, पदोन्नति, समयमान वेतनमान की मांग, नायब तहसीलदार की विभागीय परीक्षा का आयोजन होना, जज प्रोटेक्शन एक्ट में पटवारी वर्ग को शामिल करना, लंबित वित्तीय भुगतान होना एवं अन्य समस्याओं के निराकरण न होने से 8 जुलाई के पश्चात 7 दिन की अवधि में शासन से विचार करने हेतु निवेदन किया गया परन्तु कोई विचार न होने से प्रदेश के समस्त पटवारी 15 जुलाई से 17 जुलाई तक तीन दिन के सामूहिक अवकाश पर ज्ञापन के लिखित चरण अनुसार चले गये हैं। जिसकी सूचना एवं ज्ञापन दमोह जिले की सभी तहसीलों में पटवारियों ने अपने तहसील अध्यक्ष के साथ जाकर तहसीलदार को दे दी है। पटवारी अपने शासकीय कार्य पर सीधे अब सोमवार 20 जुलाई को लौटेंगे चूंकि 18 और 19 जुलाई को शासकीय अवकाश है। अवकाश अवधि में कोई भी पटवारी ऑनलाईन या ऑफ्लाईन सभी शासकीय कार्य से विरत रहेंगे। साथ ही अन्य शाखाओं में संलग्न पटवारी भी कार्यालयीन कार्य से विमुक्त रहेंगे। दमोह जिला के सभी पटवारी एकजुट हो मजबूती से पटवारी वर्ग के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ शासन से आरपार की लड़ाई हेतु प्रांतीय आव्हान पर हरदम तैयार हैं।

ऐतिहासिक पल का गवाह बनेगा टीकमगढ़: आज पीएम मोदी करेंगे अमृत भारत स्टेशन का वर्चुअल लोकार्पण

समय जगत, टीकमगढ़। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत नवनिर्मित एवं आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित टीकमगढ़ रेलवे स्टेशन का शुक्रवार, 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण करेंगे। इस ऐतिहासिक अवसर पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी टीकमगढ़ पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री के वर्चुअल संबोधन और मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर रेलवे स्टेशन पर पूरे दिन तैयारियों का दौर जारी रहा। जिला प्रशासन, रेलवे विभाग और पुलिस प्रशासन ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे दिया है।

मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए रेलवे स्टेशन परिसर में सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। कार्यक्रम स्थल से लेकर स्टेशन परिसर तक हर व्यवस्था की बारीकी से समीक्षा की गई।

पूर्व विधायक हरिशंकर खटीक ने लिया तैयारियों का जायजा

पूर्व जतारा विधायक हरिशंकर खटीक ने रेलवे स्टेशन पहुंचकर कार्यक्रम स्थल, मंच एवं वीआईपी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने मंच पर कुर्सियों और टेबल की व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए, ताकि मुख्यमंत्री सहित अन्य अतिथियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने रेलवे एवं प्रशासनिक अधिकारियों से कहा कि कार्यक्रम की गरिमा के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूरी की जाएं और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए।

स्टेशन बना हाई सिक्योरिटी जोन, बम निरोधक दस्ते की सघन जांच

वीआईपी कार्यक्रम को देखते हुए टीकमगढ़ रेलवे स्टेशन को हाई सिक्योरिटी जोन में तब्दील कर दिया गया है। सुरक्षा एजेंसियां लगातार स्टेशन परिसर की निगरानी कर रही हैं। बम निरोधक दस्ता ने पूरे स्टेशन परिसर, कार्यक्रम स्थल, मंच, रेलवे ट्रैक और आसपास के क्षेत्रों में सघन सर्च ऑपरेशन चलाया। हेमंत त्रिपाठी के नेतृत्व में सुरक्षा दल ने हर संवेदनशील स्थान की बारीकी से जांच कर सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया।

अंतरविद्यालयीन फुटसल प्रतियोगिता में गूंजा नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 का संदेश

जबलपुर। मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 विशेष जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 16 जुलाई 2026 को थाना जीआरपी जबलपुर द्वारा सेंट ज़ेवियर्स हाई स्कूल, गुप्तेश्वर, जबलपुर में आयोजित रियान, गोल्डन, जुबिली इंटर-स्कूल फुटसल चैंपियनशिप 2026 के अवसर पर व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्टेम फील्ड इंटरनेशनल स्कूल, सेंट थॉमस हायर सेकेंडरी स्कूल, रयान इंटरनेशनल स्कूल सहित विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं खेल प्रशिक्षकों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर थाना जीआरपी जबलपुर की टीम द्वारा उपस्थित सभी विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवार एवं भविष्य पर अत्यंत घातक प्रभाव डालता है तथा समाज में अपराध एवं दुर्घटनाओं को भी बढ़ावा देता है। बच्चों से आह्वान किया गया कि वे स्वयं नशे से दूर रहें तथा अपने परिवार, मित्रों एवं समाज को भी नशामुक्त भारत के निर्माण हेतु प्रेरित करें। कार्यक्रम के दौरान सभी विद्यार्थियों एवं उपस्थितजनों को ÷नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0÷ अभियान की शपथ दिलाई गई तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने का संकल्प कराया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक अभियान का समर्थन करते हुए नशे के विरुद्ध जनजागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में हेड मिनिस्टर सौरभ चक्रवर्ती एवं स्टाप थाना प्रभारी जीआरपी संजीवनी राजपूत,प्र आर रविकांत रजक,आर परशुराम आर उमेश म आर रंकू मौजूद रहे।

संक्षिप्त समाचार

प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स हरदा के जिलाध्यक्ष नारायण नामदेव तथा सचिव गोपाल शुक्ला को किया गया मनोनीत

समय जगत,हरदा । प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट का हरदा जिले में विस्तार करते हुए जिलाध्यक्ष पद पर नारायण नामदेव तथा सचिव पद पर गोपाल शुक्ला को मनोनीत किया गया है। राष्ट्रीय संगठन सचिव मुईन अख्तर खान ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट डॉ.सैयद खालिद कैस ने जारी आदेश में युवा पत्रकार नारायण नामदेव को आगामी आदेश तक हरदा जिलाध्यक्ष का दायित्व सौंपा है,वहीं गोपाल शुक्ला को संगठन का सचिव मनोनीत किया गया है। संगठन ने आशा व्यक्त की है कि श्री नामदेव एवं शुक्ला पत्रकार सुरक्षा एवं कल्याण के लिए चलाए जा रहे अभियानों में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।नवनियुक्त जिलाध्यक्ष नारायण नामदेव तथा सचिव गोपाल शुक्ला को विभिन्न सामाजिक एवं पत्रकार संगठनों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उनके इस मनोनयन पर समस्त पत्रकार साथियों ने खुशी जताते हुए आभार व्यक्त किया ।

आचार्य श्री समय सागर जी की मंगल अगवानी को तैयार मंडीदीप, आज पहली बार होगा नगर प्रवेश



समय जगत, मंडीदीप । विद्याकुल शिरोमणि, परम पूज्य आचार्य श्री 108 समय सागर जी महामुनिराज ससंघ के प्रथम मंगल आगमन को लेकर मंडीदीप में श्रद्धा और भक्ति का वातावरण है। नगर में पहली बार आचार्य श्री के आगमन को लेकर न केवल जैन धर्मावलंबियों में बल्कि समूचे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। मुनि सेवा समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार जैन ने बताया कि शुक्रवार को आचार्य श्री ससंघ की आहारचर्या औबेदुल्लागंज में संपन्न होगी। इसके उपरांत संघ मंगल विहार करते हुए शाम लगभग 5 बजे मंडीदीप नगर में प्रवेश करेगा। अनंत चौराहे से क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र पटवा समेत श्रद्धालु बड़ी संख्या में भक्ति एवं जयघोष के साथ आचार्य श्री की भव्य अगवानी करेंगे। आचार्य श्री ससंघ का रात्रि विश्राम पटेल नगर स्थित दिगम्बर जैन मंदिर में रहेगा। वहीं शनिवार, 18 जुलाई को प्रात: 5.30 बजे संघ भोपाल की ओर विहार करेगा। मार्ग में 11 मील पर आहारचर्या संपन्न होगी, जिसके बाद संघ का मंगल विहार नारायण नगर की ओर होगा। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष आचार्य श्री समय सागर जी महाराज का चातुर्मास राजधानी भोपाल में आयोजित होना है। इसे लेकर भोपाल सहित मार्ग के विभिन्न नगरों में श्रद्धालुओं के बीच विशेष उत्साह है। 19 जुलाई को भोपाल में आचार्य श्री के भव्य मंगल प्रवेश एवं अगवानी की तैयारियां भी अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं।

पांदुरना में दर्दनाक सड़क हादसा : तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा, युवक की मौत, 3 वर्षीय मासूम गंभीर घायल

समय जगत, पांदुरना । नगर के बीचों-बीच नागपुर मार्ग पर गुरुवार शाम करीब 4.10 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके साथ मौजूद 3 वर्षीय मासूम गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, महावीर वार्ड निवासी विजय कपले (40), जो पॉप क्लप में कर्मचारी थे, होटल के मैनेजर उमा के 3 वर्षीय बेटे शिवांश को स्कूल से लेकर घर (होटल) जा रहे थे। इसी दौरान नागपुर मार्ग पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी और उन्हें रौंदते हुए मौके से फरार हो गया। हादसा इतना भीषण था, कि विजय कपले की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, मासूम शिवांश गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन सहित फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। इस हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। स्थानीय लोगों ने नगर में तेज रफ्तार भारी वाहनों की आवाजाही पर नियंत्रण और सड़क सुरक्षा के लिए सख्त कार्रवाई की मांग की है।

नगरा थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास का आरोपी एक माह बाद गिरफ्तार

समय जगत, मुरैना। जिले में गंभीर अपराधों में वांछित अपराधियों और फरार बदमाशों की धरपकड़ के लिए पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत, थाना नगरा पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र पाल सिंह डावर के निर्देशन और एसडीओपी अंबाह व सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में, नगरा पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में पिछले एक माह से फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। जानकारी के अनुसार बुधवार को थाना नगरा पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई। इस सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए, अपराध क्रमांक 84/2026 (धारा 115(2), 118(1), 109(1), 351(2), 296(ए), 3(5) बीएनएस) के तहत वांछित आरोपी लालू पुत्र बाघ सिंह कुशवाह (निवासी ग्राम चापक) को ग्राम गढ़ की पुलिया के पास से घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त आलाजर यानी लोहे की लाठी भी बरामद कर ली है। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद उसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रकरण में शामिल एक अन्य आरोपी को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि शेष फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास निरंतर जारी हैं।

प्रजापति सभा मुरैना की बैठक आज

मुरैना। प्रजापति सभा मुरैना की एक आवश्यक बैठक 17 जुलाई शुक्रवार को अपराह्न 4:00 बजे से प्रजापति समाज की गोपालपुरा स्थित धर्मशाला में आयोजित की गई है। इस आशय की जानकारी देते हुए सभा के अध्यक्ष रामऔतार सिंह प्रजापति ने बताया कि बैठक में महाराज दक्ष प्रजापति की जयंती के उपलक्ष में प्रस्तावित विशाल रैली को लेकर चर्चा की जाएगी। आगामी 27 सितंबर 2026 को मनाए जाने वाले कार्यक्रम को किस तरह से भव्य एवं आकर्षक बनाया जाए, इसको लेकर समाज के लोग अपने अपने सुझाव देंगे। श्री प्रजापति ने समाज बंधुओ से इस बैठक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने की अपील की है।

उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-1 धार में विश्व युवा कौशल दिवस उत्साह से मनाया

धार। उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-1 धार में 15 जुलाई को विश्व युवा कौशल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य श्रीमती अमिता बाजपेई के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुरक्षा प्रशिक्षक राजेश खड़ीकर द्वारा की गई। कंप्यूटर शिक्षिका प्रिया बारोड ने विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा के महत्व और इसके भविष्य में मिलने वाले लाभों के बारे में जानकारी दी। छात्रा योगेश्वरी परमार ने संबोधित करते हुए बताया कि इस वर्ष विश्व युवा कौशल दिवस ÷साझा भविष्य के लिए कौशल÷ विषय के साथ मनाया जा रहा है। उन्होंने कौशल आधारित शिक्षा को आज की आवश्यकता बताते हुए कहा कि बदलते समय में केवल सैद्धांतिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि व्यवहारिक कौशल, नवाचार और डिजिटल दक्षता भी जरूरी है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा पोस्टर मेकिंग, कविता पाठ, वक्तव्य एवं मॉडल प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया। हिमेश परमार, यतींद्र ठाकुर, हर्षिता राठौर, अल्फिया खान, तानिया चौहान, चेतना, प्रणिता सहित अन्य विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता की। प्राचार्य श्रीमती अमिता बाजपेई ने अपने संबोधन में कहा कि कौशल शिक्षा विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी बनाती है और उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रेरित करती है। उन्होंने बैगलेस दिवस और व्यावसायिक शिक्षा को शिक्षा प्रणाली का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। इस अवसर पर ऑनरेरी सूबेदार सेवानिवृत्त राजेश खड़ीकर ने विद्यार्थियों को सुरक्षा क्षेत्र में करियर से संबंधित प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन भी उनके द्वारा किया गया।

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सारसुद में 200 पौधों का रोपण, बच्चों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

समय जगत खिरकिया। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद हरदा के तत्वावधान में ब्लॉक खिरकिया द्वारा एक पेड़ मां के नाम स्वैच्छिकता पर्व के अंतर्गत गुरुवार को ग्राम पंचायत सारसुद में शासकीय विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरुकता बढ़ाना तथा अधिक से अधिक पौधारोपण के लिए लोगों को प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में जिला समन्वयक संदीप गौहर, ब्लॉक समन्वयक विनीत शाह एवं परामर्शदाता ऋषि विश्नोई ने विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को वृक्षों के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मां के सम्मान में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर माचक समाज सेवा समिति कालकुंड के अध्यक्ष हरिओम गुर्जर ने बच्चों एवं ग्रामीणों को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। नवांकुर संस्थाओं एवं ग्रामीणों के सहयोग से करीब 200 पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में सुसंगती संस्थान खिरकिया सेक्टर चरवा-03 के अध्यक्ष महेंद्र राजपूत, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सारसुद के सचिव अवधनारायण सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं, ग्रामीणजन एवं नवांकुर संस्था के सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प भी लिया।

संस्कार एकेडमी में छात्र संघ चयन प्रक्रिया संपन्न, नए छात्र पदाधिकारियों का हुआ चयन

समय जगत, पचोर। नगर के प्रतिष्ठित आवासीय सीबीएसई विद्यालय संस्कार एकेडमी में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए छात्र संघ (स्कूल कैबिनेट) की चयन प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस चयन प्रक्रिया का उद्देश्य विद्यालय में नेतृत्व क्षमता, अभिव्यक्ति कौशल, निर्णय क्षमता तथा उत्तरदायित्व की भावना से युक्त विद्यार्थियों का चयन करना था।

चयन प्रक्रिया के प्रथम चरण में गत शैक्षणिक सत्र में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से आवेदन-पत्र आमंत्रित किए गए। इसके पश्चात पात्र विद्यार्थियों की लिखित परीक्षा आयोजित की गई तथा मंच पर भाषण (स्पीच) के माध्यम से उनके वक्तव्य कौशल का मूल्यांकन किया गया। अगले चरण में विद्यालय के रवीन्द्रनाथ टैगोर ऑडिटोरियम हाल में विद्यार्थियों को डिजिटल स्क्रीन पर प्रदर्शित चित्रों का अवलोकन कर उनके भावों की लिखित एवं मौखिक अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया। अंतिम चरण में चयन समिति द्वारा विद्यार्थियों का व्यक्तिगत साक्षात्कार लेकर उनके नेतृत्व, आत्मविश्वास, निर्णय क्षमता एवं व्यक्तित्व का आकलन किया गया। चयन समिति में विद्यालय के अध्यक्ष दीपक गोयल, डायरेक्टर दिनेश गोयल, सीमा गोयल, विवेक शर्मा तथा प्राचार्य प्रीति तिवारी शामिल रहे। विभिन्न चरणों में प्राप्त अंकों के आधार पर निम्नलिखित विद्यार्थियों का चयन किया गया– स्कूल कैप्टन अतुल लोधी (कक्षा 12) स्कूल वाइस कैप्टन फायजा अंसारी (कक्षा 12) स्कूल स्पोर्ट्स कैप्टन सुहाना गुर्जर (कक्षा 11) स्कूल कल्चरल कैप्टन दिव्यांश भिलाला (कक्षा 11) स्कूल एन एस एस कैप्टन वैदेही सोनी (कक्षा 11) स्कूल हेड बॉय प्रत्यक्ष तोमर (कक्षा 11) स्कूल हेड गर्ल वरदा यादव (कक्षा 9) बोर्डिंग कैप्टन - हरिओम दांगी (कक्षा 11) चयनित छात्र पदाधिकारियों का विद्यालय प्रबंधन द्वारा पुष्पमालाएं पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर इरशाद अहमद ने सभी चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शीघ्र ही छात्र संघ का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को विधिवत शपथ दिलाई जाएगी। इस प्रक्रिया में स्कूल कोऑर्डिनेटर कवलप्रीत, शिक्षक उमेश नागर एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

नशा मुक्ति अभियान में रोटरी क्लब मुरैना ने ली शपथ, 100 से अधिक सदस्यों ने लिया संकल्प

मुरैना। मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे 15 दिवसीय विशेष जनजागरूकता अभियान 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' के तहत गुरुवार को रोटरी क्लब मुरैना में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र पाल सिंह डावर ने क्लब के 100 से अधिक सदस्यों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान सभी सदस्यों ने अपने जीवन में किसी भी प्रकार का नशा न करने, परिवार एवं समाज को नशे से दूर रखने तथा युवाओं को जागरूक करने का संकल्प लिया। साथ ही नशा मुक्त मध्यप्रदेश के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की भी प्रतिज्ञा की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र पाल सिंह डावर ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र की प्रगति को भी प्रभावित करता है। उन्होंने लोगों से स्वयं नशे से दूर रहने और अपने आसपास के लोगों को भी इस सामाजिक अभियान से जोड़ने की अपील की। उन्होंने रोटरी क्लब के सदस्यों से इस अभियान के 'ब्रांड एम्बेसडर' बनकर अधिक से अधिक लोगों तक नशा मुक्ति का संदेश पहुंचाने का आग्रह किया। कार्यक्रम के अंत में रोटरी क्लब के पदाधिकारियों ने मुरैना पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान की सराहना करते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में क्लब के पदाधिकारी एवं 100 से अधिक सदस्य उपस्थित रहे।

जिला चिकित्सालय के नवीन भवन में स्वास्थ्य सुविधाएं प्रारंभ

इंदौर। इंदौर में नवलोकार्पित 300 बिस्तरीय जिला अस्पताल के नवीन भवन में आज सेवाएं प्रारंभ की गई। जिला अस्पताल में चरणबद्ध रूप में सेवाएं प्रदान की जायेगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि आज जिला अस्पताल के मेटरनिटी विंग की ओ.टी. का कल्चर जाँच हेतु भेजा गया। आज ओपीडी में 462 मरीजों का पंजीयन किया गया, 13 रक्तदान की गई और 04 बच्चों का टीकाकरण किया गया। उल्लेखनीय है कि गत दिवस मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जिला अस्पताल का लोकार्पण किया। ऑपरेशन थिएटर की कल्चर रिपोर्ट आते ही स्त्री एवं प्रसूति रोग से संबंधित ऑपरेशन अन्य रोगों से संबंधित ऑपरेशन प्रारंभ किए जाएंगे। भवन का स्त्रीरोग विंग पूर्णत: क्रियाशील होने पर स्त्री एवं प्रसूतिरोग के साथ शिशुरोग वार्ड में लगभग 75 से अधिक शैयाएं क्रियाशील होंगी। बताया गया कि हड्डी रोग, जनरल सर्जरी से संबंधित चिकित्सक एवं कर्मचारियों का अपने-अपने वार्डों में कार्यरत हैं।

तिरंगा संगीतमय यात्रा के माध्यम से हरदा में गूंजा राष्ट्रप्रेम का संदेश

समय जगत,हरदा। तिरंगा संगीतमय यात्रा के माध्यम से हरदा में गूंजा राष्ट्रप्रेम का संदेश मिशन हैप्पी हरदा के तत्वावधान में मुंबई से पधारे सुप्रसिद्ध फिल्म निर्देशक,लेखक,गीतकार एवं गायक अशोक बाफना के सम्मान में आयोजित तिरंगा संगीतमय यात्रा का भव्य आयोजन उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। देशभर में अपनी इस विशेष यात्रा के माध्यम से बाफना राष्ट्रप्रेम,तिरंगे के सम्मान तथा विकसित भारत के निर्माण का संदेश जन-जन तक पहुंचा रहे हैं। उनका उद्देश्य संगीत की शक्ति के माध्यम से प्रत्येक भारतीय के मन में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करना तथा युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करना है। अशोक बाफना अब तक तिरंगे एवं देशभक्ति पर 617 से अधिक गीतों की रचना और गायन कर चुके हैं। उनका लक्ष्य 1100 तिरंगा गीत तैयार कर एक अनूठा कीर्तिमान स्थापित करना है। उनका मानना है कि संगीत ऐसा सशक्त माध्यम है जो सीधे लोगों के हृदय तक पहुंचकर राष्ट्रीय एकता,सामाजिक समरसता और देशभक्ति की भावना को मजबूत करता है। मिशन हैप्पी हरदा द्वारा उनके हरदा प्रवास के दौरान आयोजित सभी कार्यक्रमों का सफल समन्वय एवं व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शासकीय आदर्श महाविद्यालय हरदा परिसर में वृक्षारोपण से हुआ। इस अवसर पर समाजसेवी राजीव बाहेती, ओमनारायण शुक्ला,रामशंकर मुकाती,मनोज बागरे,पूर्व प्राचार्य प्रो.विजय अग्रवाल,प्राचार्य डॉ. महेन्द्र सिरोही सहित अनेक शिक्षाविद्,समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाया जाएगा और प्रत्येक नागरिक प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएगा।सायंकाल आयोजित भव्य काव्य गोष्ठी कार्यक्रम का संयोजन वरिष्ठ साहित्यकार ज्ञानेश चौबे के मार्गदर्शन में किया गया तथा संचालन कपिल दुबे ने किया। कार्यक्रम में जिले के अनेक साहित्यकारों और कवियों ने राष्ट्रप्रेम,भारतीय संस्कृति,तिरंगे के गौरव और सामाजिक मूल्यों पर आधारित अपनी स्वरचित कविताओं एवं गीतों की प्रभावशाली प्रस्तुतियाँ दीं। डॉ. शिरीष अग्रवाल,त्रिलोक शर्मा सहित अनेक रचनाकारों की ओजपूर्ण रचनाओं ने उपस्थित श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर डॉ. एल.एन.पारासर एवं देवेंद्र दुआ ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि साहित्य और संगीत समाज में सकारात्मक परिवर्तन के सबसे प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने युवाओं में नैतिक मूल्यों, अनुशासन,राष्ट्रीय एकता तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने पर विशेष बल दिया।अपने संबोधन में अशोक बाफना ने हरदा के साहित्यकारों एवं कवियों की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए कहा कि यहां की रचनाओं में राष्ट्रभक्ति की सशक्त अभिव्यक्ति दिखाई देती है। उन्होंने घोषणा की कि चयनित देशभक्ति गीतों को वे स्वयं अपने स्वर में रिकॉर्ड कर अपने यूट्यूब चैनल एवं विभिन्न राष्ट्रीय मंचों पर प्रस्तुत करेंगे,जिससे हरदा के रचनाकारों की प्रतिभा देशभर तक पहुँच सके और राष्ट्रप्रेम का संदेश व्यापक रूप से प्रसारित हो।हरदा प्रवास के दौरान मॉडल पब्लिक स्कूल तथा सरस्वती शिशु मंदिर, हरदा में विद्यार्थियों के लिए प्रेरक संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में श्री बाफना ने विद्यार्थियों को राष्ट्रप्रेम, अनुशासन,नैतिक मूल्यों, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं राष्ट्रनिर्माण में युवाओं की भूमिका पर प्रेरक विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि सच्ची देशभक्ति केवल सीमा पर देश की रक्षा करने तक सीमित नहीं है,बल्कि अपने दैनिक जीवन में ईमानदारी, अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि भोजन जूठा न छोड़ना,जल एवं ऊर्जा की बचत करना,स्वच्छता बनाए रखना, पर्यावरण की रक्षा करना,समय का सदुपयोग करना तथा सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा करना भी राष्ट्रसेवा के महत्वपूर्ण कार्य हैं।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने,पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने, अनुशासन का पालन करने तथा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने की शपथ दिलाई गई।